नई दिल्ली
शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024
वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 28, अंक : 15
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 39
न्यून. 25

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

### गुकेश का स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत
## भारी संख्या में एयरपोर्ट पर जुटे प्रशंसक



**चेन्नई।** कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाले युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश का स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत हुआ। गुकेश टोरंटो में हुए इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। गुकेश गुरुवार देर रात चेन्नई पहुंचे जहां एयरपोर्ट पर भारी संख्या में मौजूद प्रशंसकों शेष पेज 5 पर


### रुठने-मनाने जैसा कुछ भी नहीं है, हरियाणा में हम सभी 10 लोकसभा सीटें पूरी मजबूती के साथ जीत रहे: नायब सैनी
# मुख्यमंत्री सैनी पहुंचे कुलदीप बिश्नोई के घर, नाश्ते की टेबल पर बैठ नाराजगी दूर की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बृहस्पतिवार को पार्टी नेता कुलदीप बिश्नोई को मनाने की कवायद की। मुख्यमंत्री नई दिल्ली स्थित कुलदीप के आवास पर पहुंचे और नाश्ता किया। कुलदीप बिश्नोई, भव्य बिश्नोई, रेणुका बिश्नोई और रणधीर पनिहार ने सैनी की अगुवानी की। पिछले कई दिनों से चर्चा थी कि बिश्नोई हिसार लोकसभा सीट से रणजीत चौटाला को भाजपा उम्मीदवार बनाए जाने से नाराज हैं। नाश्ते की टेबल पर जब दोनों नेता बैठे तो कई मुद्दों पर बात हुई पर सबसे अहम था कुलदीप को चौटाला के प्रचार हेतु राजी करना।

हिसार से टिकट नहीं मिलने के बाद से नाखुश थे कुलदीप


रणजीत चौटाला के चुनाव प्रचार से बिश्नोई परिवार ने बनाई हुई थी दूरी



### जल्दी ही हिसार लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करने जाऊंगा

बाद में सीएम के साथ मीडिया से बात करते हुए कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि हिसार के साथ-साथ बाकी लोकसभा क्षेत्रों में भी प्रचार करूंगा। आज सीएम मेरे घर नाश्ते पर आए थे। मेरी कोई नाराजगी नहीं है। मैं भाजपा का कार्यकर्ता हूं। जल्दी ही हिसार लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करने जाऊंगा। हिसार के साथ-साथ अलग-अलग लोकसभा क्षेत्रों में भी प्रचार करने जाने की मेरी योजना है। हम सभी 10 लोकसभा सीटें जितवाकर पीएम नरेंद्र मोदी की झोली में डालेंगे। उन्होंने कहा कि शेष पेज 5 पर

इस दौरान विधायक भव्य बिश्नोई भी मौजूद रहे। दरअसल कुलदीप बिश्नोई हिसार लोकसभा सीट से टिकट चाह रहे थे। वे पूरी तरह मानकर चल रहे थे कि भाजपा उन्हें ही उम्मीदवार बनायेगी पर उनकी उम्मीदों पर उस वक्त पानी फिर गया जब पार्टी ने ऐन वक्त पर रणजीत चौटाला को टिकट दे दिया। इसके बाद से ही कुलदीप ने पार्टी के प्रचार से दूरी बना ली। उधर भाजपा हाईकमान को लगा कि कुलदीप की नाराजगी चुनाव में भारी पड़ सकती है। सूत्रों के अनुसार सीएम सैनी को कुलदीप को मनाने की जिम्मेदारी पार्टी नेतृत्व की तरफ से सौंपी गई जिसके बाद नाश्ते का कार्यक्रम बना। सीएम से मुलाकात के बाद कुलदीप बिश्नोई के तेवर भी ढीले दिखाई पड़े।







### मुरैना में गरजे मोदी

पीएम ने कहा कि भाजपा के लिए देश से बड़ा और कुछ भी नहीं है, जबकि कांग्रेस के लिए अपना परिवार ही सब कुछ



# कांग्रेस ने तो जवानों के हाथ बांध रखे थे, हमने सेना को पूरी छूट दी

मुरैना में पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार बनते ही 'वन रैंक वन पेंशन' को लागू किया गया। हमने सीमा पर खड़े जवानों की सुविधा की भी चिंता की।

हमने कहा कि अगर एक गोली आती है तो 10 गोली चलनी चाहिए

अगर वे एक गोला फेंकते हैं तो 10 तोपें चल जानी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना

लोकसभा चुनाव में दूसरे चरण के मतदान से पहले गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुरैना में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा के लिए देश से बड़ा और कुछ भी शेष पेज 5 पर

ये लोग फिर से धार्मिक तुष्टिकरण को मोहरा बना रहे हैं

आज एक बार फिर कांग्रेस कुर्सी के लिए छटपटा रही है। अब कुर्सी पाने कि लिए अलग-अलग खेल खेल रही है



### कांग्रेस ने मां भारती की भुजाएं ही काट दी

पीएम मोदी ने कहा कि सब जानते हैं कि आजादी के समय कांग्रेस ने धर्म के नाम पर देश का विभाजन स्वीकार किया था। मां भारती के हाथों की जंजीरें काटने के बजाए कांग्रेस ने मां भारती की भुजाएं ही काट दी और देश के टुकड़े कर दिए थे। लेकिन, कांग्रेस सुधरने को तैयार नहीं है। कांग्रेस को लगता है, यही उसके फायदे के लिए सरल रास्ता है। आज एक बार फिर कांग्रेस कुर्सी के लिए छटपटा रही है। अब कुर्सी पाने कि लिए अलग-अलग खेल खेल रही है। ये लोग फिर से धार्मिक तुष्टीकरण को मोहरा बना रहे हैं।



### मुसलमानों को ओबीसी बना दिया

पीएम ने कहा कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने रातों-रात एक कागज पर हस्ताक्षर करके मुसलमानों को ओबीसी घोषित कर दिया। पढ़ाई और सरकारी नौकरी में पहले ओबीसी लोगों को आरक्षण मिलता था। कांग्रेस ने उस ओबीसी समाज में इतने सारे नए लोग डाल दिए कि आरक्षण उनसे छीन लिया। मुसलमानों को गैर-कानूनी तरीके से ओबीसी बना दिया था।

### कांग्रेस विकास विरोधी बड़ी समस्या

पीएम ने कहा कि मध्य प्रदेश के लोग जानते हैं कि जिस समस्या से एक बार पीछा छूट जाए तो फिर उससे दूर ही रहना चाहिए। कांग्रेस पार्टी ऐसी ही विकास विरोधी एक बहुत बड़ी समस्या है। चंबल के लोग कांग्रेस का वो दौर कैसे भूल सकते हैं। कांग्रेस ने चंबल की पहचान खराब कानून-व्यवस्था और ऐसे क्षेत्र के तौर पर बना दी थी।

### पीएम मोदी को चुनाव आयोग की क्लीन चिट
# पीएम ने देवी-देवताओं के नाम पर नहीं मांगे हैं वोट

वे सिर्फ सरकार की उपलब्धियां बता रहे थे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनाव आयोग से क्लीन चिट मिल गई है। पीएम मोदी पर आरोप लगा था कि उन्होंने देवी देवताओं के नाम पर वोट मांगने का काम किया, पीलीभीत में रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर और करतारपुर कॉरिडोर का जिक्र किया था।

इस बात को लेकर सुप्रीम कोर्ट के वकील ने चुनाव आयोग का रुख किया और पीएम मोदी के खिलाफ एक्शन की मांग की। लेकिन खबर अब ये है कि चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री मोदी को क्लीन चिट दे दी है। चुनाव आयोग का मानना है कि पीएम मोदी द्वारा आचार संहिता को उल्लंघन नहीं किया गया, वे सिर्फ अपनी सरकार की उपलब्धियां बता रहे थे और उसे धर्म के नाम पर वोट मांगना नहीं कहा जा सकता। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के वकील आनंद एस ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी कि 9 अप्रैल को पीएम मोदी द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन किया गया। पीलीभीत की रैली में उन्होंने हिंदू देवी देवताओं और पूजा स्थलों के नाम पर जनता से वोट मांगने की कोशिश की।

इस शिकायत को लेकर चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया गया था, लेकिन अब वहां से पीएम मोदी को सबसे बड़ी राहत मिल गई है। वैसे इस समय देश में लोकसभा चुनाव का माहौल पूरी तरह सक्रिय हो चुका है। पहले चरण की वोटिंग भी हो चुकी है और अब दूसरे चरण का मतदान होने जा रहा है। एक तरफ अगर पीएम मोदी ने एनडीए के लिए 400 प्लस का नारा दे दिया तो वही इंडिया गठबंधन भी इस बार विपक्षी एकजुटता के नाम पर मोदी को हराने की बात कर रहा है।

## खबर संक्षेप

### धमाके से छत उड़ी, 3-4 श्रमिकों के दबने की आशंका



**जबलपुर।** जबलपुर अधारताल थाना क्षेत्र अंतर्गत खजरी खिरिया बायपास में हुए धमाके में लगभग 3-4 लोगों के मौत की आशंका है। लगभग 5 किलोमीटर इस धमाके की आवाज सुनी गई तथा इसके झटके महसूस किए गए। खजरी खिरिया बायपास के पास मोहम्मद शमीम कबाड़ी का रजा मेटल के नाम से फैक्ट्री संचालित हो रही थी, इस फैक्ट्री में ही व्हीकल स्क्रैपिंग यार्ड बना हुआ है। उसकी आड़ में आयुध निर्माणियों का स्क्रेप भी रखा हुआ था।


### तमन्ना भाटिया को महाराष्ट्र साइबर सेल ने किया तलब



**मुंबई।** एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया को 2023 में हुए आईपीएल की अवैध स्ट्रीमिंग से जुड़े मामले में समन किया गया है। तमन्ना को महाराष्ट्र साइबर सेल ने पूछताछ के लिए 29 अप्रैल को पेश होने का आदेश दिया है। आईपीएल 2023 की फेयरप्ले ऐप पर अवैध स्ट्रीमिंग हुई थी, जिससे करोड़ों का नुकसान हुआ। तमन्ना ने कथित तौर पर इस ऐप को प्रमोट किया था। एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया इस वक्त आईपीएल 2023 के कारण सुर्खियों में आ गई हैं।

### रेस्क्यू कर 45 लोगों की जान बचाई गई
## पटना स्टेशन के नजदीक होटल में फटा सिलेंडर, आग से 6 की मौत

बिल्डिंग में फंसे कुछ लोगों को जब निकाला गया था तो वो उस वक्त बेहोश हो गए थे



एजेंसी ▶▶ पटना

पटना में गुरुवार को हुए भीषण अग्निकांड में छह लोगों की मौत हो गई वहीं 7 लोग अभी भी गंभीर रूप से जख्मी हैं जिनका इलाज पटना के अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा है। मृतकों में तीन महिला और तीन पुरूष शामिल हैं।

पटना स्टेशन के करीब पाल होटल सह रेस्टोरेंट में लगी आग की वजह सिलेंडर फटना बताया जा रही है। पुलिस के मुताबिक दो लोगों की मौत घटनास्थल पर हुई वहीं चार लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। होटल में लगी आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की टीम को खासी मशक्कत करनी पड़ी। आग काफी भयावह इसलिए भी थी क्योंकि तेज हवा चल रही थी। आसपास के इलाके में आग न फैले इसके लिए ऐहतियात के तौर पर बिजली काट दी गई थी। होटल में लगी आग के बाद 45 लोगों को रेस्क्यू कर शेष पेज 5 पर

### सीजेआई चंद्रचूड़ ने की घोषणा
## वकीलों को अब वॉटसएप पर मिलेगी मुकदमों की जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को घोषणा की कि सुप्रीम कोर्ट वॉटसएप संदेशों के माध्यम से अधिवक्ताओं को वाद सूची और मामलों को दाखिल करने और सूचीबद्ध करने से संबंधित जानकारी साझा करना शुरू करेगा।

प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की पीठ ने याचिकाओं से उत्पन्न एक जटिल कानूनी सवाल पर सुनवाई शुरू करने से पहले न्यायमूर्ति चंड्रचूड़ ने यह घोषणा की। सीजेआई ने कहा कि अब अधिवक्ताओं को मुकदमा दाखिल करने के बारे में ऑटोमेटेड संदेश प्राप्त होंगे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने यह भी कहा कि वाद सूची के प्रकाशित होने के बाद बार सदस्यों को उनके मोबाइल फोन पर सूची प्राप्त होगी। वाद सूची का मतलब एक तय तिथि पर अदालत द्वारा मुकदमे पर होनी वाली सुनवाई। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह एक क्रांतिकारी कदम है। प्रधान न्यायाधीश ने शीर्ष अदालत का आधिकारिक वॉटसएप शेष पेज 5 पर





### दूसरे चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर वोटिंग आज

390 उम्मीदवार करोड़पति, 250 पर आपराधिक प्रकरण

# लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राहुल गांधी सहित 1,198 उम्मीदवार मैदान में, इनमें से 100 महिलाएं, 1 थर्ड जेंडर

सर्वाधिक केरल में 20 सीटों पर मतदान, दूसरे नंबर पर कर्नाटक की 14 और राजस्थान की 13 सीटों पर होगी वोटिंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



2024 लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार (26 अप्रैल) को 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 88 सीटों पर मतदान होगा। पहले इस चरण में 89 सीटों पर मतदान होना था, लेकिन मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर बसपा प्रत्याशी के निधन के बाद इस सीट पर अब 7 मई को चुनाव होंगे। चुनाव आयोग के मुताबिक, दूसरे चरण में 1,198 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें 1,097 पुरुष और 100 महिला उम्मीदवार हैं। एक प्रत्याशी थर्ड जेंडर है। दूसरे चरण में केरल की 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, उत्तर प्रदेश की 8, महाराष्ट्र की 8, मध्य प्रदेश की 7, बिहार की 5, असम की 5, छत्तीसगढ़ की 3, पश्चिम बंगाल की 3, मणिपुर, त्रिपुरा और शेष पेज 5 पर

### इन सीटों पर रहेगी नजर

**वायनाड, केरल:** केरल की वायनाड सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला है। 2019 में राहुल गांधी यहां से पहली बार चुनाव लड़े और जीते। इस बार राहुल गांधी के खिलाफ सीपीआई (एम) ने महिला प्रत्याशी ऐनी राजा को उतारा है। वहीं भाजपा ने केरल के प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन को टिकट दिया है।

**तिरुवनंतपुरम, केरल:** तिरुवनंतपुरम सीट पर तीन बार से कांग्रेस सांसद शशि थरूर के सामने भाजपा ने केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर को टिकट दिया है। राजीव 2006 से राज्यसभा के सदस्य हैं। 2018 में उन्हें तीसरी बार राज्यसभा के लिए चुना गया और 2021 में केंद्रीय मंत्री बनाया गया।

**कोटा, राजस्थान:** कोटा से भाजपा के उम्मीदवार 17वीं लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिड़ला हैं। वे पिछले दो बार से जीत रहे हैं। इससे पहले कोटा दक्षिण से तीन बार विधायक शेष पेज 5 पर

# संसद की सुरक्षा में चूक: कोर्ट ने जांच पूरी करने के लिए पुलिस को अतिरिक्त समय दिया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने दिल्ली पुलिस को संसद की सुरक्षा में चूक के मामले की जांच पूरी करने के लिए बृहस्पतिवार को अतिरिक्त वक्त दे दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर ने पुलिस को अपनी जांच पूरी करने के लिए एक और महीने का समय दिया और 25 मई तक आरोप पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया।

न्यायाधीश ने दिल्ली पुलिस द्वारा दायर एक आवेदन पर आदेश पारित किया। आवेदन में दावा किया गया था कि कुछ गवाहों से पूछताछ की जानी बाकी है और कुछ रिपोर्ट आने का इंतजार है। यह भी दावा किया गया कि मामले में डिजिटल डेटा बड़ी मात्रा में है। पुलिस ने न्यायाधीश से जांच पूरी करने के लिए 45 दिन का वक्त मांगा था। संसद की सुरक्षा में 13 दिसंबर 2023 को बड़ी चूक हुई थी जब सागर शर्मा और मनोरंजन डी नामक



व्यक्ति शून्यकाल के दौरान दर्शक दीर्घा से लोकसभा में कूद गए थे और पीले रंग का धुआं फैला दिया था। उन्होंने नारेबाज़ी भी की थी लेकिन सांसदों ने उन्हें काबू कर लिया था। उसी वक्त, संसद भवन परिसर के बाहर अमोल शिंदे और नीलम आज़ाद ने रंगीन गैस फैलाई और 'तानाशाही नहीं चलेगी' के नारे लगाए। यह घटना संसद पर 2001 को हुए आतंकी हमले की बरसी के दिन हुई थी।

## रात की ड्यूटी के दौरान जवानों की सहायता के लिए 'डेल्टा-48' इकाई शुरू

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने रात की ड्यूटी के दौरान जवानों को सतर्क रखने और अधिकारियों के बीच समन्वय में सुधार के लिए चार कर्मियों वाली 'डेल्टा-48' इकाई शुरू की है। 'डेल्टा-48' एक तरह का संकेत है जिसका उपयोग अधिकारी रात में अभियान और ड्यूटी के दौरान एक-दूसरे से संवाद के लिए करते हैं। राष्ट्रीय राजधानी के प्रत्येक थाने और जिले में अलग-अलग संकेत हैं। पुलिस उपायुक्त (नई दिल्ली) देवेश कुमार महला ने डीसीपी नियुक्त होने के बाद इस पहल की शुरुआत की। इस इकाई में




चार कर्मी शामिल हैं- कांस्टेबल और हेड कांस्टेबल, जो नई दिल्ली जिले में बारी-बारी से विभिन्न पालियों में काम करते हैं। इस इकाई में काम करने वाले कर्मी न केवल रात की ड्यूटी के दौरान जवानों को सतर्क रखते हैं बल्कि रात आठ बजे से सुबह छह बजे तक गश्त करने वाले कर्मियों को चाय, नाश्ता और अंधेरे में चमकने वाली जैकेट सुनिश्चित करते हैं। नई दिल्ली जिले में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और सांसद रहते हैं तथा इस क्षेत्र में 10 थाने हैं। प्रत्येक थाने में तीन पुलिस निरीक्षकों सहित लगभग 100 पुलिस कर्मी हैं। संसद मार्ग और कर्तव्य पथ पर 17 अप्रैल को पुलिस जवानों ने लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में लगभग 28 मोटसाइकिल चालकों को पकड़ा था। 'डेल्टा-48' पहल की सराहना करते हुए पुलिस उपायुक्त महला ने बताया कि हम 30 मिनट के भीतर सभी मोटरसाइकिल सवारों को पकड़ने में कामयाब रहे क्योंकि हमारे कर्मचारी विभिन्न चौकियों और चौराहों पर सतर्क थे। मैं नई दिल्ली के गश्ती कर्मचारी और दो अधिकारियों को अच्छे संचार और समन्वय के लिए धन्यवाद देता हूं जो पूरी रात हमारे गश्ती कर्मचारियों को सचेत करते रहते हैं। डीसीपी के निर्देशों के अनुसार 'डेल्टा-48' अधिकारियों को रात में कम से कम दो बार गश्त करने वाले जवानों के पास जाना होगा और उनके दौरे की रिपोर्ट कार्यालय में जमा करनी होगी। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी 'रात्रि राजपत्रित अधिकारी' के रूप में अपने जिलों की चौकियों, थानों और जांच चौकियों का औचक निरीक्षण करेंगे।

## खबर संक्षेप

### ओखलाः दिल्ली जलबोर्ड के गोदाम में लगी आग, करोड़ों का नुकसान

**नई दिल्ली।** दक्षिणी पूर्वी जिले के ओखला सेलिंग क्लब रोड पर धोबी घाट स्थित दिल्ली जल बोर्ड के गोदाम में गुरुवार दोपहर भीषण आग लग गई। दमकल विभाग की दर्जनभर गाड़ियों ने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गोदाम में रखे करोड़ों कीमत के प्लास्टिक के पाइप और जेसीबी में आग लगने की बात सामने आई है। आग का धुआं कई किलोमीटर दूर से दिखाई दे रहा था। मिली जानकारी के अनुसार दमकल विभाग की करीब 10 गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग में करोड़ों रुपये का सामान खाक हो गया। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। इसकी पुलिस जांच कर रही है। गनीमत रही कि हादसे के समय गोदाम के अंदर काम करने वाले कर्मचारी तुरंत बाहर निकल गये थे। इससे कोई जन हानि नहीं हुई। जलबोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि हादसे में दिल्ली जल बोर्ड के पांच किलोमीटर लंबे पाइप जल गए। इसके अलावा एक जेसीबी मशीन भी जली है। प्रोजेक्ट इंचार्ज अभिषेक यादव ने बताया कि वह दिल्ली जल बोर्ड के ठेकेदार हैं। वह क्षेत्र में पानी की पाइपलाइन डालने का काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हादसे में करीब 1 करोड़ 9 लाख रुपए के पाइप जले हैं। आग की चपेट में आने से गोदाम के अंदर कई पेड़ भी जल गए।

### बचाव पक्ष के वकील पर हमला करने की चेष्टा, कार्रवाई के दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** अदालत ने सुनवाई के दौरान एक वकील द्वारा बचाव पक्ष के अधिवक्ता को 'अनावश्यक रूप से भड़काने' तथा उस पर हमला की कोशिश करने की घटना के बाद बार निकायों को उपयुक्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट रेणु महिलाओं को घरेलू हिंसा संरक्षण अधिनियम के तहत एक मामले की सुनवाई कर रही थीं जो शिकायत की पोषणीयता पर बहस के लिए सूचीबद्ध था। इस शिकायत में याचिकाकर्ता स्वाति त्यागी तथा प्रतिवादी हिम त्यागी हैं। मजिस्ट्रेट ने 22 अप्रैल को एक आदेश में कहा कि जब प्रतिवादी के वकील (वैभव निझवा) दलीलों के जवाब में अपनी बातें रख रहे थे तब याचिकाकर्ता के वकील (अनुज अग्रवाल) अदालत की चेतावनी के बावजूद हस्तक्षेप कर प्रतिवादी के वकील को अनावश्यक रूप से भड़का रहे थे। मजिस्ट्रेट ने कहा कि अग्रवाल ने निझवा पर 'प्रहार करने की कोशिश की' तथा सह वकीलों दिव्या त्रिपाठी एवं सिमरन बाटी को 'धक्का' भी दिया।

### आरोपी के कब्जे से मृतक के दो मोबाइल फोन बरामद

# इंडिया गेटः आइसक्रीम विक्रेता का हत्यारा आठ घंटे में नोएडा से दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

मध्य दिल्ली के उच्च सुरक्षा वाले इलाके में इंडिया गेट के पास आइसक्रीम बेचने वाले एक व्यक्ति की बीती रात चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। पुलिस को संदेह है कि यह वारदात प्रेम संबंध के चलते हुई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार की सुबह आरोपी को नोएडा से गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार, बुधवार रात करीब नौ बजे प्रभात (25) इंडिया गेट के 'सी-हेक्सागन' के पास अपने आइसक्रीम के ठेले के पास खड़ा था तभी अजय उर्फ अक्षय ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रभात को अचेत



अवस्था में जमीन पर पड़ा देख वहां से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी।

#### पुलिस ने किया था 12 टीमों का गठन

पुलिस उपायुक्त (नई दिल्ली) देवेश महला ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की लगभग 12 टीमों का गठन किया गया और कई सीसीटीवी कैमरों और तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया गया। उन्होंने बताया आरोपी अजय को आठ घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया और उसके कब्जे से प्रभात के दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि अपराध में इस्तेमाल किया गया चाकू अभी तक बरामद नहीं हुआ है।

#### दोनों के थे एक किशोरी के साथ संबंधः पुलिस

पुलिस ने बताया कि प्रभात और अजय दोनों के ही दक्षिण दिल्ली में रहने वाली एक किशोरी के साथ संबंध थे। अन्य पुलिस अधिकारी ने कहा कि अजय ने पूछताछ के दौरान प्रभात की हत्या करने की बात कबूल कर ली और खुलासा किया कि किशोरी ने उसे प्रभात से मिलवाया था क्योंकि वह उससे रिश्ता खत्म करना चाहती थी। उन्होंने बताया कि दावों की पुष्टि के लिए लड़की से भी पूछताछ की जाएगी।

#### आरोपी ने चाकू से किया कई बार वार

अधिकारी ने बताया कि अगर इस मामले में उसकी भूमिका साबित होती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।पुलिस ने बताया कि प्रभात मूलरूप से उत्तर प्रदेश के इटावा का रहने वाला था और यहां दक्षिण दिल्ली के संगम विहार में रह रहा था। वह दक्षिण दिल्ली और नई दिल्ली में आइसक्रीम का ठेला लगाता था। उत्तर प्रदेश के गोंडा का रहने वाला अजय नोएडा में एक टेंट हाउस में काम करता था। पुलिस अधिकारी ने कहा कि अजय ने बुधवार रात चाकू से प्रभात पर कई बार वार किया और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कहा कि अजय के बारे में पता लगाया गया और बाद में उसे नोएडा से पकड़ लिया गया।

## अपहरण व हत्या के केस में दो फाइनेंसर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

सेंट्रल रेंज, अपराध शाखा की टीम द्वारा दो फाइनेंसरों को गिरफ्तार किया है। लोधी कॉलोनी के एक अपहरण और हत्या केस में पुलिस को इनकी तलाश थी। जांच में पता चला कि मृतक और आरोपियों के बीच पैसों के लेनदेन का विवाद था। गिरफ्तार आरोपियों के नाम अहमद सलमान उर्फ राजा और धर्मेश मलिक है।

डीसीपी संजय भाटिया के अनुसार चंदन निवासी औरंगाबाद, बिहार के अपहरण और हत्या केस पांच दिन पहले सामने आया था। दोनों आरोपियों को पकड़ने के लिए एक टीम का गठन किया गया था। 24/25 अप्रैल की मध्यरात्रि इनपुट मिला कि साया गोल्ड सोसायटी इंदिरापुरम गाजियाबाद में आरोपी मौजूद है। इसके बाद जाल बिछाकर एक इमारत के अपार्टमेंट से दोनों को पकड़ा। पूछताछ के दौरान आरोपी धर्मेश मलिक ने खुलासा किया कि मृतक चंदन फर्जी बैंक खाते खोलने और उनका उपयोग ऑनलाइन धोखाधड़ी और सट्टेबाजी में करता था। चंदन ने अहमद सलमान उर्फ राजा के माध्यम से धर्मेश मलिक से आठ से नौ लाख रुपये ब्याज पर उठाये थे। मृतक पैसे वापस नहीं कर सका जिसके कारण धर्मेश और उसके साथी उस पर दबाव बना रहे थे। इसके बाद दोनों ने 20 अप्रैल को सुबह 11 बजे स्कॉर्पियो कार में सराय काले खां से चंदन का अपहरण कर लिया था। उसे एनडीएमसी बिल्डिंग लोधी कॉलोनी की आठवीं मंजिल पर ले जाया गया। उससे पैसों की डिमांड की गई। चंदन कुछ समय मांगने लगा तो उसकी पिटाई की गई। आखिर में जान से मारने की नीयत से उसे बिल्डिंग की 8वीं मंजिल से नीचे फेंक दिया था।

## 50 लाख की रंगदारी वसूलने की योजना बना रहा बदमाश धरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

हाशिम बाबा गिरोह के एक कुख्यात बदमाश को स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया है। इस पर डकैती, फायरिंग, जबरन वसूली के चार मामले दर्ज थे। इसके पास से चार कारतूसों के साथ एक पिस्टल बरामद हुई है।

हाशिम बाबा के निर्देश पर आजकल यह बदमाश मध्य दिल्ली के एक व्यापारी से 50 लाख की रंगदारी वसूलने की योजना बना रहा था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार बदमाश का नाम अरीब उर्फ आसिफ निवासी कर्दमपुरी (24) है। जिस समय इसे पकड़ा गया तब यह किसी से मिलने के लिए कर्दमपुरी पुलिया पर पहुंचा था। इसके पास से पटेल नगर, मध्य दिल्ली के एक



व्यवसायी का फोन नंबर, पता और फोटो सहित विवरण बरामद हुआ है। पूछताछ में इसने खुलासा किया कि उसके गिरोह के अन्य सदस्यों ने उसे वसूली का निर्देश दिया था। कारोबारी के ऑफिस के बाहर फायरिंग कर 50 लाख रुपये वसूलने की योजना थी। आरोपी को पहली बार 2020 में जाफराबाद के एक पेंट शॉप मालिक से गोलीबारी और जबरन वसूली के मामले में गिरफ्तार किया गया था। ज्योति नगर और वेलकम थानों में भी इसके खिलाफ केस दर्ज थे।

## नीरज बवानिया नवीन बाली सिंडीकेट का शूटर मुठभेड़ के बाद पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

नीरज बवाना/नवीन बाली सिंडिकेट से जुड़े शूटर राहुल डबास (30) को एक मुठभेड़ के बाद स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया है। बदमाश के पैर में गोली लगी है। इसके खिलाफ प्रेम नगर थाने में दिनदहाड़े हत्या का आरोप था। आरोपी 2019 से फरार चल रहा था।

डीसीपी प्रतीक्षा गोदारा के अनुसार मुठभेड़ के दौरान राहुल डबास निवासी गांव मुबारकपुर डबास की तरफ से पांच राउंड फायरिंग की गई। इसके कब्जे से एक अत्याधुनिक पिस्टल, दो कारतूस, दो फोन और एक स्विफ्ट कार बरामद की गई है। डबास पर पहले हत्या के प्रयास, अपहरण, धमकी, आर्म्स एक्ट के आठ मामले दर्ज थे। बुधवार देर शाम सेक्टर 36, रोहिणी हैलीपैड के पास इसे ट्रेस किया गया था। पूछताछ में पता चला कि आरोपी आजकल किसी संगीन वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहा है। बदमाश द्वारा फायरिंग करने के बाद पुलिस पार्टी ने भी आत्मरक्षा में फायरिंग की और आरोपी को सफलता पूर्वक पकड़ लिया गया। क्रॉस फायरिंग में डबास के बाएं पैर में गोली लगी है।

## डकैती के मामले में भगौड़ा दबोचा

**नई दिल्ली।** हत्या और डकैती के दो मामले में वांछित अपराधी को क्राइम ब्रांच ने अरेस्ट किया है। आरोपी का नाम सेक्टर 18, रोहिणी निवासी सुदीप बताया गया है। इसके खिलाफ राजौरी गार्डन थाने में 2018 में केस दर्ज हुआ था। पुलिस के मुताबिक 19 जनवरी 2018 को राजौरी गार्डन इलाके के रघुबीर नगर इलाके में निरंजन नामक शख्स पर चाकू से हमला हुआ था। इस वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया। इलाज के दौरान घायल ने दम तोड़ दिया था। पुलिस मामले में आरोपी सुदीप और उसके सहयोगियों को अरेस्ट कर चुकी थी। 20 मई 2021 को आरोपी को इस केस में अंतरिम जमानत मिल गई। इसके बाद वह अंडरग्राउंड हो गया था। बाद में कोर्ट ने इसे भगौड़ा भी घोषित कर दिया था। 24 मई 2022 को इसने एक लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था। पीतमपुरा निवासी पीड़ति ने शिकायत दर्ज करायी थी कि वह अपनी मां के साथ अपनी दुकान पर मौजूद था। किसी को पेयमेंट देने के लिए उनके पास 38 लाख रुपए थे। रात करीब नौ बजे उनकी दुकान में चार बदमाश घुस आए। उनकी मां को धक्का देकर नीचे गिरा दिया और उन्हें पिस्टल व चाकू के बल काबू कर रुपए लेकर फरार हो गये थे। इस केस में पुलिस छह आरोपियों को अरेस्ट कर चुकी थी लेकिन सुदीप फरार था। आरोपी आजकल बुराड़ी इलाके में नाम बदलकर रह रहा था।

## पौने चार करोड़ से ज्यादा की ठगी में शामिल दंपति गिरफ्तार

### महरौली थाने में दर्ज हुआ था 2020 में चीटिंग का मामला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

दक्षिण पश्चिम जिले की एंटी बर्गलरी सेल ने पौने चार करोड़ से ज्यादा की चीटिंग में फरार चल रहे दंपति को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट भी पिछले साल भगौड़ा घोषित कर चुकी थी।

गिरफ्त में आये जालसाजों के नाम संदीप शर्मा और आभा शर्मा है। इन्हें ग्रेटर नोएडा से पकड़ा गया हैं। डीसीपी रोहित मीना के



अनुसार 16 अप्रैल को इस दंपति के बारे में सूचना मिली थी। पता चला कि दंपति पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्ट मल्टी स्टोरी टॉवर, ग्रेटर नोएडा के एक फ्लैट में रह रहे हैं। पुलिस ने इस टॉवर के मालिक से आरोपियों के बारे में जानकारी जुटायी लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला। आखिर में पुलिस ने इस दंपति के बारे में सूचना एकत्रित कर उन्हें एक फ्लैट से दबोच लिया। इस दंपति पर 2020 में महरौली थाने में चीटिंग का केस दर्ज हुआ था, जिसमें साकेत कोर्ट ने पिछले साल ही इन दोनों को मार्च के महीने में भगौड़ा घोषित किया था। इसके अलावा संदीप शर्मा को साकेत कोर्ट ने एक अन्य केस में भी पिछले साल अगस्त में भगौड़ा घोषित किया था। 11 फरवरी 2020 को कुनाल सभरवाल नामक व्यक्ति ने महरौली थाने में चीटिंग का केस दर्ज कराया था, जिसमें आरोपी दंपति पर 3,87,40,000 रुपयों की धोखाधड़ी का आरोप था।


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी. आर. एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम व स्थान | एडीईएन/जेएचएल के अनुभाग में डिजाइन मोड के लिए यार्ड के सुधार और ट्रैक (अनुदैर्ध्य और पार्श्व) के पूर्व और बाद के ध्यान सर्वेक्षण के संबंध में 25 केवी एसी ओएचई संशोधन कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। |
| 2. | अनुमानित लागत | Rs. 55,33,399.31/- |
| 3. | बयाना राशि | Rs. 1,10,700/- |
| 4. | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 02.05.2024 (00.00 बजे) से 16.05.2024 (15.00 बजे तक) |
| 5. | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई– निविदा खुलने की तारीख और समय | 16.05.2024(15.00 बजे) |
| 6. | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्याः 13–क.वि.- नई दिल्ली – 2024–25 दिनांकः 24.04.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1233/24


### सुप्रीम कोर्ट को बताया-गिरफ्तारी 'स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव की अवधारणा' का उल्लंघन नहीं

# केजरीवाल आबकारी नीति घोटाले के मुख्य साजिशकर्ता, मंत्रियों और पार्टी नेताओं के साथ इसे अंजाम दियाः ईडी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आबकारी नीति घोटाले के 'मुख्य साजिशकर्ता' हैं और तथ्य आधारित अपराध के लिए किसी की भी गिरफ्तारी 'स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की अवधारणा' का उल्लंघन नहीं कर सकती है।

ईडी ने दावा किया कि केजरीवाल ने अपने मंत्रियों और आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं के साथ मिलकर इस घोटाले को अंजाम दिया और वह आबकारी नीति में दिए गए लाभ के बदले में शराब व्यवसायियों से 'रिश्वत मांगने' में भी संलिप्त थे। एजेंसी ने 734



पन्नों के अपने जवाबी हलफनामे में कहा कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति घोटाले के मुख्य साजिशकर्ता हैं। उन्होंने सरकार के मंत्रियों, आप नेताओं और अन्य लोगों की मिलीभगत से इसे अंजाम दिया। इसने कहा कि अरविंद केजरीवाल कुछ चुनिंदा लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए आबकारी नीति 2021-22 को तैयार करने की साजिश में संलिप्त थे और उक्त नीति में दिए गए लाभ के बदले में शराब व्यवसायियों से रिश्वत मांगने में भी शामिल रहे। ईडी ने कहा कि किसी मुख्यमंत्री या आम नागरिक को गिरफ्तार करने की खातिर साक्ष्य के विभिन्न मानकों के लिए धन-शोधन निवारण अधिनियम-2002 में कोई अलग प्रावधान नहीं हैं और याचिकाकर्ता अपने ओहदे का हवाला देकर खुद के लिए एक विशेष श्रेणी बनाने का प्रयास कर रहा है जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। एजेंसी ने केजरीवाल के उस तर्क का खंडन किया जिसमें उन्होंने कहा था कि गिरफ्तारी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की बुनियाद और सिद्धांत का उल्लंघन करती है। ईडी ने कहा कि तथ्य आधारित अपराध के लिए किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी, चाहे वह कितना भी बड़ा क्यों न हो, कभी भी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की अवधारणा का उल्लंघन नहीं कर सकती है। उसने कहा कि यदि उपरोक्त तर्क को स्वीकार कर लिया जाता है तो अपराधी नेताओं को इस आधार पर गिरफ्तारी से छूट मिल जाएगी कि उनका चुनाव में प्रचार करना जरूरी है। गिरफ्तारी को उचित ठहराते हुए ईडी ने कहा कि केजरीवाल को प्रामाणिक आधार पर गिरफ्तार किया गया है, किसी दुर्भावना के आधार पर नहीं।

#### 'याचिका में दम नहीं'

हलफनामे में ईडी ने बताया कि केजरीवाल गोवा चुनाव में 'आप' के अभियान में अपराध से आर्जित आय के इस्तेमाल में भी संलिप्त थे। शीर्ष अदालत ने 15 अप्रैल को ईडी को नोटिस जारी किया था और केजरीवाल की याचिका पर उससे जवाब मांगा था। ईडी ने कहा कि गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका में 'दम नहीं है' और यह खारिज करने योग्य है। इसने कहा कि उन्हें गिरफ्तार करने के लिए जांच अधिकारी ने जिन तथ्यों पर संतुष्टि व्यक्त की थी, उसे विभिन्न अदालतों ने परखा है।

#### ईडी 'झूठ बोलने की मशीन' बन गईः आप

हलफनामे पर प्रतिक्रिया देते हुए आम आदमी पार्टी (आप) ने आरोप लगाया कि ईडी 'झूठ बोलने की मशीन' बन गई है।


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई-निविदा सूचना

ई.एल.एस._एस.आर.ई._टी.-48, दिनांक 24.04.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से व. मण्डल बिजली इंजीनियर/टी.आर.एस., इलेक्ट्रिक लोको शेड, खानआलमपुरा यार्ड, सहारनपुर निम्नलिखित कार्य के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर रजिस्टर्ड/पंजीकृत निविदाकर्ताओं से निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

| |
|---|
| **एकल निविदा संख्या :** ई.एल.एस._एस.आर.ई._टी.-48 |
| **कार्य का विवरण :** उ.रे. के शेडो के पारंपरिक इलेक्ट्रिक इंजनों में फिट माइक्रोप्रोसेसर आधारित नियंत्रण और दोष निदान प्रणाली (एमपीसीएस) संस्करण-2 और संस्करण-3 मेसर्स मेधा मेक के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव (CAMC) का अनुबंध आरडीएसओ एसएमआई संख्या आरडीएसओ/2016/ईएल/एसएमआई/0288 (Rev-0) दिनांक 21.06.2016 या नवीनतम के अनुसार दो साल की अवधि के लिए |
| **समापन/खोलने की तिथि :** 16.05.2024 |
| **लगभग लागत :** रु. 1,34,90,793.52/- |
| **अर्नेस्ट मनी :** रु. 2,17,500/- |
| **समापन अवधि :** दो वर्ष |
| **वैधता अवधि :** 45 दिन |
| **निविदा फॉर्म की लागत :** आई. आर. ई. पी. एस. से डाउनलोड हेतु निःशुल्क तथा रुपये 5,000/- Sr.DEE/TRS/SRE ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए |

1. वर्क्स निविदाएं की ई–टेंडरिंग में भाग लेने के निविदाकारों के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना चाहिए। 2. निविदाकर्ता को सभी पात्रता संबंधित दस्तावेजों की स्कैन प्रतियां को अपलोड करना आवश्यक है। 3. सभी कर वर्तमान नियम के अनुसार लागू होंगे। 4. विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग इन करें।
1238/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खबर संक्षेप

### बादलों के बावजूद पारा फिर पहुंचा 40 डिग्री के करीब

**नई दिल्ली।** बादलों के बावजूद दिल्ली में गुरुवार को अधिकतम तापमान चढ़कर 40 डिग्री के बेहद नजदीक दर्ज हुआ। प्रादेशिक मौसम विभाग दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार गुरुवार को अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य से 2 डिग्री ज्यादा है। वहीं न्यूनतम तापमान राहत के साथ 20 डिग्री सेल्सियस रहा जो इस मौसम के सामान्य से 3 डिग्री कम है। आईएमडी के अनुसार दिल्ली में सबसे ज्यादा तापमान रिज एरिया में 40.6 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि आया नगर में 39.9 डिग्री सेल्सियस और लोधी रोड़ में 39.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आईएमडी ने अनुमान जताया है कि शुक्रवार को दिल्ली में हल्की बारिश दर्ज हो सकती है। बादल छाए रहने के बावजूद अधिकतम तापमान 40 डिग्री दर्ज हो सकता है। आईएमडी का अनुमान है कि हल्की बारिश के साथ ही 30-40 किमी की गति से तेज हवाएं चल सकती है।

### डीडीए ने शुरू किए प्राधिकरण के स्विमिंग पूल

**नई दिल्ली।** गर्मियों के मौसम में स्वीमिंग पूल में नहाना समय बिताना किसे अच्छा नहीं लगता। लेकिन महंगे शुल्क के चलते लोग बचते नजर आते है। ऐसे में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) इस गर्मी के मौसम में लोगों को किफायती दरों की सौगात देते हुए स्विमिंग पूल शुरू कर दिए है। डीडीए ने लोगों को लुभाने के लिए आह्वान किया है कि आईए इस ग्रीष्मकालीन सत्र में साफ सुथरे पानी में आनंद का गोता लगाएं। डीडीए के एक आला अधिकारी ने बताया कि प्राधिकरण के डीडीए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बने स्विमिंग पूल में गोता लगाने का मौका है उसका फायदा जरूर उठाए। भीषण गर्मी में डीडीए के स्विमिंग पुल में डुबकी लगाकर गर्मी को मात दें। अधिकारी ने बताया कि डीडीए की किफायती दरों पर सभी के लिए स्विमिंग पूल सुविधाएं उपलब्ध करवा रहा है, प्रतिदिन के शुल्क से लेकर वार्षिक, अर्धवार्षिक, तिमाही व मासिक सदस्यता ली जा सकती है। अधिकारी के अनुसार स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के सदस्यों के लिए मौसमी शुल्क 3780 रु, मासिक शुल्क 1070 रूपए , प्रतिदिन 60 रुपए जबकि गेस्ट ऑफ मेंबर के लिए 100 रूपए शुल्क है। वहीं अस्थायी सदस्यों के लिए तिमाही का शुल्क 3150 रुपए है।

### बिजली की मांग ने किया पांच हजार मेगावाट का आंकड़ा पार

**नई दिल्ली।** जैसे जैसे पारा बढ़ता जा रहा है वैसे वैसे बिजली की मांग भी बढ़ने लगी है। गुरुवार को बिजली की मांग ने 5 हजार मेगावाट के आंकड़े को पार कर दिया। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर दिल्ली (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार दोपहर 3.35 बजे बिजली की मांग का ग्राफ 5148 मेगावाट के उच्च स्कोर पर पहुंच गया, जो इस मौसम का सबसे अधिक रहा। जबकि बुधवार को अधिकतम मांग का आंकड़ा 4930 मेगावाट बिजली की खपत दर्ज हुई थी।


सुनीता केजरीवाल और सीएम भगवंत मान गीत को लेकर जाएंगें जनता के बीच

# लोकसभा चुनाव के लिए आप ने 'जेल का जवाब वोट से' कैंपेन सॉन्ग किया लांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आज देश के अंदर एक तानाशाह हुकूमत है, जिसने तीन बार के निर्वाचित मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल भेज दिया। अरविंद केजरीवाल ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जिनको हिंदुस्तान की आजादी के बाद सबसे बड़ा बहुमत मिला है। आम आदमी पार्टी द्वारा गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में लोकसभा चुनाव के लिए अपना कैंपेन सॉन्ग (गीत) "जेल का जवाब वोट से" की लांचिंग के दौरान आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने उक्त संबोधन दिया। उन्होंने बताया कि यह कैंपेन गीत देश में चल रही तानाशाह सरकार की वजह से पैदा हुए हालातों को बयां करता है। सीएम अरविंद केजरीवाल समेत विपक्षी दलों के नेताओं को साजिशन जेल में डालने, बेरोजगारी, महंगाई समेत जनता से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को उठाता है। यह गीत आने वाले खतरों के बारे में बताता है कि अगर भाजपा किसी भी तरह सत्ता में आई तो देश का संविधान बदल जाएगा और यह आखिरी चुनाव होगा। वहीं, बताया गया कि इस गीत को आप के वरिष्ठ नेता एवं तिमारपुर से विधायक दिलीप पांडे ने लिखा है और अपनी आवाज भी दी है। आम आदमी पार्टी इस गीत को अलग-अलग प्लेटफार्मों के जरिए जनता तक पहुंचाएगी। पार्टी अपने चुनावी कैंपेन के तीसरे चरण की शुरुआत 27 अप्रैल से करेगी, जिसमें अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी उनके संदेशों को लेकर जनता के बीच जाएंगी। साथ ही, पंजाब के सीएम भगवंत मान समेत आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता जगह-जगह चुनावी सभाएं, डोर टू डोर करके जनता तक अपनी बात पहुंचाएंगे।

चुनावी कैंपेन सॉन्ग की लांचिंग के दौरान आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह, दिल्ली प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय, पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता, दिल्ली विधानसभा के मुख्य सचेतक दिलीप पांडे, कैबिनेट मंत्री इमरान हुसैन, दिल्ली विधानसभा की उपाध्यक्ष राखी बिड़लान, एमसीडी के प्रभारी दुर्गेश पाठक, महापौर डॉ. शैली ओबेरॉय, वरिष्ठ नेता जस्मीन शाह और आदिल खान मौजूद है।



### दिल्लीवालों में तानाशाह सरकार के खिलाफ भारी आक्रोश : गोपाल राय


इस अवसर पर गोपाल राय ने कहा कि आप अपने चुनावी कैंपेन का थीम सॉन्ग अलग-अलग प्लेटफार्म के जरिए घर-घर पहुंचने का काम करेगी। दिल्लीवालों में तानाशाह सरकार के खिलाफ भारी आक्रोश है और जेल का जवाब वोट से देने के लिए 25 मई का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। राय ने कहा कि पहले 'आप' ने चुनावी कैंपेन का नाम 'संसद में भी केजरीवाल' दिया था, तब नहीं पता था कि भाजपा केजरीवाल से इतनी डरी है कि उन्हें जेल में डाल देगी। वहीं, दिलीप पांडे ने कहा कि कैंपेन सॉन्ग जनता की भावनाओं और भाजपा के कुशासन में समाज के अंदर जो हो रहा है, उसको दर्शाता है।

### आप ने की 'जेल का जवाब वोट से' देने की अपील

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के मेट्रो स्टेशनों पर पंपलेट का वितरण कर दिल्ली की जनता से 'जेल का जवाब वोट से' देने की अपील की। इस दौरान नई दिल्ली लोकसभा सीट से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सोमनाथ भारती समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सौरभ भारद्वाज और सोमनाथ भारती ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर मेट्रो स्टेशनों पर आने-जाने वाले लोगों में पंपलेट बांटा और उनसे आगामी 25 मई को होने वाले मतदान में अपने वोट का इस्तेमाल देश से तानाशाही सरकार को हटाने के लिए करने की अपील की।




### भाजपा जीत गई तो 2024 के बाद देश में नहीं होंगे चुनाव : संजय




नई दिल्ली। इस लोकसभा चुनाव में अगर भाजपा और नरेंद्र मोदी जीत गए तो फिर इस देश में दोबारा चुनाव नहीं होंगे। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर भाजपा पर उक्त आरोप लगाए। आम आदमी पार्टी ने देशवासियों को भाजपा से देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने की अपील की है। आप के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने गुजरात के सूरत की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा देश से संविधान को खत्म करने की शुरुआत सूरत से कर चुकी है। सूरत में कांग्रेस समेत सभी दलों के प्रत्याशियों का पर्चा खारिज कर दिया गया और चुनाव से पहले ही भाजपा प्रत्याशी को जीत का सर्टिफिकेट दे दिया गया। सांसद संजय सिंह ने कहा कि आज तक के इतिहास में पहले कभी ऐसा नहीं हुआ है कि कोई सत्ताधारी दल बगैर चुनाव के जीती हो। सूरत बस एक झांकी है, पूरा देश अभी बाकी है। सत्ता में आते ही ये लोग बाबा साहब के संविधान, आरक्षण, वोट का अधिकार खत्म कर देंगे और आरएसएस के संविधान से देश को चलाएंगे। इससे पहले चंडीगढ़ में वोटों की बेईमानी करते हुए कैमरे में रंगेहाथ पकड़े गए थे। संविधान खत्म करने के लिए ही भाजपा के उम्मीदवार और नेता 400 सीटें मांग रहे हैं। संजय सिंह ने कहा कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भाजपा की बेईमानी पर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने देश को जगाया कि संविधान, लोकतंत्र और वोट का अधिकार खतरे में है। भाजपा ने पूरे देश में कोहराम मचा रखा है, ये लोग डंडे की जोर से शासन चलाना चाहते हैं और बगैर चुनाव के जीतना चाहते हैं।

केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आप का जनसमर्थन घटा

## अब पत्र बांटे या गाने बजाएं, जनता नहीं देगी साथ : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के शराब घोटाले के भ्रष्टाचार में गिरफ्तार होने के बाद तो आम आदमी पार्टी का जनसमर्थन पूरी तरह साफ हो गया है, जनता तो दूर अब तो 'आप' के संस्थापन से जुड़े वॉलंटियर तक पार्टी से कट रहे हैं। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी को घेरते हुए उक्त आरोप लगाए। उन्होंने कहा है कि फ्री बिजली पानी के अरविंद केजरीवाल के दावों की अब पोल खुल चुकी है और अब इन मुद्दों पर भी आम आदमी पार्टी को वोट मिलने की कोई उम्मीद नहीं दिख रही है। सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी जितने मर्जी पैम्फलेट बांट ले, गाने बजा ले पर अब जनता उनका साथ नहीं देगी और लोकसभा चुनाव में आप प्रत्याशी बुरी तरह हारेंगे। दिल्ली का आम मध्यम वर्ग का परिवार आज 8 रुपये यूनिट की तो दुकानदार 13 रुपये यूनिट की बिजली खरीदने को मजबूर हैं। दिल्ली में पानी सप्लाई की स्थिति तो इतनी खराब है कि अनाधिकृत कॉलोनियों में टैंकर से या सार्वजनिक नल से पानी लेने पर आये दिन मार पीट तो सामान्य बात हो ही गई है, गत दिनों तो पानी भरने को लेकर एक महिला की हत्या हो गई।

## महापौर चुनाव स्थगित, फिर आमने-सामने दिखी आप-भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- भाजपा सरकार एक बार फिर दिल्ली महापौर चुनाव में गड़बड़ी करने की रच रही है साजिश : आप
- पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति के लिए निगम का महापौर चुनाव क्यों घोषित किया : भाजपा

दिल्ली नगर निगम के महापौर और उपमहापौर का आज शुक्रवार को निगम सदन की आम बैठक में चुनाव होना था लेकिन निगम प्रशासन ने संबंधित नीति नियमों का हवाला देते हुए इसे स्थगित कर दिया है। गुरूवार को निगम प्रशासन ने इस चुनाव को स्थगित करने की पुष्टि की है। साथ ही कहा है कि पहले की तरह सदन की बैठक आयोजित होगी। वहीं, इससे पहले दिनभर महापौर चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी नेताओं और भाजपा के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर चला। पार्टी मुख्यालय में हुई एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आप के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने भाजपा पर आरोप लगाया कि भाजपा शासित केंद्र सरकार एक बार फिर दिल्ली महापौर चुनाव में गड़बड़ी करने की साजिश रच रही है। दिल्ली में महापौर का चुनाव हारने के डर से भाजपा चुनाव रोकना चाहती है। जबकि आप के एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने आरोप लगाया कि उपराज्यपाल कार्यालय ने 26 अप्रैल को निर्धारित दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के महापौर के चुनाव को 'निरस्त' कर दिया है।

पाठक ने दावा किया कि चुनाव आयोग से अनुमति मिलने के बावजूद भाजपा ने यह चुनाव रद्द करवा दिया। उपराज्यपाल कार्यालय ने यह कहते हुए चुनाव निरस्त कर दिया कि वह मुख्यमंत्री की सलाह पर काम करते हैं। लेकिन पूर्व के कई उदाहरण हैं जब उन्होंने मुख्यमंत्री की सलाह और सहायता पर काम नहीं किया। आप के दोनों नेताओं के उक्त बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि दुर्गेश पाठक एवं सौरभ भारद्वाज दिल्ली नगर निगम महापौर चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति पर विवाद करने से पहले दिल्ली वालों को बताएं कि बिना पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति के दिल्ली नगर निगम का महापौर चुनाव क्यों घोषित किया गया।

इसी तरह विधानसभा अध्यक्ष द्वारा विधायकों का नगर निगम सदन में नामांकन भी विवादित है क्योंकि उसमें भी नियमानुसार फाइल पर मुख्यमंत्री की सिफारिश होनी चाहिए थी जो इस बार नहीं है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि दुर्गेश पाठक जान लें कि दिल्ली का काला दिवस तो 21 मार्च 2024 था जब दिल्ली के मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार में गिरफ्तार हुए थे।

### उपराज्यपाल द्वारा महापौर चुनाव को रोकने के फैसले का कांग्रेस ने किया विरोध

नई दिल्ली। उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना द्वारा शुक्रवार को प्रस्तावित दिल्ली के महापौर व उपमहापौर के चुनाव पर अस्थायी रोक लगाने का दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने विरोध करते हुए निंदा की है। दिल्ली कांग्रेस कमेटी के निगम प्रभारी व पूर्व पार्षद जितेंद्र कुमार जीतु ने बयान जारी करते हुए कहा कि चुनाव आयोग से इजाजत मिलने के बावजूद एलजी का चुनाव रोकना दलित वर्ग की भावनाएं आहत करने का फैसला है। क्योंकि इस बार नियम के अनुसार शुक्रवार को डीएमसी एक्ट के तहत दलित वर्ग का महापौर चुना जाना था। लेकिन दिल्ली के एलजी ने मतदान से ठीक एक दिन पूर्व दिल्ली के महापौर व उपमहापौर का चुनाव रोक दिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा मंजूरी के बावजूद वोटिंग पर उपराज्यपाल द्वारा रोक लगाना संवैधानिक मूल्यों का हनन है।

## यह रास्ता अस्थाई तौर पर बंद है, लोगों को हो रही परेशानी

दया राम ⏭ नई दिल्ली

- राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की चल रही जमकर मनमानी

दिल्ली में जब भी कोई मार्ग बंद किया जाता है तो दिल्ली यातायात पुलिस बाकायदा अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक सलाह जारी करती है कि यह मार्ग क्यों बंद है ताकि वाहन चालकों, लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े लेकिन यहां दिल्ली देहात के नरेला विधानसभा स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 पर सिंघू बॉर्डर से नरेला जाने वाले मार्ग पर कोई सलाह जारी नहीं की है। वहीं, बता दें कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने पिछले करीब दस दिनों से यहां इस बंद मार्ग पर एक बोर्ड पर 'यह रास्ता अस्थाई तौर पर बंद है, एनएचएआई' लिखकर बंद कर दिया है। 'अस्थाई' शब्द लिखा देख स्थानीय लोगों ने सोचा कि किसान आंदोलन को लेकर बंद हुए फ्लाईओवर को खोला जा रहा है, हो सकता है कि इसी के चलते सिंघू बॉर्डर से नरेला मार्ग बंद किया है और दो तीन दिन में खोल दिया जाए। वहीं, इस मार्ग के बंद होने से डीटीसी के रूट 131,136,193 और 882 बंद हैं जिसके चलते बड़ी संख्या में स्कूली बच्चें, बस यात्री, स्थानीय लोग आदि परेशान है। साथ ही डीटीसी प्रशासन ने बताया कि बंद मार्ग की उन्हें कोई जानकारी नहीं हैं और निरीक्षण किया जाएगा।




बता दें कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 स्थित फ्लाईओवर के दोनों तरफ के मार्गो को 21 अप्रैल 2024 तक खोल दिया गया लेकिन यह मार्ग 16 अप्रैल 2024 से ही गुरुवार को मनमाने तरीके से बंद है। वहीं, इस संबंध में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय अधिकारी प्रांजल मिश्रा से इस मार्ग को बंद करने की जानकारी मंगलवार से मांगी जा रही तो गुरूवार को उन्होंने कहा कि यातायात पुलिस के डीसीपी से संपर्क करें जबकि बोर्ड पर एनएचएआई लिखा है और एनएचएआई के एक अन्य क्षेत्रीय अधिकारी मिन्नी सिंह से सम्पर्क किया तो उन्होंने पहले तो बंद मार्ग की जानकारी नहीं होने की बात कही और उसके बाद प्रांजल मिश्रा से सम्पर्क करने की बात कही। इसके बाद एनएचएआई के इन दोनों अधिकारियों ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

### आईपी यूनिवर्सिटी ने 27 और 28 अप्रैल को होने वाले सीईटी का एडमिट कार्ड किया जारी

नई दिल्ली। आईपी यूनिवर्सिटी के 27 और 28 अप्रैल को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षाओं (सीईटी) के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। करीब 7 हजार परीक्षार्थी दिल्ली के निर्धारित 32 परीक्षा केंद्रों पर दो दिनों तक आयोजित इन प्रवेश परीक्षाओं में शामिल हो रहे हैं। 27 अप्रैल को एमबीए, बीटेक (बायोटेक), एमओटी (एन), एमपीओ, बीएससी (योग), एम टेक (रेगुलर), एमटेक (बायोटेक), एमटेक (केमिकल इंजीनरिंग) रेगुलर, एमए( अर्थशास्त्र), एडीसीजीसी, एमएससी (योग), एमडिजाइन, एमएड स्पेशल एजुकेशन (इंटेलेकचुअल डिसबिलिटी) और लैटरल एंट्री टू बी डिजाइन प्रोग्राम की प्रवेश परीक्षाएं हैं। 28 अप्रैल को एमसीए (एसई), बीएससी (नर्सिंग), बी डिजाइन, बीफार्मा, एमए (अंग्रेज़ी) और एमएससी (बायोइन्फ़र्मैटिक्स) की प्रवेश परीक्षाएं हैं। यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक डॉ. एस एल भंडारकर ने बताया कि आवेदक ने जिस लिंक पर ऑनलाइन आवेदन किया है उसी पर एडमिट कार्ट डाउनलोड करने का ऑप्शन है। परीक्षार्थी एडमिट कार्ड डाउनलोड कर उसमें लिखे निर्देशों को अच्छी तरह पढ़ ले। किसी भी असुविधा से बचने के लिए परीक्षार्थियों को यह सलाह है कि वे आवंटित परीक्षा केंद का मुआयना प्रवेश परीक्षा से एक दिन पहले कर लें। विस्तृत विवरण यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

दिल्ली में बढ़ रही बस दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग

## एबीवीपी ने डीटीसी मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने गुरुवार दिल्ली में बढ़ रही बस दुर्घटनाओं को रोकने एवं उनके सुरक्षा संबंधित नियमों का दृढ़ता से पालन करवाने को लेकर दिल्ली परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक को ज्ञापन सौंपा। एबीवीपी दिल्ली के प्रांत मंत्री हर्ष अत्री ने कहा कि दिल्ली की सड़कों पर डीटीसी बसों द्वारा दुर्घटनाओं की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। इस प्रकार नियमों का उल्लंघन करती डीटीसी की बसें दिल्ली के नागरिकों के लिए जानलेवा साबित हो रही हैं। अभी 24 अप्रैल को डीटीसी की बस ने विश्वविद्यालय मेट्रो के समीप एक व्यक्ति को कुचल दिया जिसके बाद उस व्यक्ति की दुखद मृत्यु हो गई। हमने इस विषय पर संज्ञान लेते हुए गुरूवार को दिल्ली परिवहन निगम के सामने जोरदार विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा तथा मांगो को तत्काल स्तर पर विचार करने की मांग रखी है। इस विरोध प्रदर्शन में दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्र संघ सचिव अपराजिता, सह -सचिव सचिन बैसला के साथ बड़ी संख्या में छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे।

### सुरक्षा संबंधी मांगों को ज्ञापन में किया शामिल

एबीवीपी ने अपने ज्ञापन में बसों को अपने निर्धारित लेन में चलने की सुनिश्चितता करने, बसों का ठहराव सिर्फ बस स्टैंड पर हो यह सुनिश्चित करने, बस ड्राइवरों की नियमित काउंसलिंग की व्यवस्था करने, बस ड्राइवरों के मासिक वेतन को नियमित करने, मृतक के परिवार को पर्याप्त मुआवजा देने एवं दिल्ली परिवहन निगम को बसों के द्वारा कुचले जाने या रौंदे जाने वाले मृतकों के परिवार को मुआवजे की व्यवस्था करने जैसी मांगों को सम्मिलित किया।

### इंडिया गठबंधन में दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटें जीतने का कांग्रेस ने लिया है संकल्प : चोपड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष व आप पार्टी से गठबंधन के तहत समन्वय समिति के अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा ने कहा कि इंडिया गठबंधन के तहत दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटें जीतने का संकल्प कांग्रेस ले चुकी है। हमारी संयुक्त प्रचार कमेटी जिला स्तर से लेकर निचले स्तर तक कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में कार्य करेगी। चोपड़ा ने गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में बुलाई सातों लोकसभा सीटों के लिए बनी लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में कही। इस मौके पर चोपड़ा के अलावा प्रदेश प्रभारी दीपक बावरिया, एआईसीसी की एससी. एसटी विभाग के चेयरमैन राजेश लिलोठिया, पूर्व सांसद कृष्णा तीरथ आदि मौजूद थे। बैठक में सातों लोकसभा सीटों के लिए बनी लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के सभी अध्यक्षों और जिला चुनाव प्रबंधन समितियों के अध्यक्ष तथा संयोजक शामिल थे। सनद रहे कि कांग्रेस ने गठबंधन के तहत चांदनी चौक, उत्तर पश्चिम दिल्ली और उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारे है। जबकि चार अन्य लोकसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन की सहयोगी आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे है। चोपड़ा के अनुसार कांग्रेस की चुनाव प्रबंधन कमेटी दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर संयुक्त प्रचार कमेटी के तहत जिला स्तर से लेकर निचले स्तर तक कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में काम करेगी। उन्होंने कहा कि सभी वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता एकजुट होकर अपने-अपने क्षेत्र के लोकसभा उम्मीदवार के प्रचार करने के लिए उन्हें विजयी बनाने के लिए काम करना होगा।

### कन्हैया-उदित से नाराज कार्यकर्ताओं को लेकर खड़गे से जल्द मिल सकते हैं दिल्ली के नेता

**नई दिल्ली।** दिल्ली कांग्रेस में लोकसभा सीटों के उम्मीदवारों को लेकर उठ रहे विरोध के स्वर अब तेज होने लगे है। खबर है कि दिल्ली कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ नेता उत्तर पूर्वी सीट से कन्हैया कुमार और उत्तर पश्चिम दिल्ली सीट से उदित राज के विरोध को लेकर पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिल सकते है। सूत्रों की माने तो यह नेता शनिवार या इसके बाद पार्टी हाईकमान से मिलकर दिल्ली में कन्हैया कुमार और उदित राज को लेकर हो रही बगावत से अवगत कराकर उम्मीदवार बदलने की अपील करेंगे। सूत्रों की मानें तो इन नेताओं में प्रदेश स्तर के दो वरिष्ठ नेताओं के खासमखास नेता शामिल है। वहीं पार्टी से इस्तीफा दे चुके राजकुमार चौहान व दावेदार रहे जयकिशन के समर्थक नेता भी शामिल है। सूत्रों का यह भी कहना है कि प्रदेश कांग्रेस की तरफ से कन्हैया कुमार और उदित राज को लेकर कार्यकर्ताओं में उठ रहे विरोध के स्वर को लेकर पूरी जानकारी दे दी है। नाम न छापने की शर्त पर एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि एक तो पहले ही सात में से महज तीन सीट पर कांग्रेस चुनाव लड़ रही। ऐसे में भी अगर देश विरोधी नारे लगाने वाले कन्हैया कुमार व जातिगत टिप्पणियां करने वाले उदित राज को टिकट देने का मतलब है कि चुनाव में बुरी तरह मात खाना।

खबर संक्षेप

### भगोड़े को बल्लभगढ़ की टीम ने किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** थाना शहर बल्लभगढ़ प्रबंधक की टीम छेड़छाड़ के मुकदमें में वर्ष 2015 में भगोड़ा घोषित हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।आरोपी उमेश कुमार उर्फ भूत आदर्श नगर बल्लबगढ़ का रहने वाला हैं। पुलिस ने उसे सुभाष कालोनी से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 2012 में एक लड़की के साथ भद्दे कमेंट किए थे। थाना बल्लभगढ़ में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया था।



### जुआ खिलाते एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर 17 प्रभारी कर्मवीर की टीम ने ऑनलाइन जुआ खिलाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी मुकेश कुमार उर्फ भोला डबुआ कॉलोनी फरीदाबाद का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम मुख्य सिपाही खालिद, प्रदीप सिपाही प्रवीन और विक्रांत ने पांच नंबर रेलवे रोड से स्विफ्ट गाड़ी में ऑनलाइन जुआ खिलाते हुए काबू किया है।



### दूसरे की कंपनी के नाम पर कर रहे थे धोखाधड़ी

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम वेस्ट एरिया में जालसाज द्वारा दूसरे की कंपनी के नाम पर कस्टमर से धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। आरोपी कंपनी का सामान आधे रेट पर बनाने की कोटेशन कस्टमर को दे रहे हैं। वहीं भेजे गए लिंक में कंपनी संचालक की फोटो व कंपनी के जीएसटी नंबर का प्रयोग भी किया जा रहा है। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है।




### एटीएम तोड़ने के प्रयास में दो आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** पटौदी एरिया में एटीएम तोड़ने के प्रयास करते दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें एक दिन के पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया गया है। दरअसल, पटौदी के नीरज भारद्वाज की कपड़े की दुकान है। उसके साथ वाली दूसरी दुकान पर एटीएम बूथ है। वह अपनी दुकान पर बैठा था तो देखा कि दो युवक एटीएम बूथ के आस पास घूम रहे थे। इसके बाद वे बूथ में घुस आए व रुपए निकालने के लिए पेचकस व एक पत्ती से मशीन के साथ छेड़खानी करने लगे। नीरज भारद्वाज ने बूथ का शटर गिरा दिया और दोनों युवकों को अंदर बंद कर पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंच कर दोनों आरोपियों को काबू कर लिया।



# अधिक मतदान करने में सहयोग करने वालों को डीएम करेंगे सम्मानित

## जिला निर्वाचन अधिकारी समेत कई संगठनों ने लोगों से की अत्यधिक मतदान करने की अपील

जिला प्रशासन व स्वयंसेवी संगठनों द्वारा गाजियाबाद में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत करने के लिए सोशल मीडिया व अन्य माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा है। 10 प्रतिशत अधिक मतदान होने पर उस क्षेत्र के आरडब्ल्यूए को सम्मानित किया जाएगा सम्मानित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

गाजियाबाद लोकसभा के लिए चुनाव के लिए 26 अप्रैल को मतदान है। जिसकी प्रशासनिक स्तर पर तमाम तैयारी पूरी कर ली गई है। साथ ही जिला प्रशासन व स्वयंसेवी संगठनों द्वारा गाजियाबाद में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत करने के लिए सोशल मीडिया व अन्य माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने घोषणा की है कि जिस भी मतदान केंद्र पर पिछले मतदान अपेक्षा 10 प्रतिशत अधिक मतदान होता है तो उस क्षेत्र के आरडब्ल्यूए को सम्मानित किया जाएगा।




**सर्वाधिक मतदान वाले जिलों की श्रेणी में गाजियाबाद को लाने की कवायद**



जिलाधिकारी ने एक बयान जारी किया है जिसमें उन्होंने कहा है कि गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में वर्ष 2019 में मतदान प्रतिशत काफी कम हुआ था इस बार हम सबको मिलकर इस मिथक को तोड़ना है और सर्वाधिक मतदान वाले जिले की श्रेणी में गाजियाबाद को लाकर खड़ा करना है। इंद्र विक्रम सिंह ने लोगों से अपील की है कि वह निडर होकर मतदान अपने निकटतम मतदान केंद्र पर जाएं और अपना मतदान करें। उन्होंने यह भी कहा है कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए और अपने सुनहरे भविष्य के लिए राष्ट्र की मजबूती के लिए मतदान बेहद जरूरी है।

### स्याही के निशान पर मुफ्त इलाज की सुविधा

समाजसेवी डॉ. बृजपाल त्यागी ने लोगों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील करते हुए उन्हें सम्मानित करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति मतदान करने के बाद अस्पताल जाकर स्याही निशान उंगली पर दिखाएगा उन्हें फर्स्ट एड किट मुफ्त में दी जाएगी। साथ ही स्वास्थ्य के निशुल्क जांच की जाएगी। इसके अलावा इंडियन माइनॉरिटी फॉर्म के अध्यक्ष आजाद खालिद ने भी लोगों से अपील की है कि वह राष्ट्रहित में लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए ज्यादा से ज्यादा मतदान करें।

## ईवीएम, बीयू, सीयू, वीवीपैट अलॉटमेंट की रेंडमाइजेशन प्रक्रिया

# स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव करवाना ही है प्रशासन का सबसे बड़ा दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

**सॉफ्टवेयर द्वारा संपन्न की गई पहले चरण की प्रक्रिया**

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में फरीदाबाद में ईवीएम, बीयू, सीयू, वीवीपैट अलॉटमेंट की रेंडमाइजेशन प्रक्रिया का पहला चरण संपन्न हुआ।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करवाना ही प्रसाशन का दायित्व और जिम्मेदारी होती है। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में फरीदाबाद में ईवीएम, बीयू, सीयू, वीवीपैट अलॉटमेंट की रेंडमाइजेशन प्रक्रिया का पहला चरण संपन्न हुआ।

बैठक में सभी सहायक रिटर्निगं अधिकारी और राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में यह पहले चरण की प्रक्रिया आयोजित की गयी।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा की यह जिला फरीदाबाद में लोकसभा क्षेत्र के लिए बेलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट के आवंटन के लिए पहले चरण का रैंडमाइजेशन किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार रैंडमाइजेशन का उद्देश्य बिना किसी हस्तक्षेप के स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना है। क्योंकि इस उद्देश्य के लिए समर्पित सॉफ्टवेयर द्वारा रैंडमाइजेशन किया जा रहा है।



**प्रशासन के आदेश पर 10 हजार कर्मचारी चुनाव ड्यूटी में शामिल**

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि रैंडमाइजेशन के बाद ईवीएम को संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के समर्पित स्ट्रांग रूम में स्थानांतरित कर दिया जाएगा, जहां उन्हें कड़ी सुरक्षा के तहत रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर ईवीएम के आवंटन के लिए रेंडमाइजेशन आगामी चरणों में किया जाएगा। प्रशासन के आदेशानुसार जिला मे लगभग 10 हजार लोगों का स्टाफ ड्यूटी देगा। रैंडमाइजेशन से पहले जिला सूचना एवं प्रद्योगिकी अधिकारी व डीईओ एलएम मित्तल ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को

# लोगों को मताधिकार का बढ़-चढ़कर उपयोग के लिए किया जागरूक

## पुलिस ने मतदान जागरूकता स्लोगन के साथ पैदल मार्च निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर फरीदाबाद पुलिस द्वारा आईटीबीपी के साथ मिलकर डीसीपी एनआईटी कुलदीप सिंह के नेतृत्व में एनआईटी जोन में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए जागरूक किया। इस फ्लैग मार्च में एसीपी मुजेसर महेश श्योराण, आईटीबीपी के पुलिसकर्मी भारी संख्या में मौजूद रहे।

फ्लैग मार्च चिमनी बाई चौक से सहायक पुलिस आयुक्त मुजेसर फरीदाबाद कि निगरानी में थाना एसजीएम नगर से चलकर 4-5 का चौक मुल्ला होटल, मेहता स्वीटस से पैदल मार्च बांध रोड, फुट रोड, नूरानी मस्जिद सरकारी स्कूल के सामने से होकर लेयर चौक से पैदल, सैक्टर-48 बड़खल रेड लाईट रशिदिया मस्जिद अनखीर गांव से मैन रोड अनखीर से गाड़ी में सवार होकर वापिस अनंग चौक, सूरजकुण्ड थाना, दयाल बाग, लक्कड़पुर गांव फाटक, ग्रीन फिल्ड कालोनी चौकी के सामने से, 22 फुट रोड, 33 कुम्हार वाली गली बडख़ल गेट से गाड़ी में सवार बीआर पब्लिक स्कूल के सामने अनंगपुर चौक सूरजकुण्ड गोल चक्कर, प्लासर इण्डिया कंपनी, अनंगपुर गांव बुलबुल मार्केट गुरुकुल रोड, मेवला महाराजपुर अंडर पास, सैक्टर-46 पुलिस चौकी के सामने से सैक्टर 46 मैन मार्केट, वेल्डिंग चौक, सैक्टर 45 खेड़ा देवता मंदिर, सर्वओम वापिस मेवला महाराजपुर अंडरपास से पैदल सरकारी स्कुल मेवला महाराजपुर, रेलवे फाटक, गुर्जर चौक ने सैक्टर 46 रोड़ से गाड़ी में सवार होकर सैक्टर 21सी मार्केट, सीपी ऑफिस के सामने से अनखीर चौक पर समापन हुआ।

### अपने क्षेत्र के विकास कार्य के लिए मतदान कर नेता चुनें

पुलिस ने जागरूकता स्लोगन के साथ पैदल मार्च निकाल कर चुनाव में मतअधिकार को स्वतंत्र, निष्पक्ष एव शांतिपूर्ण तरिके से प्रयोग करने को कहा। मताधिकार से चुने गए प्रतिनिधि देश व राज्य में सरकार चुनी जाती है। जो हमारे विकास के लिए कार्य करती है।

### शांति व्यवस्था कायम रखने पुलिस का करें भरपूर सहयोग

चुनाव में शांति व्यवस्था कायम रखने में पुलिस का सहयोग करें। चुनाव के दौरान नशा तस्करों पर विशेष ध्यान रखें और किसी भी प्रकार के अपराध की जानकारी होने पर इसकी सूचना तुरंत पुलिस को देकर पुलिस प्रशासन के कार्यों में मदद करने के लिए प्रेरित किया है।

**तिगांव स्वास्थ्य केंद्र में मलेरिया दिवस**

# मच्छरों से बचने का सबसे अच्छा तरीका केवल मच्छरदानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

डिप्टी सीएमओ मलेरिया डॉ. राम भगत के निर्देश से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिगांव में विश्व मलेरिया दिवस मनाने के संदर्भ में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉ. गजेंद्र अधाना द्वारा की गई। डॉ. अधाना ने बताया कि किस तरह से मलेरिया से बचा जा सकता है।

मलेरिया एक मच्छरों द्वारा फैलने वाली बीमारी है, इससे बचने के लिए हमें अपने आस-पास मच्छरों को पैदा होने से रुकना चाहिए, मच्छर मुखिया रूप से पानी के आस-पास पैदा होते हैं हैं, पक्षियों के लिए राखे जाने टब, पानी की जेलहेरी, कूलर, नलियों, आस पास पड़े खराब टायरों में मच्छर पैदा होते



हैं। अतः इनका समय-समय पर सफाई करना जरूरी होता है, अधाना ने बताया कि मच्छरों के कुप्रभाव से बचने का सबसे अच्छा तरीका केवल और केवल मच्छरदानी हैं। घरों में ज्यादातर मच्छरों को भगाने के लिए गुड नाईट, ऑल आऊट जैसे कीटनाशकों का प्रयास करते हैं। इनके उपाय के बहुत सारे साइड इफेक्ट होते हैं। जागरूकता कार्यक्रम के समय सीएचसी तिगांव का सारा स्टाफ उपस्थित रहा।

# यमुना किनारे मिला बच्चे का शव दो दिन पहले गया हुआ था नहाने

## क्षत-विक्षत हालत में मिली लाश, कपड़ों से हुई पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

पल्ला थाना क्षेत्र के नवीन नगर में यमुना के किनारे एक 12 साल के बच्चे का शव मिला। शव पड़ा देख लोगों की भीड़ लग गई और सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक की टीम मौके पर पहुंची। बच्चे की पहचान शिव कॉलोनी के रहने वाले अमीन के तौर पर हुई। शव बेहद क्षत-विक्षत हालत में था और परिवार ने उसे कपड़ों से ही पहचाना। शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भेजा गया है।

जानकारी अनुसार शिव कॉलोनी में रहने वाले लियाकत का बेटा अमीन 23 अप्रैल को यमुना नदी में नहाने के लिए आया था।



लियाकत का कहना है कि उसका बेटा अमीन इसके बाद घर नहीं लौटा। शाम तक परिवार उसका इंतजार करता रहा। इसके बाद तलाश शुरू की और सूचना पुलिस को भी दी। उसने बताया कि गुरुवार को कुछ लोग मछली पकड़ने के लिए यमुना नदी में गए थे।

उनकी नजर बच्चे के शव पर पड़ी। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। शव पूरी तरह से क्षत-विक्षत हालत में था। चेहरा देखकर बच्चे कर पहचान मुश्किल थी। उसके पहने हुए कपड़े से बच्चे की पहचान हो पाई।

### शव को अस्पताल भेजा

सुबह सूचना मिली कि यमुना नहर के नजदीक एक बच्चे का शव पड़ा हुआ है। इसके बाद वे मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम करे भी सूचना देकर मौके पर बुलाया गया। आवश्यक कार्रवाई व पहचान के बाद शव को कब्जे में लेकर बीके नागरिक अस्पताल भेजा गया। कपड़े से बच्चे की पहचान कराई गई। उन्होंने कहा कि जांच की जा रही है।

**समेर**, एसएचओ पल्ला थाना

**शनिवार-रविवार को ड्यूटी लगाने पर**

# निगम कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

नगर निगम मुख्यालय पर म्यूनिसिपल कारपोरेशन फेडरेशन के आह्वान पर टैक्स ब्रांच के पांचों जोनों की डयूटी शनिवार और रविवार को सिटीजन के संपत्ति कर की स्वयं सत्यापन करने के लिए लगाई गई ड्यूटी के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व फैडरेशन के प्रधान रमेश कुमार जागलान व मंच का संचालन कर्मचंद बघेल ने किया। प्रदर्शन में अन्य विभाग के कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रधान ने बताया कि 12 अप्रैल को दिए गए ज्ञापन पर नगर निगम प्रशासन ने कोई कार्यवाही नहीं की। वहीं आज के प्रदर्शन के बाद आयुक्त ने संज्ञान लिया और अतिरिक्त आयुक्त को आदेश दिए कि प्रतिनिधियों को




बुलाकर बातचीत कर समस्या का हल निकालने के लिए निर्देशित किए। जागलान के नेतृत्व में 11 सदस्य प्रतिनिधि मंडल ने अतिरिक्त आयुक्त से बातचीत की और उन्हें कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया।

अतिरिक्त आयुक्त ने बताया कि आपकी समस्याएं जायज है और उन्होंने कहा कि रविवार को कोई कैम्प नहीं लगेगा। शनिवार को लगने वाले कैम्प के बदले कर्मचारियों को ऑफ दिया जाएगा।

# मतदान के बाद यात्री स्टैंडर्ड टिकट में भी कर सकेंगे प्रीमियम कोच में यात्रा

## मतदान को प्रोत्साहन देने के लिए एनसीआरटीसी की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

संसदीय चुनाव 2024 में मतदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एनसीआरटीसी ने गाजियाबाद क्षेत्र के मतदाताओं के लिए एक नई पहल की है। इस जागरूकता अभियान में मतदाताओं को उनके लोकतांत्रिक अधिकार का अधिक से अधिक प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान होगा। मतदान करने वाले यात्री स्टैंडर्ड टिकट में भी प्रीमियम कोच में यात्रा कर पाएंगे। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि इस अभियान के तहत जो यात्री अपना वोट डालेंगे, वे ही इस खास ऑफर का लाभ उठाने के लिए योग्य होंगे।

इस ऑफर का लाभ उठाने के लिए यात्रियों को स्टेशन के प्लेटफॉर्म लेवल पर बने प्रीमियम लाउंज के एएफसी गेट पर मौजूद स्टाफ को अपनी मतदान इंक लगी हुई अंगुली दिखानी होगी। इसके बाद स्टाफ उन्हें प्रीमियम लाउंज में प्रवेश करवा देगा और इसके बाद यात्री सीधे नमो भारत ट्रेन के प्रीमियम कोच में सफर कर सकेंगे। इस ऑफर का लाभ उठाने के लिए यात्रियों को 'आरआरटीएस कनेक्ट ऐप' से स्टैंडर्ड कोच की टिकट



खरीदनी होगी, इसके आधार पर ही वे प्रीमियम कोच में यात्रा के पत्र होंगे। नमो भारत ट्रेन में छह कोच हैं, जिनमें एक कोच प्रीमियम कोच है जबकि अन्य पांच कोच स्टैंडर्ड कोच हैं।

आम चुनाव 2024 में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए ईसीआई के 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' अभियान के अनुरूप, यह पहल चुनावी प्रक्रिया में शामिल होने के महत्व पर प्रकाश डालकर यात्रियों के बीच सामुदायिक और नागरिक जिम्मेदारी की भावना पैदा करने का प्रयास है। एनसीआरटीसी यात्रियों को नमो भारत ट्रेन में प्रीमियम कोच की बढ़ी हुई आराम और सुविधा का आनंद लेने का मौका दे रहा है।

**शाम 4 बजे से कई रास्तों के लिए ट्रैफिक पुलिस ने जारी की एडवाइजरी**

# गाजियाबाद में मतदान के मद्देनजर आज रूट डाइवर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए मतदान शुक्रवार को होगा। मतदान संपन्न होने के बाद सभी ईवीएम गोविंदपुरम अनाज मंडी में ईवीएम जमा की जाएंगी। जिसके चलते गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस ने रूट डायवर्जन प्लान जारी किया है। रूट डायवर्जन शुक्रवार शाम चार बजे से देर रात तक ईवीएम जमा होने तक जारी रहेगा।

एडीसीपी (यातायात) वीरेंद्र कुमार का कहना है कि असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें।उन्होंने कहा कि हापुड चुंगी से गोविंदपुरम अनाज मंडी की ओर भारी व व्यावसायिक वाहन नहीं जा सकेंगे। ये वाहन हापुड़ चुंगी से डायमंड तिराहा से आत्माराम स्टील तिराहा होते हुए एनएच 9 होकर जा सकेंगे या हापुड चुंगी से एएलटी की ओर भी जा सकते हैं। इसी तरह डासना पुल से गोविंदपुरम होते हुए हापुड़ चुंगी की ओर भारी व व्यावसायिक वाहन नहीं जा सकेंगे। ये वाहन डासना से एनएच- 09 होते हुए आत्माराम स्टील तिराहा से डायमण्ड तिराहा से हापुड़ चुंगी होकर जा सकेंगे। हल्के व निजी वाहन एनडीआरएफ कट से संतोष मैक्सवेल अस्पताल के बीच हापुड़ रोड पर वाहन नहीं जा सकेंगे।



### ईवीएम जमा करने आने वाली बसों के लिए रूट तय

डासना की ओर से ईवीएम को जमा करने आने वाली बसें सीएनजी पम्प कट से अंदर होकर गोविंदपुरम मंडी के गेट नंबर दो पर कर्मियों को उतारकर डीडीपीएस स्कूल से बाएं मुड़कर हापुड़ चुंगी होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगी। इसके साथ ही हापुड़ चुंगी की ओर से ईवीएम को जमा करने आने वाली बसें गोविंदपुरम पुलिस चौकी से अंदर होकर डीडीपीएस स्कूल से गोविंदपुरम मंडी के गेट नंबर दो पर कर्मियों को उतारकर बाबा मार्केट कट से बाएं मुड़कर 47वीं वाहिनी पीएसी होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगी।
वहीं मोदीनगर/ मुरादनगर की ओर से मनन धाम होते हुए ईवीएम जमा करने आने वाली बसें सिटी पार्क के सामने से कर्पूरीपुरम सीएनजी पैट्रोल पंप होकर गोविंदपुरम मंडी के गेट नंबर दो पर कर्मियों को उतारकर बाबा मार्केट कट से 47वीं वाहिनी पीएसी होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगी।

# अयोध्या में श्रद्धा और उल्लास से मनाया जाएगा जानकी जन्मोत्सव

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

चैत्र मास में रामलला के प्राकट्योत्सव के बाद अब माता जानकी के प्राकट्य की तैयारियां शुरू हो गई हैं। जनक नंदिनी माता जानकी का प्राकट्योत्सव इस साल बैसाख शुक्ल नवमी पर जानकी नवमी पर्व मनाया जाएगा। जानकी नवमी को लेकर उदया तिथि का भेद भी सामने आया है। छोटी देवकाली मंदिर में जानकी नवमी का उत्सव 16 मई को मनाया जाएगा जबकि वैष्णव परंपरा के मंदिरों में 17 मई को आयोजन की जानकारी मिली है। इस साल पहली बार राम मंदिर में भी पूरी भव्यता के साथ जनकनंदिनी माता जानकी का प्राकट्योत्सव मनाया जाएगा। श्रीरामजन्म भूमि



तीर्थ क्षेत्र महासचिव चंपत राय ने यह बताया। चंपत राय ने बताया कि रामलला मंदिर के भूतल में बालक राम और उनके अनुजों की ही प्रतिष्ठा की जाएगी। वहीं राम मंदिर के प्रथम तल पर श्रीराम दरबार का विग्रह प्रतिष्ठित किया जाएगा। इस विग्रह में राम-लक्ष्मण, सीता के साथ हनुमान जी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा राम मंदिर में सीता रसोई की भी परिकल्पना की गई है। यहीं भगवान के भोग का प्रसाद भी निर्मित होगा। इस सीता रसोई का निर्माण राम मंदिर के उत्तर में किया गया था।

# रूठे कुलदीप बिश्नोई को मनाने पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रदेश की हिसार लोकसभा सीट से टिकट न मिलने से कुलदीप बिश्नोई नाराज चल रहे हैं। रूठे नेता को मनाने के लिए खुद मुख्यमंत्री नायब सैनी गुरुवार को दिल्ली स्थित बिश्नोई हाउस में कुलदीप बिश्नोई से मुलाकात करने पहुंचे।

बताया गया है कि लोकसभा चुनाव सहित कई विषयों पर सीएम और कुलदीप के बीच विस्तृत व सकारात्मक बातचीत हुई। कुलदीप बिश्नोई का कहना है कि मैं नाराज नहीं हूं। मैं शुरू से ही भाजपा के साथ हूं। हिसार में चुनाव प्रचार के संबंध में उन्होंने बताया कि हिसार



नई दिल्ली। कुलदीप बिश्नोई के निवास पर मिलते हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व अन्य।

से बीजेपी को जिताएंगे। प्रदेश में बीजेपी के लिए एक तरफा माहौल बना हुआ है। वहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कुलदीप बिश्नोई ने नाश्ते पर बुलाया था। हमारे बीच कोई नाराजगी नहीं है।

## पूर्व राष्ट्रपति से मिले

चंडीगढ़। देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मुलाकात की है। दोनों की यह मुलाकात पंजाब राजभवन में हुई है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुलाकात की है। बताया गया है कि प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनाव और सियासी हालात को लेकर भी सीएम सैनी ने पूर्व पूर्व राष्ट्रपति से बातचीत की है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस मैदान में उतरने से डर रही है। उनके पास अभी तक भी सभी सीटों पर उम्मदवार नहीं हैं। सीएम ने कहा कि भव्य बिश्नोई आने वाले समय के नेता हैं। उल्लेखनीय है कि हिसार से रणजीत चौटाला को टिकट देने के बाद हलचल शुरू हुई। कुलदीप बिश्नोई हिसार सीट से भाजपा की टिकट के सबसे प्रबल दावेदार माने जा रहे थे, लेकिन उनकी जगह पर पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने निर्दलीय विधायक और नायब सैनी सरकार के कैबिनेट मंत्री रणजीत सिंह चौटाला को टिकट दे दी है। इसके बाद कुलदीप-भव्य ने न केवल भाजपा उम्मीदवार से दूरी बना ली बल्कि कुलदीप ने सोशल मीडिया पर यह भी लिखा कि वे कांग्रेस में नहीं जा रहे हैं। इससे उनके पार्टी छोड़ने के संकेत सामने आने लगे।

## खबर संक्षेप

### लखनऊ में स्कूलों का समय बदला

लखनऊ। प्रदेश में गर्मी के चलते कक्षा एक से आठ के परिषदीय व मान्यता प्राप्त विद्यालयों का समय



बदल दिया गया है। सभी विद्यालय सुबह 7.30 बजे से दोपहर एक बजे तक चलेंगे। बेसिक शिक्षा विभाग के विशेष सचिव यतींद्र कुमार ने बेसिक शिक्षा निदेशक को भेजे पत्र में इसका अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा है। इसमें सभी शासकीय और निजी स्कूल शामिल हैं। अभी विद्यालयों का समय सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक का है।

### पेड़ से टकराकर पलटी कार, 4 लोगों की मौत

बलिया। बलिया जिले के फेफना क्षेत्र में फेफना-बक्सर राजमार्ग पर एक कार के एक अन्य वाहन से



आगे निकलने की कोशिश में अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर पलट जाने से उस पर सवार चार लोगों की मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया इस दुर्घटना में कार सवार सभी पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने चार लोगों को मृत घोषित कर दिया।

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर साधा निशाना

# कल्याण के निधन पर संवेदना तक नहीं और माफिया की मौत पर फातिहा पढ़ने चले गए

एजेंसी ▶▶| मैनपुरी

**योगी ने मैनपुरी में विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए कहा कि इन लोगों ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का विरोध किया। विरासत टैक्स लगाकर आप की विरासत कांग्रेस और सपा झटक लेंगी।**

भाजपा सपा के गढ़ में मैनपुरी और इटावा लोकसभा की दोनों सीटें जीतने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है। मैनपुरी में भाजपा प्रत्याशी के लिए माहौल बनाने के लिए जसवंतनगर विधानसभा में पहली बार सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को रामलीला मैदान में जनसभा की।

यहां उन्होंने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम ने सपा, कांग्रेस और बसपा पर जमकर हमला बोला। योगी ने कहा कि सपाइयों ने कल्याण के निधन पर संवेदना तक व्यक्त नहीं की और माफिया की मौत पर फातिहा पढ़ने चले गए।

उन्होंने कहा कि एक तरफ अपनी विकास योजनाओं के साथ मोदी जी हैं और दूसरी तरफ सपा का गठबंधन और बसपा है। उन्होंने कहा कि, पूछिए रामलाला की प्राण प्रतिष्ठा का सपा और कांग्रेस क्यों विरोध किया। क्यों दर्शन नहीं किए। एक पार्टी के नेता ने बयान दिया कि विरासत टैक्स लगेंगे। आप की विरासत कांग्रेस और सपा झटक लेंगी।

**खास बातें**

- विकास योजनाएं मोदी के साथ
- कांग्रेस के राज में गरीब भूखा मरता था
- सपा के राज में बेटी और व्यापारी असुरक्षित थे



### अलका के मंगलसूत्र की सपा को चिंता नहीं

योगी ने कहा कि माफियाओं द्वारा गाजीपुर में भारतीय जनता पार्टी के विधायक कृष्णानंद राय जी समेत कई लोगों की हत्या एक साथ की गई थी। श्रीमती अलका राय जी के मंगलसूत्र की कभी चिंता समाजवादी पार्टी के लोगों को हुई? उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस की सत्ता थी तो गरीब भूखों मरता था, किसान आत्महत्या करता था, बेटी और व्यापारी असुरक्षित थे, नौजवान पलायन करता था।

### श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार किया

सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस और सपा के लोग आपको आपकी संपत्ति से वंचित करने का एक कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। गरीबों के नाम पर, जाति के नाम पर शासन करने वाले लोगों ने कभी भी गरीबों को उनका हक देने का काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के बाद श्री अयोध्या धाम में प्रभु श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की बात आई तो कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के लोगों ने कार्यक्रम का बहिष्कार क्यों किया।

### देश की सीमाएं सुरक्षित

योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं, आतंकवाद व नक्सलवाद से भारत मुक्त हुआ है, गरीब-कल्याण की योजनाएं बिना भेदभाव के हर वर्ग तक पहुंची हैं। उन्होंने कहा कि एक-एक वोट 'आत्मनिर्भर और विकसित भारत' की संकल्पना को आगे बढ़ाने के लिए कमल के फूल पर पड़ने जा रहा है।

### गरीबों के हकों पर डकैती डाली

योगी ने कहा कि विपक्षी दल इस बात की वकालत करते हैं कि देश के संसाधनों पर मुसलमानों का अधिकार हो। ऐसे में तो अनुसूचित जाति-जनजाति, पिछड़ी जाति के लोग कहां जाएंगे। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन से जुड़े लोगों को जब भी सत्ता में आने का अवसर प्राप्त हुआ, उन्होंने देश के अंदर अनुसूचित जाति-जनजाति और पिछड़ी जाति के लोगों के हक पर डकैती डालने के साथ ही गरीबों के हकों पर भी डकैती डालने का कुत्सित प्रयास किया है।

## राहुल और प्रियंका गांधी आएंगे अयोध्या

# 2-3 मई को कर सकते हैं भगवान रामलला के दर्शन



बीएस लाठी ▶▶| अयोध्या

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी अगले मई माह की 2 या 3 तारीख को अयोध्या आकर रामलला का दर्शन कर सकते हैं। इसका फैसला वायनाड (केरल) में 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के बाद पूरी तरह से हो सकेगा।

इस दिन इंडिया गठबंधन के पक्ष के मतदान का असर दिखा तो गठबंधन हिंदी बेल्ट में अपने दिग्गजों को मैदान में उतार कर भाजपा को चुनौती देगा। यूपी कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता और फैजाबाद लोकसभा के मीडिया कोआर्डिनेटर गौरव तिवारी वीरू ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अमेठी और रायबरेली की जनता चाहती है कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वहां से चुनाव लड़ें। कांग्रेस आलाकमान को तय करना है कि कौन कहां से लड़े। जो भी होगा उसकी तस्वीर जल्द साफ हो जाएगी।

तिवारी ने कहा कि चुनाव में भाजपा को धर्म की बजाए विकास के दावे को आगे रखकर वोट मांगना चाहिए। देश का युवा, नौजवान और किसान भाजपा की नीतियों से परेशान हैं। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि यूपी में इंडिया गठबंधन को 50 से ज्यादा सीटें मिलने जा रही है।

### सोनिया ने अपना मंगल सूत्र देश के लिए खोया

गौरव तिवारी ने कहा कि हमारी नेता सोनिया गांधी ने अपना मंगल सूत्र देश के लिए खोया है। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने अपने पिता और दादी को देश की मिट्टी में शहीद होते देखा है। उन्होंने कहा कि फैजाबाद लोकसभा का चुनाव इंडिया गठबंधन जीतने जा रहा है। यह गठबंधन ही देश में सरकार बनाने जा रहा है। कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र में किए गए वायदों और लोकतंत्र की रक्षा को लेकर जनता हमारे गठबंधन के पक्ष में मतदान करने जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा कांग्रेस के घोषणा पत्र से घबरा गई है।

## पेज एक का शेष

### भारी संख्या में एयरपोर्ट...

ने उनका स्वागत किया। फैंस ने गुकेश को माला पहनाई और पुलिस को उन्हें सुरक्षित निकालने के लिए मेहनत करनी पड़ी।

### जल्दी ही हिसार...

कांग्रेस पार्टी अपने उम्मीदवारों की घोषणा को लेकर बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। कांग्रेस पूरे देश में खत्म हो चुकी है। कांग्रेस का टिकट लेने वाला कोई नहीं रहा। कांग्रेस सभी 10 लोकसभा सीटों में बुरी तरह से पराजित होगी। सीएम सैनी ने मीडिया से कहा कि जब से कुलदीप बिश्नोई भाजपा में आए हैं, हमारी पार्टी को काफी मजबूती मिली है। आज मैं कुलदीप बिश्नोई के घर नाश्ते पर गया था। परिवार से मिलकर बहुत अच्छा लगा। रुठने-मनाने जैसा कुछ भी नहीं है। हरियाणा में हम सभी 10 लोकसभा सीटें पूरी मजबूती के साथ जीत रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी और पूर्व सीएम मनोहर लाल के नेतृत्व में हम जबरदस्त जीत हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने में हरियाणा का अहम योगदान होगा। हार के डर की वजह से कांग्रेस मैदान में उतरने का साहस नहीं जुटा पा रही है। आने वाले दिनों में पीएम मोदी, अमित शाह और जेपी नड्डा भी हरियाणा में चुनाव प्रचार करेंगे।

### कांग्रेस ने तो जवानों...

नहीं है, जबकि कांग्रेस के लिए अपना परिवार ही सब कुछ है। पीएम मोदी ने कहा कि यह कांग्रेस की नीति है कि, जो देश के लिए सबसे ज्यादा योगदान करे, सबसे ज्यादा मेहनत करे, सबसे ज्यादा समर्पण करे, उसे सबसे पीछे रखो। यही वजह है कि कांग्रेस ने सालों तक सेना के जवानों की 'वन रैंक वन पेंशन' जैसी मांग पूरी नहीं होने दी। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार बनते ही 'वन रैंक वन पेंशन' को लागू किया गया। हमने सीमा पर खड़े जवानों की सुविधा की भी चिंता की। कांग्रेस सरकार ने जवानों के जो हाथ बांध रखे थे, हमने उन्हें भी खुली छूट दे दी। हमने कहा कि अगर एक गोली आती है तो 10 गोली चलनी चाहिए। अगर एक गोला फेंकते हैं तो 10 तोपें चल जानी चाहिए।

**कांग्रेस ने कर्नाटक में किया पाप:** कांग्रेस पर हमलावर पीएम मोदी ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस का राज है और उन्होंने वहां क्या पाप किया है, ये जानकर आप हैरान हो जाएंगे। पीएम ने कहा कि आपके गांव में आकर कोई कह दे कि इस गांव में सारे लोग अब 'ये' नहीं 'ये' हो गए हैं, तो क्या आपको ये मंजूर होगा। कांग्रेस सरकार ने कर्नाटक में मुस्लिम समाज के लोग हैं, उच्च वर्ग के, धनी, व्यापारी, उद्यमी, न्यायमूर्ति, कोई भी बस मुसलमान होना चाहिए।

### पटना स्टेशन...

बाहर निकाला गया है वहीं 38 लोगों का इलाज हो रहा है। इस घटना में कई लोग बिल्डिंग में फंसे थे, जिनको हाइड्रोलिक क्रेन और दमकल की गाड़ी से नीचे उतारा गया। बिल्डिंग में फंसे कुछ लोगों को जब निकाला गया था तो वो उस वक्त मूर्छित यानी बेहोश हो गए थे। कई लोग आग में फंसे थे जिनको बमुश्किल बचाया गया।

**फटा सिलेंडर पहले से ही लीक था:** होटल स्टाफ के एक व्यक्ति ने कहा कि होटल में गैस सिलेंडर में आग लगी। चाउमीन व दूसरे फास्ट फूड बनाने के लिए नया सिलेंडर बदलने के लिए लाया गया था। यह पहले से ही लीक था। तब ही पहले से जल रही आग उसमें भी लग गई। इसके बाद स्टाफ ने आग बुझाने के लिए अपने स्तर पर कोशिश की गई लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। फिर आग की जानकारी फायर ब्रिगेड की टीम को दी गई। पहले दो यूनिट लेकर दमकल की टीम पहुंची थी। आग भीषण होने की वजह से आसपास के फायर स्टेशन से संपर्क किया गया। कंकड़बाग, लोदीपुर फायर स्टेशन से गाड़ियां मंगवाई गईं। कुल 51 फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया जा सके। मौके पर पहुंचीं होम गार्ड और फायर सर्विसेज की महानिदेशक शोभा अहोतकर ने कहा कि हमने 16,000 से ज्यादा होटलों का फायर ऑडिट किया है और यह अभी भी चल रहा है।

### वकीलों को अब...

नंबर भी साझा किया और कहा कि इस पर कोई संदेश और कॉल प्राप्त नहीं होगा। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि इससे हमारी कामकाजी आदतों में महत्वपूर्ण बदलाव आएगा और कागजात बचाने में काफी मदद मिलेगी। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ के नेतृत्व में शीर्ष अदालत न्यायपालिका के कामकाज को डिजिटल बनाने के लिए कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने ई-कोर्ट परियोजना के लिए सात हजार करोड़ रुपए की मंजूरी दी है।

### लोकसभा अध्यक्ष ....

जम्मू-कश्मीर की एक-एक सीटें शामिल हैं। दूसरे चरण में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी, शशि थरूर, वैभव गहलोत, रविंद्र सिंह भाटी, पप्पू यादव, हेमामालिनी, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, जम्मू-कश्मीर की पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती समेत कई प्रमुख नेता इस चरण में किस्मत आजमा रहे हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) ने 1,192 उम्मीदवारों के हलफनामे में दी गई जानकारी पर एक रिपोर्ट तैयार की। इनमें से 21% यानी 250 उम्मीदवार पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। 390 यानी 33% उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है। 6 उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति शून्य बताई है, जबकि तीन के पास 500 से 1,000 रुपए की संपत्ति है।

### इन सीटों पर...

भी रहे हैं। वहीं, कांग्रेस ने दो बार भाजपा विधायक रहे प्रह्लाद गुंजल को उतारा है।

**जोधपुर, राजस्थान:** भाजपा की ओर से केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह चुनाव मैदान में हैं। वे पिछले दो बार से जीतते आ रहे हैं। यहां की आठ विधानसभा सीटों में से सात पर भाजपा का कब्जा है। कांग्रेस ने इस सीट पर करण सिंह उचियारड़ा को उतारा है।

**मेरठ, उत्तर प्रदेश:** भाजपा ने मेरठ सीट से अरुण गोविल को मैदान में उतारा है। 'रामायण' सीरियल में भगवान राम की भूमिका निभाने वाले अरुण को तीन बार से सांसद राजेंद्र अग्रवाल का टिकट काट कर प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं, सपा की ओर से सुनीता वर्मा को मैदान में उतारा गया है।

**मथुरा, उत्तर प्रदेश:** मथुरा से दो बार की सांसद और प्रसिद्ध अभिनेत्री हेमा मालिनी को भाजपा ने तीसरी बार टिकट दिया है। बसपा ने सुरेश सिंह को टिकट दिया है जिनकी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में काफी मजबूत पकड़ रही है।

**राजनांदगांव, छत्तीसगढ़:** इस सीट पर कांग्रेस ने इस बार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को यहां से उतारा है। वहीं, भाजपा ने वर्तमान सांसद संतोष पांडे को दोबारा टिकट दिया है।

**टीकमगढ़, मध्य प्रदेश:** भाजपा ने टीकमगढ़ से केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार खटीक को उतारा है। वे छह बार सांसद रह चुके हैं। कांग्रेस ने यहां से पंकज अहिरवार को उतारा है।

## अखिलेश के प्रत्याशी बनने पर सुब्रत बोले

# अब मैच भारत और पाक जैसा जीत भारत (भाजपा) की होगी

एजेंसी ▶▶| कन्नौज

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के कन्नौज लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करने पर यहां से भाजपा के प्रत्याशी सुब्रत पाठक ने कहा है कि अखिलेश यादव के आने से अब मैच भारत और पाकिस्तान की तरह दिलचस्प हो गया हैं लेकिन ये तो तय है कि जीत भारत की ही होगी।

उन्होंने कहा कि अगर तेज प्रताप के साथ मैच होता तो मैच भारत और नेपाल की क्रिकेट टीम जैसा हो जाता, लेकिन अब मैच भारत और पाकिस्तान के जैसा होगा। लेकिन जीतना भारत को ही है। क्योंकि उनकी (अखिलेश यादव)



विचारधारा पाकिस्तान जैसी है। सुब्रत पाठक ने कहा कि हमारे समाने कोई चुनौती नहीं थी। चुनाव हो तो रोचक हो। जब हम कोई मैच देखने जाते हैं तो हम उम्मीद करते हैं मैच रोचक हो, अच्छा हो। हार-जीत किसी भी हो लेकिन अगर मैच एकतरफा हो जाता है तो मजा नहीं आता है।

## आकाश आनंद ने भरी हुंकार, कहा

# अपने वोट का करें सही इस्तेमाल बसपा लोगों के लिए लड़ने वाली

एजेंसी ▶▶| आजमगढ़

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद ने गुरुवार को आजमगढ़ जिले के लालगंज लोकसभा क्षेत्र के मई खरगपुर में पार्टी प्रत्याशी डॉ. इंदू चौधरी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने जो वोट की ताकत दिया है

उसका प्रयोग हम इन पर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बसपा एक मिशन है। आम जनता के हित को लेकर लड़ने वाली पार्टी है। पार्टी मुखिया मायावती की नीतियां सभी जानते हैं। उनके शासन काल को भी लोगों ने देखा है।



### *तीन प्रत्याशियों के नाम घोषित*

*बसपा ने लोकसभा सीटों के लिए तीन प्रत्याशियों के नाम घोषित किए हैं। रायबरेली संसदीय सीट पर ठाकुर प्रसाद यादव, अंबेडकरनगर सीट पर कमर हयात अंसारी और बहराइच सीट पर बृजेश कुमार सोनकर को उम्मीदवार बनाया गया है।*

### युवाओं को रोजगार नहीं

आकाश आनंद ने कहा कि आज सबसे बुरा हाल युवाओं का है। मां-बाप काफी पैसा खर्च कर हमें पढ़ाते हैं। इसके बाद हमारी जिम्मेदारी होती है कि हम भी कमा कर मां-बाप व परिवार की देखभाल करें। लेकिन आज ऐसा हो नहीं है। युवाओं को रोजगार मिल नहीं रहा तो सरकारी नौकरी की भर्ती पेपर लीक होने के चलते रद्द हो जा रही है। जिसके चलते युवा बेरोजगार होकर घूमने को मजबूर हैं। ऐसा करने वालों को अब सबक सिखाने का वक्त आ गया है।

## रांची के होटवार पोल्ट्री फार्म में हुई पुष्टि

झारखंड में बर्ड फ्लू बीमारी की दस्तक

# 1800 मुर्गियों और 1697 अंडे किए गए नष्ट, मुर्गियों की खरीद-बिक्री पर रोक, सुरक्षित निपटान की प्रक्रिया जारी

एजेंसी ▶▶| रांची

रांची के होटवार में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद बुधवार को उस क्षेत्र के एक किलोमीटर के दायरे में जिंदा या मृत मुर्गियों के उत्पाद और अंडे की खरीद-बिक्री पर रोक लगा दी गई है।

बताया गया कि होटवार में लगभग 1800 मुर्गी और 400 बतख थे। पशु स्वास्थ्य संस्थान कांके के निदेशक सनथ पंडित ने बताया कि पुष्टि के बाद जिला पशुपालन अधिकारी की अगुवाई में टीम गठित कर नष्ट करने का निर्देश दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि संक्रमित पक्षियों के सुरक्षित निपटान की प्रक्रिया जारी है।

संक्रमित क्षेत्र की सफाई शुरू

लोगों को चिकन न खाने की सलाह

अगले तीन माह तक मुर्गियों के लाने पर पाबंदी



### फार्म को किया सैनिटाइज

पशुपालन निदेशालय ने बताया कि अब तक 1697 अंडे और 1800 पक्षियों को डिस्पोज किया जा चुका है, पूरे फार्म को सैनिटाइज किया जा रहा है। हम अगले तीन महीनों तक कोई पक्षी नहीं लाएंगे। 20 अप्रैल को बीमारी की पुष्टि हुई।

### *आरआर टीम गठित*

*बताया गया कि पोल्ट्री एर्या के होटवा में एपिक सेंटर के एक किमी के अंदर सभी पक्षियों और अंडों को नष्ट करने, संक्रमित क्षेत्र की सफाई और डिस्इंफेक्शन एक्शन प्लान के तहत रैपिड रिस्पांस (आरआर) टीम का गठन किया गया है। क्षेत्रीय पोल्ट्री फार्म के असिस्टेंट मैनेजर डॉ. गणेश राम महली ने बताया कि हमें पोल्ट्री फार्म में और इसके एक किलोमीटर के दायरे में सभी पक्षियों और अंडों को नष्ट करने का निर्देश दिया गया। हमें लोगों को चिकन न खाने के लिए जागरूक करना होगा, क्योंकि इससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाएगा।*



एंज्वॉयमेंट / शिखर चंद जैन

अगले महीने से समर वेकेशन यानी गर्मी की छुट्टियां शुरू हो जाएंगी। इस दौरान हो सकता है, तुम किसी हिल स्टेशन पर या दादी-नानी के घर घूमने जाओ। लेकिन अगर तुम कहीं नहीं जा रहे हो तो कुछ ऐसी क्रिएटिव-एंटरटेनिंग एक्टिविटीज कर सकते हो जिसमें तुम्हें मजा तो आएगा ही बहुत कुछ नया सीखने को भी मिलेगा। ऐसे ही कुछ आइडियाज के बारे में जानो।

# समर वेकेशन को बनाओ क्रिएटिव-एंटरटेनिंग

गर्मी की छुट्टियों में अगर कहीं घूमने का प्लान ना हो तो बच्चे घर में बोरियत महसूस करने लगते हैं। ऐसा तुम्हारे साथ ना हो इसके लिए आने वाली समर वेकेशन के लिए क्या तुमने कोई प्लानिंग की है? अगर नहीं तो हम तुम्हें यहां बता रहे हैं, वेकेशन के बेस्ट यूज करने के आइडियाज।

## बनाओ कलर्ड कॉमिक्स

बच्चों, तुम खूब कहानी और कॉमिक्स पढ़ते ही होगे, लेकिन कितना मजा आए अगर तुम खुद अपनी लिखी हुई किसी कहानी के आधार पर खूब सारे रंगीन चित्र बनाओ और अपना खुद का कॉमिक्स तैयार करो! अगर तुम खुद कहानी न लिख पाओ तो किसी रोचक घटना के आधार पर या फिर अपनी पढ़ी हुई किसी पसंदीदा कहानी के आधार पर भी स्केच पेन या क्रेयॉन कलर्स के इस्तेमाल से एक प्लेन पेपर नोटबुक में कॉमिक्स बना सकते हो। हो सके तो अपने दोस्तों को भी इसके लिए मोटिवेट करना फिर सब एक-दूसरे की तैयार की गई कॉमिक्स मजे से पढ़ना।

## बालकोनी में लगाओ बर्ड फीडर

गर्मी के दिनों में जैसे चिलचिलाती धूप, उमस और प्यास से हम बेचैन हो जाते हैं, वैसे ही पशु-पक्षी भी परेशान रहते हैं। तुम चाहो तो अपने घर की बालकोनी, छत या सामने पड़ी खाली जगह को एक शानदार बर्ड फीडिंग स्टेशन बना सकते हो। यहां पक्षियों के लिए पानी से भरे कुंडारे, बड़े सिकोरे या अन्य बर्तन और उनके चुगने की व्यवस्था करने के लिए दाने भरे फीडर लगा सकते हो। इससे पक्षियों को दाना-पानी तो मिलेगा ही तुम्हें भी उनकी अठखेलियां



देखने और मधुर चहचहाहट सुनने का मौका मिलेगा। इस स्टेशन पर जब गौरैया, कबूतर, तोते और मैना आदि तरह-तरह के पक्षी सुबह शाम जुटेंगे तो तुम्हें बहुत अच्छा लगेगा।

## बनाओ पजल्स और गेम्स

गेम्स और पजल्स खेलने में तो खूब मजा आता है। लेकिन कितना अच्छा हो कि अपनी कल्पनाशक्ति से तुम खुद ही नए-नए गेम्स और पजल्स भी बना डालो। जिगशॉ पजल बनाने के लिए किसी प्रसिद्ध इमारत, पक्षी या सेलिब्रिटी की तस्वीर लेकर उसे कार्डबोर्ड पर चिपका दो। फिर इसे जगह-जगह से काट कर



अलग कर दो। इसी तरह-तरह कोई अलग सा बोर्ड गेम बनाकर तुम अपने फ्रेंड्स के साथ खेल सकते हो।

## करो वाल पेंटिंग

अगर तुम्हारे घर के सामने या पिछवाड़े में कोई बगीचा है या छत पर तुमने गमले वगैरह रखे हैं या फिर बरामदे की बाहरी दीवारें रास्ते की तरफ से नजर आती हैं तो तुम यहां सुबह या शाम के समय सुंदर-सुंदर पेंटिंग बनाकर इन दीवारों को सजा सकते हो, इन्हें आकर्षक बना सकते हो। फूलों, पक्षियों, तितलियों आदि के चित्र से दीवारें बहुत सुंदर नजर आएंगी। साथ ही तुम्हें म्यूरल पेंटिंग की प्रैक्टिस का मौका भी मिलेगा। इसी तरह तुम चाहो तो प्लांटर्स और गमलों को भी तरह-तरह के पेंट से सजाकर उन्हें आकर्षक लुक दे सकते हो।

## बनाओ फैमिली हिस्ट्री बुक

कई बार तुम्हें अपने मम्मी-पापा के मम्मी-पापा का नाम तो पता होता है लेकिन इसके बाद यानी परदादा-परदादी, परनाना-परनानी का नाम मालूम नहीं होता। इन छुट्टियों में तुम अपनी फैमिली ट्री को जानने की कोशिश कर सकते हो। मम्मी-पापा से उनके जन्मस्थान, वहां से जुड़ी बातें, खास रीति-रिवाज, वहां का विशेष खान-पान, उनकी खास यादें और उनके पैरेंट्स के साथ-साथ ग्रैंड पैरेंट्स का नाम भी पूछो। इन सारी बातों को चित्रों और तस्वीरों के साथ एक नोटबुक में सुंदर तरीके से लिखो। जन्म स्थान के गांव, कस्बे या शहर की कोई जानकारी भी लिखो। अपने नजदीकी रिश्तेदारों की भी जानकारी भी इसमें लिख सकते हो। यह सब जानकर तुम्हें बहुत अच्छा लगेगा और तुम जो नोटबुक बनाओगे, वह अपने आप में एक फैमिली डॉक्यूमेंट जैसा बन जाएगा।

## सीखो नई स्किल

इन छुट्टियों का इससे अच्छा उपयोग और क्या होगा कि तुम इस दौरान कोई नई स्किल सीख लो। समर वेकेशन में नई भाषा, कोई म्यूजिकल




इंस्ट्रूमेंट बजाना, क्राफ्ट वर्क जैसे पेपर क्विलिंग, ओरिगामी, डेकोपेज (किसी वस्तु पर विशेष कलर इफेक्ट, सजावटी चीजों के साथ रंगीन कागज के कट आउट चिपकाकर उन्हें सजाने की कला) जैसी कलाएं सीखने में बहुत मजा आएगा। जब तुम कोई नई स्किल, भाषा या आर्ट सीख लोगे तो स्कूल खुलने पर अपने दोस्तों के सामने उसका प्रदर्शन करके अपना इंप्रेशन भी जमा सकोगे और टीचर भी खूब शाबासी देंगे। तो बच्चों, यहां दिए गए आइडियाज में से कोई भी आइडिया सेलेक्ट करके तुम आने वाली समर वेकेशन को खूब क्रिएटिव और एंटरटेनिंग बना सकते हो। *

कुछ बच्चे बहुत जिज्ञासु स्वभाव के होते हैं। वे किताबें पढ़कर, अपने से बड़ों से सवाल करके अपनी नॉलेज बढ़ाते रहते हैं। हिमानी भी इन्हीं बच्चों में से है। एक दिन उसने अपने दादा जी से सवाल किया कि समुद्र का पानी खारा क्यों होता है? दादा जी ने उसे जो जानकारी दी, तुम्हारा जानना भी जरूरी है।

# समुद्र का पानी क्यों होता है खारा

नॉलेज जोन / अशोक जोशी

हिमानी की आदत है, वह स्कूल में सिर्फ अपने टीचर से ही नहीं, घर पर अपने दादा जी या पापा से भी ऐसी जानकारियां लेती रहती है, जिससे उसका ज्ञानवर्धन हो। हिमानी का स्वभाव अपनी हर जिज्ञासा को शांत करना है। कई दिनों से उसके दिमाग में एक प्रश्न कौंध रहा था कि समुद्र का पानी खारा क्यों होता है? आज उसने अपने दादा जी से यह सवाल पूछ ही लिया। हिमानी ने जानना चाहा, 'दादा जी, सारी नदियां जाकर समुद्र से मिलती हैं। नदियों का पानी मीठा रहता है, जबकि सारी नदियों का पानी समाहित करने वाले समुद्र का पानी खारा होता है। मेल-जोल का परिणाम तो मीठा होना चाहिए। लेकिन नदियों और सागर का संगम खारा क्यों?'



दादा जी मन ही मन हिमानी के इस प्रश्न पर खुश हुए फिर बोले, 'शाबास बेटा, तुम जिस तरह अपनी नॉलेज बढ़ाने के लिए प्रश्न पूछती रहती हो, यह बहुत अच्छी बात है।' एक पल रुककर दादा जी आगे बोले, 'हां, हिमानी बेटा मैं भी यही मानता हूं कि मेल-जोल का परिणाम तो मीठा होना चाहिए। लेकिन इस मेल-जोल में किसी तरह की मिलावट नहीं होनी चाहिए। जब नदियां अपने स्रोत से निकलती हैं तो मीठी और साफ ही होती हैं। लेकिन समुद्र तक पहुंचते-पहुंचते रास्ते में इनमें कारखानों से निकलने वाली गंदगी और हमारे द्वारा डाले जा रहे कचरे के कारण ये गंदी हो जाती हैं। जब समुद्र में नदियों के साथ इतनी अशुद्धियां और इतनी गंदगी और प्रदूषण आता है तो इसका खारा होना स्वाभाविक ही है। यह तो हमारे समझने की बात है। लेकिन यदि विज्ञान की दृष्टि से देखा जाए तो महासागरों और समुद्रों के पानी में सबसे अधिक क्लोरीन और सोडियम के आयन मौजूद होते हैं। ये दोनों आयन मिलकर महासागरों में घुले आयनों का 85 फीसदी हिस्सा बनाते हैं। इसके बाद मैग्नीशियम और सल्फेट 10 फीसदी हिस्सा बनाते हैं। इनके अलावा बाकी आयनों की मात्रा बहुत कम होती है। इसलिए, हमें समुद्र का पानी हमेशा खारा लगता है। दूसरा कारण खारे पानी का यह है कि समुद्रों में सबसे ज्यादा नमक नदियों से आता है। कहा जाता है कि बारिश का पानी थोड़ा अम्लीय होता है, जब यह पानी जमीन की चट्टानों पर पड़ता है, तो उसका अपरदन कर देता है, इससे बनने वाले आयन नदी के रास्ते समुद्रों में मिल जाते हैं। इससे समुद्र का पानी खारा होता रहता है।' दादा जी ने हिमानी से पूछा, 'क्या तुम बता सकती हो कि दुनियाभर के समुद्रों में कितना नमक होता होगा?

'नहीं दादा जी..!'

हिमानी ने ना में सिर हिला दिया। दादा जी ने बताया, 'अमेरिका के नेशनल ओशियाना और एटमोस्फियरिक एडमिनिस्ट्रेशन के अनुसार यदि सभी समुद्रों से पूरा नमक निकाल कर जमीन पर फैला दिया जाए तो उसकी परत 500 मीटर ऊंची हो जाएगी।' 'अरे बाप रे! कहते हुए हिमानी ने आश्चर्य से अपनी आंखों की पुतलियां घुमा दीं, जिसे देखकर दादा जी को हंसी आ गई। हिमानी भी दादा जी के साथ हंस पड़ी। *



## जीके क्विज-101

1. पिछले दिनों आईपीएल के इतिहास में सर्वाधिक शतक लगाने वाले खिलाड़ी कौन बने हैं?
2. हाल ही में किस 17 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी ने सबसे कम उम्र में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर विश्व रिकॉर्ड बनाया?
3. अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस कब मनाया जाता है?
4. किस अंग्रेज को मुगल शासक जहांगीर ने 'खान' की उपाधि से सम्मानित किया था?
5. भारत छोड़ो आंदोलन का नेतृत्व किसने किया था?
6. भारत में हरित क्रांति का जनक किसे माना जाता है?
7. एक्स-रे की खोज किस भौतिक वैज्ञानिक ने की थी?
8. भारतीय संविधान सभा के पहले अंतिम अध्यक्ष कौन थे?
9. 'भारत-भारतियों के लिए', यह नारा किस महापुरुष ने दिया था?
10. संसार का सबसे छोटा पक्षी कौन-सा है?



बच्चो, जीके क्विज-101 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-100 का उत्तर :** 1. मीराबाई चानू, 2. 24 अप्रैल, 3. गगनशक्ति-2024, 4. लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो, 5. मंगूभाई सी. पटेल, 6. ईरान, 7. शुक्र, 8. नाइट्रस ऑक्साइड, 9. ऑर्निथोलॉजी, 10. अबुल फजल

**जीके क्विज-100 का सही उत्तर देने वाले :** आकांक्षा-अहमदाबाद, शिवाय-भोपाल, येणु-धमतरी, कबीर-हिसार, रश्मि-जबलपुर, ईशान-अहमदाबाद, तानिया-धमतरी, राहुल-हिसार, सरबजीत-करनाल, वेदांत-मेल से, पाखी-बिलासपुर, नितिन-कोरबा

## हंसगुल्ले

**मम्मी** : खरगोश और कछुए की कहानी से क्या शिक्षा मिलती है?
**गोलू**: मम्मी, यही कि रेस भले ही हार जाओ, पर नींद पूरी होनी चाहिए।
-अंकेश, रायपुर

**टीचर** : पानीपत की दूसरी लड़ाई के बाद क्या हुआ?
**राजू** : सर, इतिहास की किताब में रटने के लिए एक और चैप्टर बढ़ गया।
-शांतनु, भिलाई

**टीचर** : बताओ, अंग्रेजों के खिलाफ पहली क्रांति कब हुई थी?
**रोनित** : सर, मुझे कैसे पता होगा? मैं तो उस वक्त था ही नहीं।
-नेहा, भोपाल

**साइंस टीचर** : बच्चों, सभी ग्रह अपनी-अपनी कक्षा में घूमते रहते हैं।
**कुणाल** : सर, अगर वे अपनी-अपनी कक्षा में घूमते रहते हैं, तो पढ़ते कब हैं?
-ज्योत्सना, रोहतक



कहानी
हरीशचंद्र पांडे

रोनित ने रविवार के दिन घर में रहकर कोई अच्छा काम करने की सोची। जब अच्छा काम करने लगा तो सब उल्टा-पुल्टा होने लगा। उसके कुछ समझ में नहीं आ रहा था कि ऐसा क्यों हो रहा है? अंत में उसकी बुआ जी के आने से माजरा एकदम उसके पक्ष में बन गया।

# सबसे प्यारा रोनित!



रोनित सुबह से यही सोच रहा था, आज रविवार है, कोई अच्छा काम करे, लेकिन क्या करे? यही सोचता हुआ वह बिस्तर से उठकर बाहर बरामदे में आ गया। इधर-उधर गौर से देखा, सोच-विचार किया, उसके दिमाग में आया, 'अरे! गमले के पौधे प्यासे हैं, इन्हें पानी दिया जाए।' पास ही नल के नीचे बाल्टी भरी हुई दिखी, उसने तुरंत उसे उठाया और सारा पानी गमलों में डाल दिया। तभी मम्मी जोर से चिल्लाईं, 'अरे! यह पानी तो दादा जी के नहाने के लिए था। गमले में तो मैंने अभी-अभी पानी डाला है। रोनित तुम भी क्या करते रहते हो...!'

'अरे मम्मी! सॉरी...।' कहकर रोनित वहां से सरपट भागा। भागकर पापा के कमरे में आया। वहां देखा, पापा आराम कुर्सी पर बैठकर मजे से टीवी देख रहे हैं। रोनित ने उनको टोका, 'पापा उठिए और सीधे बैठ जाइए। आप तो बहुत गलत ढंग से बैठे हैं। इसीलिए आपकी पीठ और कमर में दर्द रहता है।' 'अरे, बेटा आज रविवार के दिन यह लेक्चर क्यों दे रहे हो? इसी तरह आराम से बैठे रहने दो।' पापा बैठे-बैठे बोले।

'हमारी योगा टीचर कहा करती हैं, यह बैठने का गलत तरीका है। उठिए और सीधे बैठिए।' रोनित ने पापा से फिर कहा।

तभी पापा के मोबाइल पर किसी का फोन आ गया। वह सीधे खड़े हो गए और टहल-टहल कर बात करने लगे। रोनित की सलाह बेकार चली गई।

रोनित अपने बड़े भैया के पास अजीब-सी शक्ल बनाकर पहुंचा। वह खिड़की से बाहर पड़ोसी चौधरी अंकल के पेड़ के पके-पके अमरूद ध्यान से देख रहे थे। रोनित को लगा, भैया को अमरूद खाना है। वह बोला, 'ओह, मेरे बड़े भैया, मैं कब आपके काम आऊंगा?' यह कहकर वह झट से स्टोररूम में गया, वहां से एक डंडा ले आया। भैया ने मुड़कर देखा, चौंक कर बोले, 'रोनित यह क्या शरारत है?'

वह तुरंत बोला, 'आपके लिए अमरूद तोड़ूं, इसीलिए मैं डंडा लाया हूं।'

'ओहो! तुम्हें पता है यह पेड़ हमारा नहीं है। तब भी तुम डंडा ले आए। कमाल करते हो, लगता है तुम्हारे पास कोई काम नहीं है। चलो, अब यह डंडा वहीं रखो जहां से लाए हो।' भैया ने रोनित को डांटा।

रोनित ने उलटे पैर जाकर डंडा उसी जगह पर रख दिया। तभी उसे अपने बगीचे में माली काका आते दिखे। उसने सोचा, माली काका बहुत बुजुर्ग हैं। अब इनका हाल-चाल पूछ लेता हूं। यह सोचकर वह बाहर आया और झुककर नमस्ते कर के बोला, 'नमस्ते माली काका, आप कैसे हैं?'

माली काका को हंसी आ गई। वह रोनित से बोले, 'अरे अच्छे हैं बेटा।'

'अच्छा, आप सचमुच बहुत अच्छे हैं।' एक पल रुककर रोनित ने फिर पूछा, 'कैसे हैं माली काका आप, अच्छे हैं ना?'

'अरे बिटवा तुम्हें क्या हो गया है? बार-बार काहे हाल-चाल पूछ रहे हो, चलो हमको काम करने दो।' हंसते हुए यह कहकर माली काका अपने काम में लग गए।

रोनित अब पहुंचा अपने दादा जी के पास। वह चुपचाप बैठे थे। रोनित उनकी खामोशी की वजह समझ गया। वह दादा जी से बोला, 'अच्छा तो आपने फिर से मम्मी-पापा से छुपकर चीनी खाई है।'

'अरे रोनित, क्या बोल रहे हो! तुम्हारे मम्मी-पापा सुन लेंगे तो आफत कर देंगे। जरा धीरे से बोलो।' दादा जी मुंह पर अंगुली रखते हुए बोले।

रोनित आहिस्ता से बोला, 'हां... हां... आपने जरूर चीनी खाई है, शुगर बढ़ गई है, इसीलिए चुपचाप बैठे हैं। है ना दादा जी!'

दादा जी को डर था कि रोनित के मम्मी-पापा चीनी वाली बात सुन ना लें। इसलिए वह रोनित से बोले, 'अब तुम चुपचाप ही बैठो तो सही रहेगा।'

'तो ठीक है दादा जी, मैं अब चुपचाप ही रहता हूं। आज सुबह जब से जागा हूं, तब से कोई मेरी सुन ही नहीं रहा।' रोनित चुपचाप एक ओर जाकर बैठ गया।

'अरे, मैं तो सुन रही हूं।' किसी ने पीछे से थपकी दी। रोनित ने मुड़कर देखा, सामने बुआ जी खड़ी हुई थीं। वह जोर से चहका, 'अरे बुआ जी आप..!'

'अरे हां रोनित, तुमने कितनी प्यारी चिट्ठी लिखी थी। मैं उसे पढ़ते ही यहां आ गई। बेटा, तुम हो सबसे प्यारे और यह देखो मैं तुम्हारे लिए टी-शर्ट लाई हूं। देखो, इसमें क्या लिखा है, सबसे प्यारा रोनित।'

'वाह! थैंक क्यू मेरी प्यारी बुआ!' खुशी से उछलते हुए रोनित बोला।

घर के लोग रोनित की बुआ जी के आने से बहुत खुश थे। रोनित अपनी बुआ जी के साथ बैठकर मीठी गपशप में लग गया था। परिवार के लोग भी बैठे उनकी बातें हंसते हुए सुन रहे थे। *

कविता
इंद्रजीत कौशिक



## फुग्गे

फुग्गे वाला फुग्गे लेकर
जब मेले में आया,
ले-लो, ले-लो फुग्गे ले लो
कह कर के चिल्लाया।
नीले, पीले, हरे, गुलाबी
कुछ का रंग था लाल,
बन मतवाले झूम रहे थे
फुग्गे बड़े कमाल।
बच्चों ने जब फुग्गे देखे
झटपट दौड़े आए,
एक नहीं दो-दो लेकर के
मन ही मन हर्षाए।
लेकर फुग्गे बच्चों ने जब
उन्हें हवा में छोड़ा,
ऐसे उड़े हवा में वे तो
जैसे चेतक घोड़ा।

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां एक जैसे दिख रहे दो चित्रों में 6 अंतर मौजूद हैं। इन दोनों चित्रों को ध्यान से देखो और पांच मिनट में सभी अंतर खोजो।



उत्तर- 1.बायीं तरफ खड़ी लड़की के बगल में खड़े डॉग का मुंह बंद है।, 2.दाहिनी ओर खड़ी लड़की के साथ वाले डॉगी का दायां हाथ उठा हुआ है।, 3.बीच वाला लैंप-पोस्ट गायब है।, 4.बायीं तरफ से तीसरी बिल्डिंग गायब है।, 5.बीच में खड़े लड़के की दायीं आस्तीन मुड़ी हुई है।, 6.पीछे दायीं ओर खड़े लड़के के बगल में एक डॉगी है।

## गिनकर बताओ

बच्चों, यहां दिए गए चित्र में कई सारे पक्षी दिख रहे हैं। तुम्हें गिनकर बताना है कि इस चित्र में कुल कितने पक्षी हैं?




उत्तर-17

## बताओ कौन-सा है जानवर



1
एक डाल से दूसरी डाल पर,
उछल-कूद से मेरा नाता,
नकल करने में हूं उस्ताद,
केला बड़े शौक से खाता।

2
घने बालों वाला मैं प्राणी,
शहद मुझे बहुत भाता।
सुस्तराम सब कहते मुझे,
खिलौनों से मेरा है नाता।



3
रेगिस्तान का जहाज हूं मैं,
कम पानी में करता गुजारा।
विशालकाय है मेरा शरीर,
उस पर है इक कूबड़ न्यारा।

4
उम्र मेरी लंबी बहुत,
शरीर वज्र सा मजबूत।
धीमी गति से चलता मैं
निरंतरता का देता सुबूत।

-डॉ. अलका जैन 'आराधना'

उत्तर : 1. बंदर 2. भालू 3. ऊंट 4. कछुआ

## चिंतन

# चुनाव आचार संहिता का पालन करें प्रत्याशी

जैसे-जैसे आम चुनाव आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे नेताओं के बोल बिगड़ने लगे हैं। पहले चरण के प्रचार के दौरान नेता एक दूसरे दल पर प्रहार कर रहे थे, दूसरे चरण आते आते नेता नफरती बोल बोलने लगे हैं। आज जब देश में 13 राज्यों के 88 सीटों पर दूसरे चरण का मतदान हो रहा है, केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने नरेंद्र मोदी व राहुल गांधी को अपने भाषणों में नफरती व विभाजनकारी शब्दों के इस्तेमाल के लिए नोटिस भेजा है। चुनाव आयोग के मुताबिक, मोदी ने राजस्थान में व राहुल ने केरल में असंयमित भाषा का इस्तेमाल किया है। केंद्रीय चुनाव आयोग ने यह नोटिस आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों पर लोक प्रतिनिधित्व कानून 1951 की धारा 77 के तहत जारी किया है। चुनाव आयोग को मिली शिकायत में कहा गया है कि 'ये नेता धर्म, जाति, समुदाय और भाषा के आधार पर लोगों को बांटने और नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं।' भाजपा व कांग्रेस के अध्यक्षों से 29 अप्रैल तक जवाब मांगा है। यूं तो अतीत में आम चुनाव के दौरान नेताओं ने अनेक बार अपने विरोधी दलों व नेताओं के खिलाफ अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल किया है, और उन पर चुनाव आयोग ने एक्शन भी लिया है। लेकिन चिंता की बात यह है कि चुनावों के दौरान नेता संयमित नहीं रहते हैं। आयोग के एक्शन का कोई फर्क नहीं पड़ता है। संसाधन बांटने की बात भी अतिश्योक्ति है और एक झटके में गरीबी खत्म होने की बात भी। नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। संयुक्त राष्ट ने भी अपनी रिपोर्ट में कहा था कि करी 13 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। गरीबी उन्मूलन एक सतत प्रक्रिया है, इसे एक झटके में खत्म नहीं की जा सकती। प्रधानमंत्री रहते हुए अपने कार्यकाल के दौरान कांग्रेस नेता डा. मनमोहन सिंह ने ही कहा था कि उनकी सरकार के पास कोई जादू की छड़ी नहीं है। ऐसे में राहुल की ओर से एक झटके में गरीबी खत्म करने की बात कहना तार्किक नहीं है। अगर ऐसा है तो कांग्रेस का शासन करीब पांच दशक तक रहा है, फिर देश से गरीबी खत्म क्यों नहीं हुई? निर्वाचन आयोग का कहना है कि 'अपने प्रत्याशियों के कामों के लिए राजनीतिक दलों को ही पहली जिम्मेदारी उठानी चाहिए, ऊंचे पद पर बैठे लोगों के चुनावी भाषणों का असर ज्यादा गंभीर होता है।' ऐसे में स्टार प्रचारकों में शामिल बड़े नेताओं को अपने भाषणों के दौरान नापतौल कर बोलना चाहिए। देश में लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए कुछ नियम तय किए गए हैं। इन्हें 1951 में बनाए गए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम में परिभाषित किया गया है। इनमें एक हिस्सा चुनावी आचार संहिता का है। चुनाव के समय हर प्रत्याशी को इसका पालन करना होता है। किसी भी जगह आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत मिलने पर चुनाव आयोग एक्शन लेता है। चुनावों में किसी भी प्रकार के भ्रष्ट आचरण, आपराधिक गतिविधि, विवादित व अमर्यादित भाषण देने वालों के खिलाफ ठोस एक्शन होना ही चाहिए। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत 1975 में इंदिरा गांधी पर, 2006 में सोनिया गांधी पर, 2014 में जयललिता पर, 2017 में नरोत्तम मिश्रा पर कड़ा एक्शन लिया गया था। नेताओं को चाहिए कि वे आचार संहिता का पालन करें और लोक प्रतिनिधत्व कानून का सम्मान करें।



## आम चुनाव

प्रो. नीलम महाजन सिंह

चुनाव प्रजातंत्र का सर्वश्रेष्ठ उत्सव है। चुनाव; मुद्दों, व्यक्ति व नीतियों को लेकर लड़े जाते हैं। पूर्व की तरह इस बार भी चुनाव में अनेक मुद्दे हावी हैं, लोकसभा चुनाव लड़ रहे दलों ने अपनी नीतियों को घोषणा पत्र के रूप में नागरिकों के सामने रखा है। चेहरा के तौर पर राजग का चेहरा एक बार फिर नरेंद्र मोदी हैं, तो कांग्रेस का चेहरा राहुल गांधी हैं। यदि कहें तो यह चुनाव भाजपा बनाम कांग्रेस है तो मोदी बनाम राहुल हैं। यह चुनाव गारंटी बनाम न्याय है तो बहुमत बनाम गठबंधन है। लेकिन इस चुनाव में कम मतदान चिंता का विषय है। चुनाव अंत्योदय का प्रतीक हैं, जिसमें जाति, धर्म, सामाजिक असमानता आदि से ऊपर उठ कर, हर जन को अपनी इच्छानुसार वोट डालना चाहिए।

# मताधिकार का बढ़चढ़ कर करें प्रयोग

पहले चरण का चुनाव 19 मई को हो चुका है, दूसरे चरण का चुनाव आज 26 मई को है। पहले चरण में आनुपातिक रूप से अपेक्षाकृत कम मतदान चिंता का विषय जरूर है, लेकिन दूसरे चरण में बढ़चढ़कर मतदान की उम्मीद है। चुनाव भारत के राजनीतिक प्रजातंत्र का सर्वश्रेष्ठ उत्सव है। चुनाव; मुद्दों, व्यक्ति व नीतियों को लेकर लड़े जाते हैं। पूर्व की तरह इस बार भी चुनाव में अनेक मुद्दे हावी हैं, लोकसभा चुनाव लड़ रहे दलों ने अपनी नीतियों को घोषणा पत्र के रूप में नागरिकों के सामने रखा है। चेहरा के तौर पर राजग का चेहरा एक बार फिर नरेंद्र मोदी हैं, तो कांग्रेस का चेहरा राहुल गांधी हैं। यदि कहें तो यह चुनाव भाजपा बनाम कांग्रेस है तो मोदी बनाम राहुल हैं। यह चुनाव गारंटी बनाम न्याय है तो बहुमत बनाम गठबंधन है। लेकिन इस चुनाव में कम मतदान चिंता का विषय है।
लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर मतदान हो गया, अब 88 सीटों पर आज है। दूसरे चरण में 13 राज्यों में चुनाव हो रहे हैं। उम्मीद है चुनाव पहले की तरह इस चरण में भी कमोबेस शांतिपूर्ण होंगे। दर्ज किया गया। निर्वाचन आयोग ने पूरी तैयारी की है और शतप्रतिशत मतदान की अपील की है। यह प्रजातंत्र के लिए महत्वपूर्ण संकेत है कि राजनैतिक दलों की कड़ी नोकझोंक के बावजूद, भारतीय जनमानस ने अपने वोट के अधिकार का प्रयोग किया है। आरोप-प्रतिरोप तो चुनावों में लगाये ही जाते हैं! मुख्य रूप से चुनाव मुद्दों से हटकर, व्यक्ति विशेष पर आधारित हो रहे हैं। कांग्रेस, भाजपा, व अन्य दलों में आया-राम व गया-राम का सिलसिला चलता रहा। फ़िर वोटिंग मशीन की निष्पक्षता पर भी प्रश्नचिन्ह लगाए गए हैं। पश्चिम बंगाल में पहले चरण में 'बंपर वोटिंग' हुई। चुनावी अखाड़े में लड़ाई, मुख्य रूप से एनडीए बनाम इंडिया गठबंधन की है। पहले फेज़ में नरेंद्र मोदी सरकार के 8 मंत्रियों की किस्मत दांव पर लगी है। चुनाव आयोग की डेटशीट के अनुसार, चुनाव 7 चरणों में होंगे जिसके नतीजे 4 जून, 2024 को आयेंगे। पहले चरण में पश्चिम बंगाल समेत कुछ स्थानों पर हिंसा की कुछ छुट-पुट घटनाएं सामने आईं। वहीं छत्तीसगढ़ में एक ग्रेनेड लांचर के गोले में दुर्घटनावश विस्फोट होने से, सीआरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई। पहले चरण के चुनाव के बाद जो फीडबैक मिला है, उससे साफ है कि देश की जनता पूरी गंभीरता व दृढ़ता के साथ प्रजातांत्रिक प्रणाली में विश्वास रखती है। कांग्रेस के 'नफ़रत या प्यार की दुकान', नारे समान रूप से प्रभावी होते नजर नहीं आए।
पहले चरण में मणिपुर के कुछ जिलों से कुछ घटनाओं की सूचना को छोड़कर मतदान कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रहा। ईवीएम को कुछ नुकसान पहुंचाने, कुछ आपराधिक धमकी देने या किसी द्वारा मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश करने की कुछ रिपोर्टें भी मिली हैं। पश्चिम बंगाल में मतदाताओं में खूब जोश दिखा। उत्तर प्रदेश में आठों लोकसभा सीटों पर पहले चरण के लिए मतदान हुआ। असम में 60.70 %, बिहार में 39.73%, छत्तीसगढ़ में 58.14 %, मध्य प्रदेश में 53.40 % मतदान हुआ है। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री



और राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हम पहले चरण की चारों सीट जीत रहे हैं। लोग बढ़ चढ़ कर वोट डाल रहे हैं। मौजूदा सरकार से लोग गुस्से में हैं। बिहार इस बार चौंकाने वाले परिणाम देगा।दावों की सच्चाई का पता चुनाव परिणाम आने के बाद लगेगा।
मुख्य चुनाव आयुक्त सीएसई, राजीव कुमार ने युवाओं से मतदान में बढ़चढ़ कर हिस्स लेने की अपील की है। उन्होंने कहा, 'आप आनंद महसूस करेंगे, ये मेरी गारंटी है'। पहले चरण के लिए मतदान केंद्रों पर मॉक पोल की कार्रवाई की गई। अब दूसरे चरण में मतदान प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। पहले चरण के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज पहले चरण का मतदान हो रहा है। ये लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव का बहुत बड़ा दिन है। मेरा सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि संविधान से मिले इस अधिकार का उपयोग ज़रूर करें। विशेषकर मैं अपने युवाओं से आग्रह करूंगा, जो पहली बार वोट डालने जा रहे हैं, कि वे ऐसा मौका जाने न दें, वो अवश्य वोट करें। एमएनएम प्रमुख, कमल हासन ने चेन्नई में अपना वोट डाला। नितिन गडकरी ने कहा, हमें मतदान करना चाहिए, यह हमारा मौलिक अधिकार भी है और कर्तव्य भी है। मैं 101% आश्वस्त हूं कि मैं अच्छे अंतर से चुनाव जीतूंगांर। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने भी वोट डाला। उत्तराखंड में एक नवविवाहित जोड़े ने आम चुनाव के लिए पौढ़ी गढ़वाल के एक मतदान केंद्र पर मतदान किया। उधम सिंह नगर में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मतदान किया। पुडुचेरी के लोकतंत्र में हर वोट कीमती और हर आवाज का महत्त्वपूर्ण है। इन सभी सीटों के मतदाताओं से मेरा आग्रह है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें और वोटिंग का नया रिकॉर्ड बनाएं। पहली बार वोट देने जा रहे अपने युवा साथियों से मेरी यह विशेष अपील है कि वे भारी संख्या में मतदान करें। लोकतंत्र में हर वोट कीमती है और हर आवाज का महत्त्व है। आरएसएस प्रमुख डा. मोहन भागवत ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सीईसी राजीव कुमार ने कहा कि यह देखकर बहुत उत्साह है कि युवा मतदाताओं ने वोट डालकर लोकतान्त्रिक प्रणाली में हिस्सा लिया। युवाओं के बीच बहुत सारी जागरूकता गतिविधियां की हैं ताकि अगर किसी भी तरह की उदासीनता हो, तो वे निराश न हों। इस बार हमारे युवा मतदाता न केवल अकेले आने वाले हैं, बल्कि उनसे अपील कई गई है कि वे देश के राजदूत बनें, हमारे प्रभावशाली व्यक्ति बनें- जितना संभव हो उतने दोस्तों, परिवार के सदस्यों को मतदान केंद्र पर लाएँ और उस उत्सव का आनंद लें। अपनी सरकार चुनने की ज़िम्मेदारी महसूस करें। हर नागरिक को चाहिए कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करें। पहले चरण में वर्ष 2019 के पहले चरण के अनुपात में इस बार करीब चार फीसदी कम मतदान हुआ है, इसलिए चुनाव आयोग की कोशिश है कि दूसरे चरण और इआगे के चरणों में मतदान प्रतिशत बढ़े। पहले चरण में अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, अंडमान निकोबार, जम्मू और कश्मीर, लक्षद्वीप, पुदुचेरी राज्य के 102 सीटों पर चुनाव हुए हैं। इस बार भी 13 राज्यों में होंगे, जिसमें मत प्रतिशत बढ़ना चाहिए। युवाओं को आगे आना चाहिए। सारांशाार्थ यह कहना उचित होगा कि, चुनाव अंत्योदय का प्रतीक हैं, जिसमें जाति, धर्म, सामाजिक असमानता आदि से ऊपर उठ कर, हर जन को अपनी इच्छानुसार वोट डाल कर अपने जन प्रतिनिधियों को चुनने का अधिकार प्राप्त है। यही भारत के संविधान का मुख्य सार है। इसलिए नागरिकों को अपने चुनने के अधिकार का उपयोग करना चाहिए।

(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## राजनीति

उमेश चतुर्वेदी



# नक्सलवाद बन सकेगा मुद्दा


चुनावी माहौल में स्थानीय वोटरों के दिल को छूने और उनकी जिंदगी को बदलने वाले मुद्दों को उछालने में राजनीतिक दलों की कोई सानी नहीं है। नक्सली असर वाले छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में गृहमंत्री अमित शाह ने सिर्फ नक्सलियों की चुनौती नहीं दी, बल्कि चुनावी मुद्दा भी बनाने की कोशिश की। चुनावी सभा में अमित शाह ने नक्सलियों से कहा कि या तो समर्पण कर दो या फिर गोली खाने को तैयार रहो। अमित शाह का यह बयान सिर्फ नक्सलियों की चुनौती नहीं, बल्कि नक्सल प्रभावित इलाके के वोटरों को बीजेपी के खिलाफ गोलबंद करने की कोशिश है। आमतौर पर सत्ताधारी दल के बयानों की काट विपक्षी दल खोज लेते हैं, लेकिन नक्सलवाद ऐसा मुद्दा है, जिस पर विपक्ष सत्ताधारी दल के बयान का आसानी से विरोध नहीं कर पाते।

केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार सात राज्यों के पैंतीस जिले ऐसे हैं, जहां नक्सलियों का असर है। इन जिलों की करीब पचास लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जिन्हें नक्सल प्रभावित माना जाता है। इनमें से बिहार की चार सीटों के साथ ही मध्य प्रदेश के बालाघाट, छत्तीसढ़ के बस्तर और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में पहले दौर में ही यानी 19 अप्रैल को मतदान हो चुका है। लेकिन अब भी झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में कई ऐसी लोकसभा सीटें हैं, जहां वोटिंग होनी है। छत्तीसगढ़ के कांकेर में अमित शाह का नक्सलियों से जुड़ा बयान एक तरह से इन इलाकों के वोटरों को लुभाने की कोशिश है। चूंकि पहले दौर के मतदान के ठीक पहले 16 अप्रैल को 29 नक्सली मारे गए थे। पहले दौर के मतदान के ठीक दो दिन बाद यानी 18 अप्रैल को भी छत्तीसगढ़ में दो नक्सली मारे गए। इन वजहों से केंद्र सरकार के पास इस मुद्दे पर कहने को बहुत कुछ है। हालांकि सोलह अप्रैल को हुए नक्सली मुठभेड़ के बाद छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दबे स्वर में मुठभेड़ पर सवाल उठाए थे। जिसका राज्य के मौजूदा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विरोध किया। राज्य में इस बयान को सुरक्षा बलों का मनोबल गिराने वाला बताया जाने लगा। मामला जब तूल पकड़ा तो कांग्रेस को बघेल के बयान पर सफाई देनी पड़ी। शायद यही वजह है कि बीजेपी नक्सलवाद के सफाये के अपने संकल्प के मुद्दे को नक्सल प्रभावित इलाकों में चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिश कर रही है। उसे लगता है कि इस मुद्दे पर कांग्रेस या उसके विरोधी दल आक्रामक जवाब नहीं दे पाएंगे।

नक्सली असर वाले झारखंड और ओडिशा में 13 मई से 2 जून के बीच चार चरणों में चुनाव होने हैं। इसी तरह आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में तेरह मई को ही वोटिंग होनी है। झारखंड में जहां 14 लोकसभा सीटें हैं, वहीं ओडिशा में 21 लोकसभा की सीटें आती हैं। आंध्र प्रदेश में जहां 25 लोकसभा सीटें हैं, वहीं तेलंगाना में 17 सीटें हैं। झारखंड, ओडिशा और तेलंगाना में जहां बीजेपी अपने दम पर चुनावी मैदान में है, वहीं आंध्र प्रदेश में वह तेलुगू देशम पार्टी और जनसेना पार्टी के साथ चुनाव लड़ रही है। इस बार बीजेपी को ओडिशा और तेलंगाना से ज्यादा उम्मीदें हैं। वहीं इंडिया गठबंधन के दल बीजेपी को झारखंड और आंध्र में ही चुनौती दे रहे हैं। जबकि ओडिशा में उसका मुकाबला बीजद से है तो आंध्र प्रदेश में उसके सामने वाईएसआर कांग्रेस और कांग्रेस से अलग-अलग चुनौती है। चूंकि नक्सल प्रभावित राज्यों के 77 सीटों पर मतदान बाकी है, इसलिए बीजेपी नक्सलवाद को मुद्दा बना रही है। नक्सल प्रभावित राज्यों के चुनावी अभियान में नक्सलवाद के सफाए को वह बार-बार तूल दे रही है। झारखंड में भी जब प्रचार अभियान तेज होगा तो बीजेपी इस मुद्दे को तूल देगी। वह बताने की कोशिश करेगी कि कांग्रेस की अगुआई में चले शासन वाले दशक 2004-14 की तुलना में मोदी के शासन वाले 2014-23 के दशक में वामपंथी उग्रवाद से जुड़ी हिंसा में कमी आई है। इस दौरान नक्सली हिंसा में होने वाली मौतों की संख्या में 69 फीसद की कमी आई है। जो 6,035 से घटकर 1,868 हो गई है। जहां तक झारखंड की बात है तो यहां के मौजूदा गठबंधन की ओर से अपने प्रचार अभियान में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को मुद्दा बनाने पर जोर दे रहा है। रांची में हुई रैली में भी नक्सलवाद पर नियंत्रण को लेकर कोई बात नहीं हुई। यह सच है कि नक्सलवाद से मुकाबले में केंद्र सरकार की नीतियों और कार्रवाई की बड़ी भूमिका होती है, लेकिन राज्य सरकार और राज्य के बलों के बिना स्थानीय मुकाबले संभव नहीं है। यह सच है कि नक्सली हिंसा पर प्रभावित इलाकों में काफी काबू पाया जा चुका है। 2023 में नक्सल प्रभावित राज्यों की सुरक्षा हालत की समीक्षा के बाद एक हाई पावर कमेटी बनाई गई थी। इसके बाद गृहमंत्री अमित शाह ने सुरक्षा बलों को नक्सलवाद के सफाये का आदेश दिया था। माना जा रहा है कि केंद्रीय नीतियां जमीनी स्तर पर प्रभावी हुई हैं। फलस्वरूप नक्सली हिंसा में कमी आई है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## निंदा का परित्याग



संकलित
**दर्शन**

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में निर्वहन के लिए व्यक्ति के सामाजिक गुणों का अत्यंत महत्व है। गुणी व्यक्ति को प्रत्येक जगह सम्मान की प्राप्ति होती है। संसार के प्रत्येक प्राणी में कुछ गुण तो कुछ अवगुण पाए जाते हैं, परंतु कुछ लोग हैं जो दूसरे के अवगुणों को ही देखते हैं। वे किसी भी सकारात्मक पक्ष में नकारात्मकता देखने के अभ्यस्त हो जाते हैं। प्रायः ऐसे लोगों में निंदा की प्रवृत्ति पाई जाती है। वे ऐसा करके खुद को समाज में श्रेष्ठ एवं दूसरे को नीचा साबित करना चाहते हैं। निंदा एक नशे की भांति है, जो एक बार इसका आदी हो गया, वह दिन-प्रतिदिन इसके पाश में जकड़ता चला जाता है। मनीषियों ने निंदा को दुर्व्यसन के समान माना है, जो निंदा करने वाले व्यक्ति को अंदर ही अंदर नैतिक रूप से समाप्त करती रहती है। एक बार एक आचार्य अपने शिष्यों को शिक्षा प्रदान कर रहे थे। शिक्षा प्राप्ति के दौरान एक शिष्य अन्य शिष्यों की ओर संकेत करते हुए आचार्य से कहने लगा कि 'वे अपना कार्य सही से नहीं कर रहे हैं। मुझे लगता है इन लोगों को कार्य करना ही नहीं आता।' आचार्य बोले, 'तुमको छोड़ अन्य सारे शिष्य सही से कार्य कर रहे हैं।' इस पर शिष्य असहज हो गया। उसने आचार्य से पूछा, 'वह कैसे?' आचार्य बोले, 'क्योंकि वे लोग अपने कार्य में संलग्न हैं, किंतु तुम अपने कार्य पर ध्यान न देकर, दूसरों के कार्य की निंदा करने में अपने समय की बर्बादी कर रहे हो।'

## एक लकड़ी का कटोरा



संकलित
**प्रेरणा**

एक वृद्ध व्यक्ति अपने बहु-बेटे के यहाँ शहर रहने गया। वो एक छोटे से घर में रहते थे, पूरा परिवार और उसका चार वर्षीया पोता एक साथ ही खाना खाते थे। लेकिन वृध्द होने के कारण उस व्यक्ति को खाने में बड़ी दिक्कत होती थी। बहु-बेटे कुछ दिनों तक तो ये सब सहन करते रहे। अगले दिन जब खाने का वक्त हुआ तो बेटे ने एक पुरानी मेज को कमरे के एक कोने में लगा दिया और अपने बूढ़े बाप से बोला कि पिता जी आप यहां पर बैठ कर खाना खाया करो। बूढ़ा पिता वहीं अकेले में बैठ कर अपना भोजन करने लगा, यहाँ तक की उनके खाने-पीने के बर्तनों की जगह एक लकड़ी का कटोरा दे दिया गया था। बाकी लोग पहले की तरह ही आराम से बैठ कर खाना खाते। वहां बैठा बालक भी यह सब बड़े ध्यान से देखता रहता, और अपने में मस्त रहता। एक रात खाने से पहले, उस छोटे बालक को उसके माता-पिता ने ज़मीन पर बैठकर कुछ करते हुए देखाः तुम क्या बना रहे हो? पिता ने पूछा, बच्चे ने मासूमियत के साथ उत्तर दिया, अरे मैं तो आप लोगों के लिए एक लकड़ी का कटोरा बना रहा हूँ, ताकि जब मैं बड़ा हो जाऊं तो आप लोग इसमें खा सकें, और वह पुनः अपने काम में लग गया। पर इस बात का उसके माता-पिता पर बहुत गहरा असर हुआ। उनके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकला और आँखों से आंसू बहने लगे। वो दोनों बिना बोले ही समझ चुके थे कि अब उन्हें क्या करना है। उस रात वो अपने बूढ़े पिता को वापस डिनर टेबल पर ले आये, और फिर कभी उनके साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पुस्तकों का बढ़ता महत्त्व

23 अप्रैल को विश्व पुस्तक दिवस बहुत से देशों में मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 23 अप्रैल 1995 को यूनेस्को में हुई थी। इसका मुख्य उद्देश्य विश्वभर के मुख्य लेखकों को सम्मान देना और जो लेखक दुनिया को अलविदा कह गए हैं, उन्हें श्रद्धांजलि देना भी है। इस दिवस को मनाने का एक उद्देश्य लोगों की पुस्तकों के प्रति रुचि बढ़ाना और साक्षरता दर बढ़ाना भी है। इस दिवस के आयोजन में मुख्य तौर पर विभिन्न प्रकाशक, शिक्षक, लेखक और पुस्तकों से किसी न किसी रूप से जुड़े लोग शामिल होते हैं। आज इंटरनेट का जमाना है, लेकिन आज भी पुस्तकों का बहुत महत्व है। खासतौर पर धर्म, संस्कृति और अन्य प्राचीन इतिहास की जानकारी जितनी हमें पुस्तकों से मिल सकती है, उतनी शायद इंटरनेट पर न प्राप्त हो पाए।

*– सचिन शर्मा, धमतरी*

## करंट अफेयर

# 2023 में 28.2 करोड़ लोग भूख से तड़पने हुए मजबूर


वर्ष 2023 में 59 देशों के करीब 28.2 करोड़ लोग भूख से तड़पने को मजबूर हुए और युद्धग्रस्त गाजा में सबसे ज्यादा लोगों ने अकाल की गंभीर स्थिति का सामना किया। संयुक्त राष्ट्र (संरा) ने बुधवार को 'ग्लोबल रिपोर्ट ऑन फूड क्राइसिस' में इसकी जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में 2.4 करोड़ से अधिक लोगों को खाद्य सामग्री की भारी कमी से जूझना पड़ा, जिसकी वजह विशेषतौर पर गाजा पट्टी और सूडान में खाद्य सुरक्षा के बिगड़े हालात थे। खाद्य संकट वाले देशों की संख्या में भी वृद्धि हुई, जिनकी निगरानी की जा रही है। संरा के खाद्य एवं कृषि संगठन के मुख्य अर्थशास्त्री मैक्सिमो टोरेरो ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने भूख का एक पैमाना तय किया है, जिसमें पांच देशों के 705,000 लोग पांचवे चरण में हैं, जिसे उच्च स्तर माना जाता है। उन्होंने बताया कि 2016 में वैश्विक रिपोर्ट जारी करने की शुरुआत से यह संख्या अब तक सबसे ज्यादा है और 2016 में दर्ज संख्या के मुकाबले इसमें चार गुना वृद्धि हो चुकी है। अर्थशास्त्री ने बताया कि गंभीर अकाल का सामना कर रहे लोगों में से 80 फीसदी लोग यानि 577,000 सिर्फ गाजा में हैं। वहीं दक्षिणी सूडान, बुर्किना फासो, सोमालिया और माली में हजारों लोग भूख से तड़प रहे हैं।



## ऑफ बीट


# अधिकांश मधुमक्खियां डंक मारने के बाद नहीं मरतीं

हम में से अधिकांश लोगों को कभी न कभी मधुमक्खी ने काटा होगा और हम जानते हैं कि यह कोई मजेदार अनुभव नहीं है। लेकिन शायद हमें यह सोचकर अफसोस या प्रतिशोध की भावना भी महसूस हुई होगी कि हमें डंक मारने वाली मधुमक्खी मर जाएगी। लेकिन दरअसल 99.96% मधुमक्खी प्रजातियों में ऐसा नहीं होता है। दुनिया में मधुमक्खी की लगभग 21,000 प्रजातियों में से केवल आठ प्रजातियाँ डंक मारने के बाद मर जाती हैं। एक अन्य उपसमूह बिल्कुल भी डंक नहीं मार सकता है, और अधिकांश मधुमक्खियाँ जितनी बार चाहें उतनी बार डंक मार सकती हैं। लेकिन बात यहीं खत्म नहीं होती है। मधुमक्खियों की पेचीदगियों और उनके डंक मारने की क्षमता को समझने के लिए, हमें डंक के आकार, मधुमक्खी के जननांगों और रवैये के बारे में बात करनी होगी। हमारी प्यारी और घातक मधुमक्खियाँ बहुत मुमकिन है कि आपको यूरोपीय मधुमक्खी (एपिस मेलिफ़ेरा) द्वारा काटे जाने की याद हो। यूरोप और अफ्रीका की मूल निवासी ये मधुमक्खियाँ आज दुनिया में लगभग हर जगह पाई जाती हैं। ये दुनिया भर में आठ शहद मधुमक्खी प्रजातियों में से एक हैं, जिसमें एपिस मधुमक्खियां कुल मधुमक्खी प्रजातियों का केवल 0.04% का प्रतिनिधित्व करती हैं।



## ट्रेंड

### प्रभावित करने वाला विचार



कांग्रेस के घोषणा पत्र में सरकारी बोर्ड में धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण का संकेत दिया गया है, जो अगर लागू होता है तो इसमें सशस्त्र बलों को भी शामिल किया जा सकता है। यह देश की एकता-अखंडता को प्रभावित करने वाला विचार है। यह सही नहीं होगा।

**-राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री**

### सोना गिरवी रखा



रिजर्व बैंक के आंकड़े कहते हैं कि 31 मार्च 2024 तक देश के परिवारों ने अपना सोना गिरवी रखकर बैंकों से कुल 1 लाख करोड़ का कर्ज लिया है। ये आंकड़ा केवल बैंकों का है। साहूकारों से लिया कर्ज अलग है। चार में से एक परिवार कर्जदार है।

**-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता**

### सही नहीं



चुने गए मंत्री के लिए चली फाइल एलजी के पास जाने के बाद ऐसी चोरी क्यों हुई? ऐसा लग रहा है कि मेयर का चुनाव कराने के लिए कोई साजिश रच रहा है या फिर बीजेपी का मेयर बनाया जा रहा है। यह लोकतंत्र के लिए सही नहीं है।

**-सौरभ भारद्वाज, आप नेता**

### जश्न मनाएं



एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जिसे इस जादू को जीवन में लाने का सौभाग्य मिला है, मैं पुरानी यादों की यात्रा में आपके साथ शामिल होने के लिए रोमांचित हूं। आइये मिलकर बॉलीवुड के शाश्वत युग का जश्न मनाएं।

**-शाहरुख खान, अभिनेता**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



आगरा में पीएम मोदी ने कांग्रेस को जमकर 'फटकारा'

# जब तक मोदी जिंदा है... कांग्रेस ओबीसी कोटा, विरासत संपत्ति और महिलाओं का हक नहीं छीन सकती, धर्म आधारित आरक्षण असंभव




पीएम ने अपने भाषण की शुरुआत में कहा कि आज मैं आपसे विकसित भारत के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं। इसीलिए, देश एकजुट होकर कह रहा है- फिर एक बार मोदी सरकार। पीएम ने इंडी गठबंधन के उस आरोप का करारा जवाब दिया जिसमें संविधान खत्म करने का आरोप लगा। कांग्रेस ने बाबा साहेब आंबेडकर का अपमान करती रही। कांग्रेस सामाजिक न्याय की तो धज्जियां उड़ा देती है। इंडी गठबंधन घोर तुष्टीकरण में जुटा है। कांग्रेस का मेनिफेस्टो सिर्फ वोट बैंक के लिए है।

## इंडी गठबंधन तुष्टीकरण, सामाजिक भेदभाव करने के साथ सनातन को गाली दे रहा




एजेंसी ▶▶ आगरा

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की 8 सीट पर मतदान होना हैं। इस बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। पीएम ने इंडी गठबंधन के उस आरोप का करारा जवाब दिया जिसमें संविधान खत्म करने का आरोप लगा। पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने संविधान बनाने वाले बाबा साहेब आंबेडकर का अपमान करती रही है।

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है, जो आए दिन बाबा साहेब का अपमान करती है, संविधान का अपमान करती है और सामाजिक न्याय की तो धज्जियां उड़ा देती है। कांग्रेस ने कभी कर्नाटक में, कभी आंध्र प्रदेश में, कभी अपने घोषणा पत्र में बार-बार धर्म के आधार पर आरक्षण की वकालत की। लेकिन, इंडी गठबंधन घोर तुष्टीकरण में जुटा है।जो मेनिफेस्टो जारी किया है, उस पर 100 फीसदी मुस्लिम लीग की छाप है। कांग्रेस का पूरा मेनिफेस्टो सिर्फ वोटबैंक को मजबूत करने के लिए समर्पित है। जबकि, हमारा मेनिफेस्टो देश को मजबूत करने के लिए समर्पित है।

### दो लड़कों की दोस्ती तुष्टीकरण की राजनीति

पीएम कहा कि उत्तर प्रदेश में जो 2 लड़कों में दोस्ती है, इसका आधार भी ये तुष्टीकरण की राजनीति ही है। दोनों मिलकर भाषण में तो ओबीसी-ओबीसी करते हैं और पिछले दरवाजे से ओबीसी का हक छीनकर अपने वोटबैंक को मजबूत करने के लिए देना चाहते हैं। अब कांग्रेस ने ठान लिया है कि वो धर्म के आधार पर रिजर्वेशन लाकर रहेगी। कांग्रेस ने तरीका निकाला है कि 27 फीसदी का ओबीसी कोटा है, उसमें से कुछ चोरी कर लिया जाए, छीन लिया जाए और धर्म के आधार पर आरक्षण दे दिया जाए।

### संतुष्टीकरण की ओर आगे बढ़ रहा देश

पीएम ने कहा कि देश तुष्टीकरण को समाप्त करके, संतुष्टीकरण की ओर आगे बढ़ रहा है। हमारा रास्ता संतुष्टीकरण का है। सबका साथ, सबका विकास का मंत्र भी उसी का महामार्ग है। हमारा सेक्युलरिज्म भी वही है कि जो भी योजना जिसके लिए बने, बिना धर्म, जाति, भेदभाव के उसका लाभ सबको मिलना चाहिए। सच्चा सामाजिक न्याय भी यही है जब आप बिना भेदभाव सबका हक पूरा करें।

### इंडी-गठबंधन के लिए अपना वोट बैंक ही खास

हमारा 10 साल का ट्रैक रिकॉर्ड हो या संकल्प पत्र, हमारा जोर सैचुरेशन पर है। कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सबको मिले, पूरा लाभ मिले, बिना बिचौलियों के मिले, बिना रिश्वत हकदार को मिले।

### इन्हें भारत की बढ़ती ताकत पसंद नहीं

भारत की बढ़ती हुई शक्ति कुछ ताकतों को पसंद नहीं आ रही है। यहां डिफेंस कॉरिडोर बन रहा है, उसमें देश की सेना के लिए, आत्मनिर्भर बनने के लिए, दुनिया में निर्यात के लिए घातक अस्त्र-शस्त्र बनेंगे। जो हथियारों के दलाल हैं, जो पुरानी सरकारों में घुस देकर अपना काम करा लेने में एक्सपर्ट हो गए थे और पुरानी सरकारों में बैठे हुए लोगों को भी ये मलाई खाने को मिलती थी, अब नहीं मिल रही है।

## पीएम-राहुल के भाषणों पर ईसी की कार्रवाई

### नोटिस देकर 29 तक मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** आचार संहिता के उल्लंघन के आरोपों पर चुनाव आयोग ने पीएम मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भाषणों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए नोटिस जारी किया है। चुनाव आयोग ने 29 अप्रैल सुबह 11 बजे तक दोनों पार्टियों से जवाब मांगा है। दोनों पार्टियों ने एक दूसरे के नेताओं के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी।

## अखिलेश यादव ने कन्नौज से भरा नामांकन



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव गुरुवार को कन्नौज सीट से नामांकन दाखिल किया। उन्होंने 4 सेट में अपना पत्र दायर किया है। इस दौरान उनके साथ प्रो. रामगोपाल यादव, सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान, पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे और पार्टी के प्रदेश सचिव आकाश शाक्य प्रस्तावक के रूप में मौजूद थे।

## शरद पवार ने जारी किया घोषणा पत्र

### नौकरी और महिला आरक्षण का किया वादा

**मुंबई।** लोकसभा चुनाव के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी- शरद चंद्र पवार ने घोषणापत्र जारी कर दिया। महिला सुरक्षा के लिए काम करने का वादा किया गया है। एलपीजी सिलेंडर की कीमत कम करने का भी वादा किया गया है। घोषणापत्र का नाम एससीपीथ पत्र रखा है। घोषणापत्र में जाति जनगणना के लिए समर्थन जताते हुए किसानों के कल्याण के लिए एक अलग आयोग के गठन, प्रशिक्षुता का अधिकार, नौकरियों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण का वादा किया गया।




## यूट्यूबर मनीष कश्यप भाजपा में शामिल



बिहार के चर्चित यूट्यूबर मनीष कश्यप भाजपा में शामिल हो गए है। उन्होंने दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की है। कश्यप ने कहा कि मेरी विचारधारा भाजपा से मिलती है। भाजपा नेता मनोज तिवारी ने मेरी मां को फोन कर मुझे शामिल होने के लिए कहा। मैं अपनी मां की बात नहीं टाल सकता।

## तेलंगाना में गृहमंत्री शाह का ऐलान

### एससी-एसटी, ओबीसी को ही मिलेगा आरक्षण



**सिद्दीपेट।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तेलंगाना के सिद्दीपेट में एक जनसभा में कहा कि अगर हम सत्ता में आए तो भाजपा तेलंगाना में मुसलमानों के लिए आरक्षण खत्म कर देगी और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग को इसका लाभ देगी। भाजपा ने फैसला किया है कि वे तेलंगाना में कांग्रेस और टीआरएस द्वारा मुसलमानों के लिए किए गए आरक्षण को खत्म करेगी। यह आरक्षण एससी, एसटी और ओबीसी को दिया जाएगा। अमित शाह ने कांग्रेस पर तेलंगाना को 'दिल्ली का एटीएम' बनाने का आरोप लगाया।

## लखीमपुर खीरी में राजनाथ की कांग्रेस को खरी-खरी

### अब भारत बोलता है और पूरी दुनिया कान खोल सुनती है



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लखीमपुर खीरी में भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का कद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा है। अब भारत कुछ बोलता है तो दुनिया कान खोलकर सुनती है। कांग्रेस की सरकार में आए दिन किसी न किसी राज्य में आतंकी वारदातें होती थीं। भारत सरकार ने आतंकवाद का सफाया किया है उसकी सराहना आज दुनियाभर में हो रही है।

**कांग्रेस गरीबी नहीं मिटा पाई**

सिंह ने कहा कि इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने कहा कि हमें जिताओ हम गरीबी मिटा देंगे, लेकिन हिंदुस्तान की गरीबी बढ़ती चली गई। मोदी सरकार में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया।

## खरगे का पीएम को पत्र

### मिलकर घोषणा पत्र समझा दूंगा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है और उनसे मुलाकात का वक्त मांगा है। उनका कहना है कि वे पीएम से मिलकर घोषणा पत्र उन्हें समझाना चाहते हैं ताकि वह उसे लेकर कोई ऐसा बयान न दें, जो गलत हो। पीएम कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर गलत बयान दे रहे हैं और सांप्रदायिक विभाजन की कोशिश की जा रही है। खरगे ने कांग्रेस पर संसाधनों के पुनर्वितरण और 'विरासत कर' संबंधी आरोप लगाए जाने के बाद यह पत्र लिखा है। खरगे ने कहा आपके भाषणों से मैं बिल्कुल भी हैरान नहीं हूं।

## खबर संक्षेप

### अहमदाबाद में चले पत्थर, महिला की मौत



**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में एक स्थानीय मंदिर उत्सव के पर्चे में नाम प्रकाशित करने को लेकर दो गुटों में झड़प हो गई। इस झड़प में एक 80 वर्षीय महिला की सीने पर पत्थर लगने से मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल भी हुए। मृतक की पहचान लीराबेन भरवाड के तौर पर की गई है। मंदिर उत्सव में एक समूह पर्चे में कुछ नाम शामिल करना चाहता था, लेकिन दूसरे समूह को आपत्ति थी।

### संदेशखाली केस में 5 को बनाया आरोपी



**कोलकाता।** सीबीआई ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में 5 प्रभावशाली लोगों के खिलाफ ज़मीन हड़पने और यौन उत्पीड़न के आरोपों के संबंध पहला मामला दर्ज किया है। यह मामला भूमि हड़पने का है जहां पीड़ित परिवार की महिलाओं को प्रभावशाली लोगों से कथित रूप से यौन उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। आरोपियों और पीड़ितों की पहचान उजागर नहीं की है।

### सूर्यापेट में कार-ट्रक की टक्कर, 6 लोगों की मौत



**सूर्यापेट।** तेलंगाना के सूर्यापेट में गुरुवार को भीषण सड़क दुर्घटना में एक बच्ची सहित 6 लोगों की मौत हो हई। एक कार की ट्रक से टक्कर हो गई। यह दुर्घटना हैदराबाद से लगभग 180 किमी दूर स्थित इस जिले के कोडाडा शहर के पास हुई। ये मृतक कार में सवार थे। गुरुवार तड़के हादसा के वक्त कार में 10 लोग सवार थे। 4 यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं।

## विवाहित जोड़े की संपत्ति से जुड़े केस में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

# पत्नी के धन पर पति का 'नियंत्रण' नहीं सोने के बदले 25 लाख रु. लौटाने होंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विवाहित जोड़े की संपत्ति से जुड़े एक मुकदमे में सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी की। शीर्ष अदालत ने कहा कि एक पति का पत्नी के 'स्त्रीधन' (महिला की संपत्ति) पर कोई नियंत्रण नहीं होता।

10 साल से अधिक पुराने केस में अपने हक के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची महिला की सुनवाई न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ में हुई। कोर्ट ने पत्नी के 'स्त्रीधन' पर पति का नियंत्रण होने के मामले में अहम टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि संकट के समय पति 'स्त्रीधन' का इस्तेमाल कर सकता है, लेकिन संपत्ति लौटाना उसका नैतिक दायित्व है। एक महिला के खोए सोने के बदले 25 लाख रुपए लौटाने का निर्देश देते हुए यह बात कही।

**न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने दिया फैसला**



### पति और उसकी मां पर आभूषणों की हेराफेरी के आरोप

महिला के मुताबिक, शादी की पहली रात उसके पति ने सभी गहने अपने कब्जे में ले लिए। गहनों को सुरक्षित रूप से सहेजने के नाम पर उसने गहने अपनी मां को दे दिए। महिला के आरोप के मुताबिक पति और उसकी सास ने अपनी पुराने कर्जों का निपटारा करने के लिए उसके गहनों का दुरुपयोग किया। मामला अदालत में पहुंचने के बाद फैमिली कोर्ट ने 2011 में पारित फैसले में महिला के आरोपों को सही पाया। कोर्ट ने पति और उसकी मां से उक्त दुरुपयोग से हुए नुकसान की भरपाई करने का निर्देश दिया। बाद में मामला केरल उच्च न्यायालय पहुंचा। यहां अदालत ने पारिवारिक अदालत से मिली राहत को आंशिक रूप से खारिज कर कहा कि महिला पति और उसकी मां द्वारा सोने के आभूषणों की हेराफेरी को साबित करने में विफल रही।

### 'स्त्रीधन' की परिभाषा भी बताई

मामला जब सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा तो शीर्ष अदालत ने कहा, 'स्त्रीधन' पत्नी और पति की संयुक्त संपत्ति नहीं है। पति के पास मालिक के रूप में ऐसी संपत्ति पर कोई स्वतंत्र प्रभुत्व नहीं होता। अदालत ने साफ किया कि किसी महिला को शादी से पहले, शादी के समय या विदाई के समय या उसके बाद उपहार में दी गई संपत्तियां स्त्रीधन संपत्तियां हैं। यह महिला की पूर्ण संपति है। उसे अपनी खुशी के अनुसार इनका निपटान करने का पूरा अधिकार है।

### 3 अदालतों में चला मुकदमा हुआ लेकिन 13 साल बाद मिला इंसाफ

दरअसल, इस मामले में महिला ने दावा किया कि शादी के समय उसके परिवार ने 89 सोने के सिक्के उपहार में दिए थे। साथ ही पिता ने पति को दो लाख रुपये का चेक भी दिया था। संपत्ति से जुड़ा यह विवाद पहले केरल की फैमिली कोर्ट में गया, जहां महिला का दावा सही पाया गया। इसके बाद केरल उच्च न्यायालय ने इस आदेश को पलट दिया। केरल हाईकोर्ट के आदेश से असंतुष्ट महिला ने सुप्रीम कोर्ट का रूख किया, जहां अदालत ने उसका दावा सही पाया।

# सीजी पीएससी घोटाले की जांच करेगी सीबीआई, केंद्र ने जारी की अधिसूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ पीएससी परीक्षा 2021 में हुई अनियमितता की जांच सीबीआई करेगी। केंद्र सरकार ने इस मामले में गुरूवार को अधिसूचना जारी कर दी है। विधानसभा चुनाव के दौरान यह मामला राज्य में काफी गरमाया हुआ था। पीएससी परीक्षा 2021 में की हुई अनियमितता को लेकर राज्य के युवाओं में बेहद आक्रोश था और इसको लेकर युवा सड़कों पर उतर आए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दौरान राज्य के युवाओं के आक्रोश को देखते हुए इस मामले की जांच कराने और दोषी लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की गारंटी दी थी।

### साय सरकार ने भी जारी की थी अधिसूचना

राज्य सेवा परीक्षा 2021 की अनियमितताओं की जांच सीबीआई से कराने के संबंध में अधिसूचना 10 अप्रैल को जारी की गई थी। राज्य सेवा परीक्षा, 2021 की भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता की शिकायतें, आईपीसी की धारा 420, 120-बी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 7/7-ए और 12 के तहत पुलिस स्टेशन-अर्जुंदा, जिला-बालोद में दर्ज की गई थी। (यथा संशोधित 2018) और आईपीसी की धारा 120 बी, 420 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 7/7-ए और 12 के तहत जिला-रायपुर के एसीबी/ईओडब्ल्यू पुलिस स्टेशन में अपराध क्रमांक 05/2024 दर्ज किया गया है।

### 170 पदों के लिए जारी हुई थी चयन सूची

छत्तीसगढ़ पीएससी परीक्षा 2021 में राज्य के 12 विभागों के लिए 170 पदों पर भर्ती के लिए चयन सूची जारी की गई थी। चयन सूची जारी होते ही प्रतिभागी युवाओं का गुस्सा फूट पड़ा था। युवाओं ने चयन प्रक्रिया में भाई-भतीजावाद और गड़बड़ी को लेकर कई शिकायतें की और इस मामले में एफआईआर भी दर्ज की गई थी। एन्टीकरप्शन ब्यूरो, आर्थिक अपराध ब्यूरो ने भी इस मामले में अपराध दर्ज किया था।

## ज्ञानवापी पर फैसला सुनाया था

# जज को इंटरनेशनल नंबर से मिली धमकियां, सुरक्षा की मांग

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

ज्ञानवापी मामले में फैसला सुनाने वाले जज रवि दिवाकर को बरेली में विदेशी कॉल से धमकियां मिल रही हैं। इस संबंध में जज रवि दिवाकर ने बरेली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर अवगत कराया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 15 अप्रैल की शाम 8:42 बजे इंटरनेशनल नंबर से जज रवि दिवाकर के पर्सनल नंबर पर एक कॉल आई, जिसमें धमकी दी गई। हालांकि जज की ओर से इस कॉल के बाद किसी कॉल का जवाब नहीं दिया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए न्यायाधीश रवि दिवाकर के स्टाफ ने बताया कि कुछ दिन पहले



अनजान फोन से धमकी मिली थी। इस संबंध में पुलिस अधिकारियों को पत्र लिखकर घटना की जानकारी दी गई है। पहले भी जज रवि दिवाकर को धमकी मिलती रही हैं। ज्ञानवापी मामले में फैसला सुनाने के बाद रवि दिवाकर का तबादला बरेली हो गया था। इसके बाद शासन की ओर से न्यायाधीश रवि दिवाकर और इनके परिवार को सुरक्षा दी गई।

## 2024 का लोकसभा चुनाव कई मायनों में होगा खास

इसके आंकड़े उड़ा देंगे होश, दोगुना खर्च

# यह दुनिया का सबसे महंगा इलेक्शन होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव पिछले रिकॉर्ड तोड़ने और दुनिया का सबसे महंगा चुनावी आयोजन बनने की राह पर है। एनजीओ सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज (सीएमएस) ने यह दावा किया कि इन लोकसभा चुनाव में अनुमानित खर्च 1.35 लाख करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है।

यह राशि 2019 के चुनावों से दोगुने से भी अधिक है। तब आम चुनावों में करीब 60,000 करोड़ खर्च हुए थे। सीएमएस 35 वर्षों से चुनाव खर्च पर नजर रख रहा है। संस्थान के अध्यक्ष एन भास्कर राव ने कहा कि इस व्यापक खर्च में राजनीतिक दलों और संगठनों, उम्मीदवारों, सरकार और चुनाव आयोग सहित चुनावों से संबंधित प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष सभी खर्च शामिल हैं।

### 1.35 लाख करोड़ रुपए का अनुमान लगाया




पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करने की रेस में हैं। राव ने कहा कि उन्होंने प्रारंभिक व्यय अनुमान को 1.2 लाख करोड़ से संशोधित कर 1.35 लाख करोड़ रुपए कर दिया है, जिसमें चुनावी बांड के खुलासे और सभी चुनाव-संबंधित खर्चों का हिसाब शामिल है। हालांकि, चुनावी बांड हिस्सेदारी के खुलासे के बाद हमने इस आंकड़े को संशोधित कर 1.35 लाख करोड़ कर दिया है।

**खर्च में रैलियां व परिवहन व्यय भी शामिल**

एडीआर ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए कोई संचयी व्यय अनुमान प्रदान करने से परहेज किया है। राव ने कहा कि चुनाव पूर्व गतिविधियां पार्टियों और उम्मीदवारों द्वारा प्रचार खर्च का अभिन्न अंग हैं, जिसमें राजनीतिक रैलियां, परिवहन के साथ ही क्षेत्र और प्रभावशाली लोगों सहित कार्यकर्ताओं की नियुक्ति भी शामिल है।

### 60 प्रतिशत चुनाव फंड अज्ञात स्रोत से आए

बताया गया कि यह अनुमान मतदान की तारीखों की घोषणा से 3-4 महीने पहले हुए खर्च को कवर करता है। राव ने इस बात पर जोर दिया कि चुनावी बांड से परे विभिन्न माध्यमों से इस प्रक्रिया में पैसा आया। सोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की हालिया टिप्पणियों से भारत में राजनीतिक फंडिंग में "पारदर्शिता की महत्वपूर्ण कमी" का पता चला है। इसमें दावा किया गया है कि 2004-05 से 2022-23 तक, देश के6 प्रमुख राजनीतिक दलों को लगभग 60 प्रतिशत योगदान, कुल 19,083 करोड़ रुपए अज्ञात स्रोतों से आया, जिसमें चुनावी बांड से प्राप्त धन भी शामिल था।

### कंपनी निवेशकों से 18,000 करोड़ जुटाने में रही सफल

# वोडाफोन आइडिया को मिली नई जिंदगी करेगी स्मार्ट वापसीः कुमार मंगलम बिड़ला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारी कर्ज बोझ से दबी वोडाफोन आइडिया ने हाल ही में अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) के जरिये 18,000 करोड़ रुपये का बड़ा कोष जुटाने में सफलता हासिल की है। वोडाफोन आइडिया में आदित्य बिड़ला समूह की प्रवर्तक हिस्सेदारी है।

**वोडाफोन आइडिया में आदित्य बिड़ला समूह की प्रवर्तक हिस्सेदारी है**

**कंपनी ने हाल ही में अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम लाया**

**वोडाफोन आइडिया भारी कर्ज के बोझ से दबी है**

आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने बृहस्पतिवार को कहा कि दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया का 18,000 करोड़ रुपये जुटाना उसके लिए एक 'नई जिंदगी' है और यह कंपनी एक 'स्मार्ट' वापसी करने में सफल रहेगी।



### कंपनी 5जी सेवाओं पर ध्यान देगी

बिड़ला ने एफपीओ शेयरों को शेयर बाजार में सूचीबद्ध किए जाने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संवाददाताओं से कहा कि दूरसंचार कंपनी अपना नेटवर्क बढ़ाने, इसे सघनता देने और चुनिंदा 5जी सेवाओं की पेशकश पर ध्यान केंद्रित करेगी।

### जुटाई रकम कारोबार में खर्च की जाएगी

चेयरमैन ने इसे वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) के लिए दूसरी जिंदगी 'वीआई 2.0' की शुरुआत बताते हुए कहा कि जुटाई गई रकम का कारोबार में निवेश किया जाएगा, जिससे वृद्धि का चक्र शुरू होगा। बिड़ला ने समारोह में कहा, 'वीआई एक स्मार्ट वापसी करेगी। यह पल वीआई 2.0 की शुरुआत का प्रतीक है।'



*बाजार में तीन कंपनियों की मौजूदगी : यह पूछे जाने पर कि क्या पूंजी जुटाने से कंपनी की ज्यादातर समस्याएं सुलझ जाएंगी, बिड़ला ने सकारात्मक अंदाज में जवाब दिया। 'यह कंपनी के लिए एक तरह से नया जीवन है।' इसके साथ ही बिड़ला ने वीआईएल के लिए यहां तक का सफर सुनिश्चित करने और दूरसंचार बाजार में तीन कंपनियों की मौजूदगी बनाए रखने में मदद करने के लिए सरकार के सुधार पैकेज को भी श्रेय दिया।*

### कंपनी के पास 8000 मेगाहट्‌र्ज से अधिक स्पेक्ट्रम

बिडला ने वीआई को 'राष्ट्रीय संपत्ति' बताते हुए कहा, '1.4 अरब लोगों का देश तीन निजी दूरसंचार कंपनियों का हकदार है। यह 21.5 करोड़ लोगों को सेवा देती है और उसके पास 8,000 मेगाहट्‌र्ज से अधिक स्पेक्ट्रम है।' बिड़ला ने संवाददाताओं से बातचीत में इंडस टावर्स में हिस्सेदारी बिक्री की खबरों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

### बिडला समूह ने 1.70 लाख करोड़ किया निवेश

चेयरमैन ने कहा कि वीआई के प्रवर्तकों वोडाफोन और आदित्य बिड़ला समूह ने अब तक इसमें 1.70 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है और पिछले पांच वर्षों में कंपनी में आए 30,000 करोड़ रुपये के निवेश में से तीन-चौथाई प्रवर्तक कंपनियों से ही आए हैं। उन्होंने कहा कि वोडाफोन आइडिया का कुल कर्ज अब 4,000 करोड़ रुपये ही रह गया है।

### कंपनी ने मुश्किल दौर पार कर लियाः खारा

इसी कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने कहा कि बैंक अधिकारियों ने इस कंपनी से संबंधित मुश्किल दौर और चिंताओं को पार कर लिया है। उन्होंने दूरसंचार कंपनी में भरोसा और यकीन दर्शाने के लिए बिड़ला को श्रेय दिया।

## जेईई-मेन में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट का नीलकृष्ण आल इंडिया टॉपर



कोटा। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जेईई-मेन 2024 के परिणाम बुधवार रात को जारी कर दिए गए। परिणामों में एक बार फिर एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स ने श्रेष्ठता साबित की है। देर रात तक देखे गए परिणामों में एलन स्टूडेंट ने आल इंडिया टॉप किया है, इसके साथ ही टॉप-5 में एलन के 3 स्टूडेंट्स ने स्थान प्राप्त किया। एलन के निदेशक डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि एलन के दो वर्ष से क्लासरूम स्टूडेंट नीलकृष्ण ने आल इंडिया टॉप किया है। वहीं रैंक-2 पर भी एलन के क्लासरूम स्टूडेंट दक्षेस संजय मिश्रा व रैंक-4 पर भी एलन के क्लासरूम स्टूडेंट आदित्य कुमार रहे हैं। जेईई के रिजल्ट्स में एलन ने सफलता के क्रम को बरकरार रखते हुए बेहतर परिणाम दिए हैं। 100 पर्सेंटाइल ने 56 स्टूडेंट्स शामिल हुए हैं। शुरुआती परिणामों में टॉप-5 स्टूडेंट्स शामिल हैं। परीक्षा में 14 लाख 76 हजार 557 ने रजिस्ट्रेशन करवाया, इसमें से 14 लाख 15 हजार 110 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी।

## सोना 110 रुपए टूटा, चांदी में 350 रुपए की तेजी

नई दिल्ली। वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में नरमी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 110 रुपये की गिरावट के साथ 72,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,610 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 350 रुपये बढ़कर 84,100 रुपये प्रति किलो हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में इसका भाव 83,750 रुपये प्रति किलो था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस), सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली में हाजिर सोना कीमत 72,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार पर रहा जो पिछले बंद भाव से 110 रुपये कम है।' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,319 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार पर रहा जो पिछले बंद भाव से तीन डॉलर कमजोर है।

## देश में वित्त वर्ष 2023-24 में एक लाख से अधिक पेटेंट जारी

नई दिल्ली। पेटेंट, डिजाइन तथा ट्रेडमार्क महानियंत्रक उन्नत पंडित ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश में वित्त वर्ष 2023-24 में 1.03 लाख पेटेंट जारी किए गए। उन्होंने कहा कि बौद्धिक संपदा (आईपी) कार्यालय में 'कोई विलंब नहीं' होगा और समय पर पेटेंट आवेदनों का निपटान करना ही प्राथमिकता है। उद्योग मंडल एसोचैम के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अनुरोध के 30 महीने के भीतर 40 प्रतिशत आवेदनों का निपटारा किया गया। पंडित ने कहा, 'हम आईपी कार्यालय में कोई देरी नहीं करेंगे... यही हमारा उद्देश्य है कि..आईपी प्रदान किया जाना चाहिए और अधिनियम के अध्याय-8 के तहत इसका उपयोग आवेदक द्वारा भी किया जाना चाहिए ...। पंडित ने कहा, 'सभी लंबित आवेदन का निपटान हो गया है इसलिए अब जो भी आवेदन जांच या सुनवाई के लिए आएंगे..उनका निपटान 30-36 महीने में किया जाएगा। इसलिए अब कोई विलंब नहीं होगा।' पंडित ने भारत के अपनी बौद्धिक संपदा स्थिति को मजबूत करने की जरूरत की भी बात कही।

- **बौद्धिक संपदा कार्यालय में कोई विलंब नहीं होगा**

## ऑडी जून से दो फीसदी तक बढ़ाएगी कीमतें

नई दिल्ली। जर्मनी की वाहन विनिर्माता ऑडी ने कच्चे माल की बढ़ती कीमत के प्रभाव को कम करने के लिए जून से भारत में अपने विभिन्न मॉडल की कीमतों में दो प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। वाहन विनिर्माता ने एक बयान में कहा कि एक जून 2024 से बढ़ी हुई कीमतें प्रभावी होंगी। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा, 'कच्चे माल की बढ़ती लागत हमें एक जून 2024 से कीमतों में दो प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने के लिए मजबूर कर रही है।' उन्होंने कहा कि इस कदम का मकसद वाहन विनिर्माता और उसके डीलर भागीदारों की सतत वृद्धि सुनिश्चित करना है।


### गुमशुदा महिला की तलाश



जोहाना



अनामिका

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह महिला जिसका नाम जोहाना पत्नी अनिल कुमार निवासी मकान नं. आई–11, विजय विहार, फेस–I, दिल्ली **उम्रः** 31 साल, **कद** : 5', **चेहराः** गोल, **रंग** : गोरा, **शरीरः** पतला, जिसने काले रंग का सूट–सलवार और पांव में लेडीज चप्पल पहने हुए है, दिनांक 28.03.2024 से अपनी बेटी जिसका नाम **अनामिकाः उम्रः** 3½ साल,, **कद** : 2'6", **चेहराः** गोल, **रंग** : गोरा, **शरीरः** पतला, जिसने पीले रंग का स्कर्ट और टॉप पहने हुए है, सहित अपने घर से लापता है। इस संदर्भ में डीडी सं. 91–ए दिनांक 12.04.2024 थाना विजय विहार, दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस गुमशुदा महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:–

ई–मेलः cic@cbi.gov.in
वेबसाईटः http://cbi.nic.in
फैक्सः 24368639,
दूरभाषः 24368638/24368641

**थानाध्यक्ष : थाना विजय विहार, दिल्ली**
**दूरभाष सं. 011-27521296, 27521295, 08750870329**

DP/4854/RD/24



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **सुंदर लाल**, निवासी बी–110, मंदिर वाली गली नंबर 1, उत्तरी घोंडा, दिल्ली, ने **सीसी नंबर 668 / 2017, धारा 138 एनआई एक्ट, पुलिस थाना भजनपुरा, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुंदर लाल**, मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **सुंदर लाल**, फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।


इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है की उक्त अभियुक्त **सुंदर लाल**, केस **सीसी नंबर 668 / 2017, धारा 138 एनआई एक्ट, पुलिस थाना भजनपुरा, दिल्ली**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.05.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**पंकज राय,**
महानगर दण्डाधिकारी – 01,
उत्तर पूर्व, कमरा नं. 73,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/4649/NE/2024
(Court Matter)


## बाजार में लगातार पांचवें दिन तेजी, सेंसेक्स फिर 74,000 के पार

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- सेंसेक्स में 487 और निफ्टी में 168 अंक की बढ़त
- बैंक, वित्तीय एवं धातु शेयरों में तगड़ी खरीदारी रही

बैंक, वित्तीय एवं धातु शेयरों में तगड़ी खरीदारी आने से घरेलू शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही। बीएसई सेंसेक्स करीब 487 अंक बढ़कर एक बार फिर 74,000 अंक के पार पहुंच गया जबकि एनएसई निफ्टी 22,550 के ऊपर बंद हुआ।

बीएसई में शुरुआती कारोबार में बिकवाली का जोर रहा लेकिन बाद में यह उबरकर बढ़त लेने में सफल रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 486.50 अंक चढ़कर 74,339.44 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 167.95 अंक बढ़कर 22,570.35 अंक पर पहुंच गया। यह लगातार पांचवां कारोबारी सत्र है जिसमें बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। तेजी के इस दौर में सूचकांकों ने करीब 2.5 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की है। स्टॉक्सबॉक्स में तकनीकी एवं डेरिवेटिव विश्लेषक अवधूत बागकर ने कहा, एशियाई बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों ने बाजार को कमजोर शुरुआत दी।

### एक्सिस बैंक ने लगाई छह फीसदी की छलांग

सेंसेक्स के समूह में शामिल एक्सिस बैंक ने छह प्रतिशत की लंबी छलांग लगाई। बैंक के सकारात्मक तिमाही नतीजे से उसे निवेशकों का समर्थन मिला। इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक, एनटीपीसी, नेस्ले, सन फार्मा, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईटीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचसीएल भी बढ़त के साथ बंद हुईं।

**कोटक महिंद्रा में रही गिरावट** : रिजर्व बैंक ने आईटी मानकों का बार-बार उल्लंघन किए जाने पर कोटक महिंद्रा बैंक को ऑनलाइन नए ग्राहक जोड़ने और नए क्रेडिट कार्ड जारी करने से तत्काल रोक दिया है।

## धर्मार्थ न्यास के पंजीकरण आवेदन की समयसीमा बढ़ी

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने बृहस्पतिवार को धर्मार्थ और धार्मिक न्यासों के लिए कर अधिकारियों के पास पंजीकरण आवेदन जमा करने की समय सीमा 30 जून तक बढ़ा दी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने ट्रस्टों, संस्थानों और फंडों के लिए फॉर्म 10ए, फॉर्म 10एबी दाखिल करने की नियत तारीख को पहले भी कई बार बढ़ाया था। इसका आखिरी बार विस्तार 30 सितंबर, 2023 तक किया गया था। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा, /"ये फॉर्म जमा करने की तारीख को आगे बढ़ाने के अनुरोध पर विचार करते हुए और करदाताओं को वास्तविक परेशानियों से बचाने के लिए सीबीडीटी ने 10ए/फॉर्म 10एबी फॉर्म दाखिल करने की नियत तारीख 30 जून 2024 तक बढ़ा दी है। फॉर्म 10ए उन ट्रस्ट/संस्थाओं द्वारा दाखिल किया जाने वाला आवेदन पत्र है जो आयकर छूट के लिए खुद को पंजीकृत कराना चाहते हैं।

## इंडिगो चौड़े आकार के 30 विमान खरीदेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



*इंडिगो ने 500 एयरबस दिया है ऑर्डर : कंपनी ने पिछले साल जून में एयरबस को 500 विमानों का ऑर्डर दिया था। यह किसी एयरलाइन द्वारा एक बार में दिया गया सबसे बड़ा ऑर्डर था।*

- कंपनी 17 साल से 350 पतले आकार के विमानों का उपयोग कर रही

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने चौड़े आकार के 30 ए350-900 विमानों का ऑर्डर दिया है। कंपनी के पास ऐसे ही 70 और विमानों को खरीदने का विकल्प होगा। लगभग 17 साल से सक्रिय इंडिगो में फिलहाल 350 पतले आकार के विमानों का परिचालन होता है। हालांकि, कंपनी ने दिल्ली और मुंबई से इस्तांबुल के लिए तुर्किश एयरलाइंस से दो बोइंग 777 विमान पट्टे पर लिए हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि 30 ए350-900 विमानों का ऑर्डर देकर वह चौड़े आकार वाले विमानों का परिचालन करने वाली कंपनियों में शामिल हो जाएगी। इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स इसे 'ऐतिहासिक क्षण' बताया। इन विमानों में रॉल्स रॉयस के ट्रेंट एक्सडब्ल्यूबी इंजन होता है। इनकी आपूर्ति 2027 की शुरुआत से होने की उम्मीद है।

इंडिगो की घरेलू एयरलाइन बाजार में 60 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सेदारी है। कंपनी के पास एयरबस ए350 श्रेणी के 70 विमान और खरीदने के अधिकार हैं। वर्तमान में, एयर इंडिया ए350 संचालित करने वाली एकमात्र भारतीय कंपनी है।


### पूर्वोत्तर रेलवे

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 23/2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैः–

**क्रम सं.-1,** कार्य का विवरणः समइं/काशीपुर (54 नग) एवं समइं/पीलीभीत (33 नग) के अन्तर्गत बेहतर एस.ई.जे. के साथ पारम्परिक एस.ई.जे. का नवीनीकरण। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 53,45,270.55, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 1,06,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः 08 माह। **क्रम सं.-2,** कार्य का विवरणः सी.से.ई./कार्य/रूद्रपुर सिटी के अधिकार क्षेत्र के तहत एल.एच.एस. की सतह, एप्रोच, रूफिंग एवं डीवाटरिंग में सुधार कार्य। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 95,15,921.22, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 1,90,300/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः 12 माह। **क्रम सं.-3,** कार्य का विवरणः सी.से.ई./कार्य/काशीपुर के अधिकार क्षेत्र के तहत एल.एच.एस. की सतह, एप्रोच, रूफिंग एवं डीवाटरिंग में सुधार कार्य। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 1,36,50,366.00, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 2,18,300/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः 12 माह। **क्रम सं.-4,** कार्य का विवरणः मानसून के मौसम में हैवी सरफेस रनऑफ के कारण काशीपुर स्टेशन पर जलभराव को रोकने के लिये जल निकासी व्यवस्था के प्रावधान के साथ सरकुलेटिंग एरिया, पार्किंग एवं स्टेशन एप्रोच रोड को ऊँचा करने का कार्य। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 89,93,835.25, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 1,79,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः 03 माह।

(1) ई-निविदा दिनांक 17-05-2024 को 15:00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।
(2) ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.),
मुजाधि/डब्लू-35 इज्जतनगर


गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



### कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।

**मु.न. 96 दिनांक 18.04.2024 धारा 346 भा.द.स. थाना बरोदा जिला सोनीपत।**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम- अशोक।
पिता का नाम चन्द्रभान।
पता - गांव मिर्जापुर खेड़ी जिला सोनीपत।
उम्र- 54 वर्ष।
कद- 5 फुट 11 ईन्च।
हुलियाः- रंग गेहुँआ, लम्बुतरा चेहरा, हष्ट-पुष्ट शरीर, सफेद-काले छोटे बाल, सिर में दाई हाथ की तरफ मच्छ निकला हुआ।
पहनावाः- सफेद रंग का कुर्ता व पायजामा पहने हुए, पैरों में स्लेटी रंग की चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 12.03.2024 को अशोक पुत्र चन्द्रभान वासी गांव मिर्जापुर खेड़ी जिला सोनीपत बिना किसी को कुछ भी बताए कहीं पर चला गया है। जो अब तक घर वापिस नही आया है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त के बारे में कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नंबरों पर सुचित करे।

प्रबन्धक थाना मो. नं.-7419410546,
अनुसंधानकर्ता मो. नं. - 8168716034
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत। Dt. 24-04-24

पीआरडीएच-1084/11/2311/2025/26185/88/7 दि. 25.04.24


## भारत का सेवा निर्यात 2023 में 11.4 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का सेवा निर्यात 2023 में 11.4 प्रतिशत बढ़कर 345 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। चीन का निर्यात 10.1 प्रतिशत घटकर 381 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। भारत की सेवा निर्यात वृद्धि में योगदान देने वाले क्षेत्रों में यात्रा, परिवहन, चिकित्सकीय और आतिथ्य शामिल हैं। यूएनसीटीएडी त्रैमासिक बुलेटिन में कहा गया,


### सूचना

**सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।**


## ऑरेकल ने किया दशक के सबसे बड़े डिविडेंड का ऐलान, शेयरों में भी जबरदस्त तेजी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- **पिछले दस सालों में यह कंपनी द्वारा दिया जा रहा सबसे बड़ा डिविडेंड**

आईटी कंपनी के स्टॉक ने अपने शेयरधारकों को दशक का सबसे बड़ा डिविडेंड देने का ऐलान कर मालामाल कर दिया है। आईटी सेक्टर की इस कंपनी का नाम है ऑरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज सॉफ्टवेयर कंपनी ने 240 रुपए के जबरदस्त डिविडेंड का ऐलान करके अपने शेयरधारकों की झोली भर दी है। ध्यान देने वाली बात ये है कि पिछले दस सालों में यह कंपनी द्वारा दिया जा रहा सबसे बड़ा डिविडेंड है। इससे पहले कंपनी ने साल 2014 में 485 रुपए के शानदार डिविडेंड का ऐलान किया था। कंपनी ने 240 रुपए के डिविडेंड के लिए 7 मई को रिकॉर्ड डेट फिक्स किया है। ऐसे में जिन शेयरधारकों के पास इस दिन तक शेयर रहेंगे केवल उन्हें ही डिविडेंड का लाभ मिल पाएगा।



### शेयरों में आई तेजी

240 रुपए के तगड़े डिविडेंड के ऐलान के बाद से इस आईटी कंपनी के शेयरों में जबरदस्त बढ़त दर्ज की गई है। कंपनी के शेयर बुधवार को 7362.65 रुपये पर बंद हुए थे। आज मुनाफावसूली के कारण कंपनी के शेयरों में 113.90 रुपए की कमी देखने को मिल रही है यह फिलहाल 7,248.75 रुपए पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों में 112 फीसदी की जबरदस्त तेजी देखने को मिली है और यह एक साल में 3832.80 रुपए तक बढ़ चुके हैं।


## राशिफल


**मेष** मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग–दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।


**वृष** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।


**मिथुन** आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।


**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।


**सिंह** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।



**कन्या** परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहगा।



**तुला** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती हैं।


**वृश्चिक** धर्म–कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख–रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।


**धनु** वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।


**मकर** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।


**कुंभ** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।


**मीन** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।

## शब्द पहेली - 5493




**बाएँ से दाए-**
1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

**ऊपर से नीचे**
2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा-2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

### शब्द पहेली -5492 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | ह | ■ | म | ■ | प | र | दा | न | शी |
| पू | ■ | क | ल | श | ■ | छ | बी | ल | ■ | त |
| त | ल | ■ | ■ | व | ■ | ता | ■ | ■ | सा | ल |
| ■ | ल | ■ | धा | रा | प्र | वा | ह | ■ | व | ■ |
| म | क | ब | रा | ■ | था | ■ | म | हा | न | ता |
| ■ | ■ | ■ | वा | दा | ■ | मा | स | ■ | ■ | ■ |
| ह | म | रा | ही | ■ | पा | ■ | फ | र | मा | न |
| ■ | यू | ■ | क | हा | नी | का | र | ■ | य | ■ |
| ख | र | ■ | ■ | थी | ■ | र | ■ | ■ | का | न |
| प | ■ | ब | र | खा | ■ | ना | र | द | ■ | य |
| त | र | स | खा | ना | ■ | मा | ■ | म | न | न |



## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 3 | 8 |
| दिल्ली | 9 | 4 | 5 | 8 |
| गुजरात | 9 | 4 | 5 | 8 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 |
| बेंगलोर | 9 | 2 | 7 | 4 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
379 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप




जसप्रीत बुमराह
13 विकेट
मुंबई

# टी20 विश्व कप : राहुल बनाम संजू, आवेश-बिश्नोई या अक्षर, हार्दिक का फॉर्म चिंता का कारण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम का ऐलान इस महीने के आखिर में किया जा सकता है लेकिन मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या का खराब फॉर्म चिंता का सबब बना हुआ है जबकि दूसरे विकेटकीपर की जगह के लिए संजू सैमसन से केएल राहुल आगे चल रहे हैं।

अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले विश्व कप के लिए टीम चुनते समय दुविधा अतिरिक्त गेंदबाज की भी होगी। यह देखना होगा कि तेज गेंदबाज आवेश खान को चुना जाता है या वेस्टइंडीज की धीमी पिचों को देखते हुए लेग स्पिनर रवि बिश्नोई या हरफनमौला अक्षर पटेल को। समझा जाता है कि कप्तान रोहित शर्मा चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर से मुलाकात कर सकते हैं। आईसीसी ने टीम चुनने के लिए एक मई की समय सीमा दी है। बीसीसीआई इस सप्ताह के आखिर में या अगले सप्ताह की शुरुआत में टीम का ऐलान कर सकता है।



### पंत की जगह पक्की

आईपीएल में 161 की स्ट्राइक रेट से 342 रन बना चुके विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपनी जगह पक्की कर ली है। दूसरे विकेटकीपर के लिए केएल राहुल (141 स्ट्राइक रेट से 302 रन) और संजू सैमसन (152 स्ट्राइक रेट से 314 रन) के बीच मुकाबला है।

### पंड्या का लचर प्रदर्शन

*पंड्या ने मुंबई इंडियंस के लिए आठ मैचों में 17 ओवर डाले हैं। अभी तक इस आईपीएल में वह सात छक्के ही लगा सके हैं। उनके बल्ले से 150 रन ही निकले हैं और उनका स्ट्राइक रेट 142 रहा है। वैसे पंड्या के अलावा कोई विकल्प भी नजर नहीं आता क्योंकि शिवम दुबे भी गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं। कौशल और रफ्तार के मामले में गेंदबाजी में दुबे कहीं भी पंड्या के समकक्ष नहीं हैं लेकिन बल्लेबाजी में वह शानदार फॉर्म में है जिसकी अनदेखी नहीं की जा सकती।*



### फार्म में बुमराह

गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव की जगह लगभग पक्की है। वैसे बुमराह और कुलदीप को छोड़कर बाकी गेंदबाज आईपीएल में फॉर्म में नहीं है लिहाजा अतिरिक्त गेंदबाज का विकल्प अहम होगा।

### आवेश के नाम 8 विकेट

राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज आवेश, दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनर अक्षर और लखनऊ सुपर जाइंट्स के लेग स्पिनर बिश्नोई के बीच मुकाबला है। आवेश ने करीब नौ की इकॉनॉमी रेट से आठ विकेट लिए हैं जबकि बिश्नोई ने नौ के भीतर की इकॉनॉमी रेट से पांच विकेट चटकाए हैं। अक्षर ने सात विकेट लिए हैं और उनकी इकॉनॉमी रेट सात के आसपास रही है। वह बल्लेबाजी में भी 132 की स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### विवाद सुलझाए नहीं तो निलंबन झेले पीएचएफ

**कराची।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने पाकिस्तान सरकार और देश में खेल की कमान के लिए लड़ रहे दो महासंघों से गुरुवार तक अपने विवाद सुलझाने या निलंबन का सामना करने के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी थी। पाकिस्तान हॉकी महासंघ के अधिकारी के अनुसार एफआईएच ने साफ तौर पर कहा है कि दोनों धड़ों के बीच विवाद सरकार की मदद से गुरुवार खत्म हो जाना चाहिए वरना पाकिस्तान को निलंबन का सामना करना पड़ सकता है। पीएचएफ को लिखे पत्र में एफआईएच ने 25 अप्रैल की समय सीमा दी थी।

### हरफनमौला की भूमिका खतरे में : अक्षर



**नई दिल्ली।** बाएं हाथ के बेहतरीन स्पिनर होने के साथ सक्षम बल्लेबाज अक्षर पटेल का मानना है कि 'इंपैक्ट खिलाड़ी' के नियम से हरफनमौलाओं की भूमिका खतरे में है। अक्षर ने कहा, 'एक हरफनमौला होने के नाते मेरा मानना है कि इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से हरफनमौलाओं की भूमिका खतरे में है। हर टीम इंपैक्ट खिलाड़ी के तौर पर विशुद्ध बल्लेबाज या गेंदबाज चाहती है। हरफनमौलाओं का इस्तेमाल नहीं हो रहा है। इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से हर टीम यह सोचकर उतरती है कि उसके पास छह बल्लेबाज या गेंदबाज हैं। इससे कई बार कन्फ्यूजन भी हो जाता है।'

### रिजवान का इंग्लैंड दौरे पर जाना संदिग्ध

**लाहौर।** पाकिस्तान के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान का मई में आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे पर जाना संदिग्ध है



क्योंकि न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखला में भी वे फिटनेस कारणों से बाहर रहे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को कहा कि रिजवान और युवा बल्लेबाज इरफान खान नियाजी को फिटनेस कारणों से न्यूजीलैंड के खिलाफ बाकी दो मैचों के लिए नहीं चुना गया है। पीसीबी ने कहा कि बोर्ड की मेडिकल पैनल ने स्कैन रिपोर्ट देखने के बाद उन्हें बाकी दो मैचों से बाहर रखने का फैसला किया।

### पंत-अक्षर की साझेदारी ने अंतर पैदा किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे ने बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर



लीग के रोमांचक मुकाबले में गुजरात टाइटंस के खिलाफ चार रन की करीबी जीत दर्ज करने के बाद अक्षर पटेल और कप्तान ऋषभ पंत की सराहना करते हुए कहा कि इनकी बदौलत टीम 20 अतिरिक्त रन जुटाने में सफल रही।

## कोहली-रजत की फिफ्टी, कर्ण-स्वप्निल और ग्रीन को 2-2 विकेट

# पाटीदार व स्पिनरों की मदद से आरसीबी ने छह मैच की हार का सिलसिला तोड़ा

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने रजत पाटीदार के विस्फोटक अर्धशतक और स्पिनरों के एकजुट प्रयास से गुरुवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में सनराइजर्स हैदराबाद पर 35 रन से जीत दर्ज की। इससे आरसीबी का छह मैच की हार का सिलसिला खत्म हो गया। रजत पाटीदार (20 गेंदों में 50 रन) की विस्फोटक पारी और विराट कोहली (43 गेंदों में 51 रन) की संयमित अर्धशतकीय पारी से आरसीबी ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 206 रन का स्कोर खड़ा किया। इस सत्र में तीन बार 250 रन का आंकड़ा पार करने वाली सनराइजर्स हैदराबाद के लिए यह लक्ष्य ज्यादा बड़ा नहीं था। लेकिन फॉर्म में चल रहा बल्लेबाजी लाइन अप अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका जिससे टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 171 रन ही बना सकी। आरसीबी को इस परिणाम की जरूरत थी जिसे अपने पहले आठ मैच में से सात में हार का सामना करना पड़ा। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद की यह आठ मैच में तीसरी हार थी। पहली पारी में स्पिनरों के दबदबे को देखते हुए आरसीबी ने कामचलाऊ ऑफ स्पिनर विल जैक्स से गेंदबाजी की शुरुआत की।



इंग्लैंड के इस क्रिकेटर ने शानदार फॉर्म में चल रहे विस्फोटक ट्रेविस हेड (तीन गेंद में एक रन) को थर्ड मैन पर कैच कराकर आरसीबी को बड़ी सफलता दिलायी। हेड के साथी सलामी जोड़ीदार अभिषेक शर्मा (13 गेंद में 31 रन) ने घरेलू दर्शकों का मनोरंजन किया लेकिन स्लॉग शॉट के प्रयास में विकेटकीपर दिनेश कार्तिक के हाथों आउट हो गये। आरसीबी में पदार्पण कर रहे बायें हाथ के स्पिनर स्वप्निल सिंह ने अपने पहले ही ओवर में दक्षिण अफ्रीका के खतरनाक क्रिकेटर मार्कराम और क्लासेन की जोड़ी को आउट कर दो विकेट झटक लिये।

### बेंगलुरु-206/7 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| कोहली का समद बो उनादकट | 51 |
| डुप्लेसी का मार्कराम बो नटराजन | 25 |
| विल जैक्स बो मार्कंडेय | 06 |
| पाटीदार का समद बो उनादकट | 50 |
| कैमरन ग्रीन नाबाद | 37 |
| लोमरोर का कमिंस बो उनादकट | 07 |
| कार्तिक का समद बो कमिंस | 11 |
| स्वप्निल का अभिषेक बो नटराजन | 12 |

अतिरिक्त : 07
कुल योग : 20 ओवर में सात विकेट पर 206 रन
विकेट पतन : 1-48, 2-65, 3-130, 4-140, 5-161, 6-193, 7-206
गेंदबाजी: अभिषेक 1-0-10-0, भुवनेश्वर 1-0-14-0, कमिंस 4-0-55-1, नटराजन 4-0-39-2, शाहबाज 3-0-14-0, मयंक 3-0-42-1, जयदेव उनादकट 4-0-30-3

### हैदराबाद-171/8 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| अभिषेक का कार्तिक बो दयाल | 31 |
| हेड का कर्ण शर्मा बो जैक्स | 01 |
| ऐडन पगबाधा बो स्वप्निल सिंह | 07 |
| नीतिश रेड्डी बो कर्ण शर्मा | 13 |
| हेनरिच का ग्रीन बो स्वप्निल | 07 |
| शाहबाज अहमद नाबाद | 40 |
| अब्दुल का एवं बो कर्ण शर्मा | 10 |
| पैट कमिंस का सिराज बो ग्रीन | 31 |
| भुवनेश्वर का सिराज बो ग्रीन | 13 |
| जयदेव उनादकट नाबाद | 08 |

अतिरिक्त : 10
कुल योग : 20 ओवर में आठ विकेट पर 171 रन
विकेट पतन : 1-3, 2-37, 3-41, 4-56, 5-69, 6-85, 7-124, 8-141
गेंदबाजी: विल 2-0-23-1, सिराज 4-0-20-0, दयाल 3-0-18-1, स्वप्निल 3-0-4-0, कर्ण शर्मा 4-0-29-2, लॉकी 2-0-28-0, कैमरन ग्रीन 2-0-12-2

### खराब फॉर्म से जूझ रही पंजाब को नाइट राइडर्स आज देगी कड़ी चुनौती

**कोलकाता।** खराब फॉर्म से जूझ रही पंजाब किंग्स के सामने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजों खासकर 30 लाख डॉलर में खरीदे गए मिचेल स्टार्क पर प्रदर्शन में सुधार का दबाव रहेगा। केकेआर फिलहाल दस अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर है जबकि राजस्थान रॉयल्स 14 अंकों के साथ शीर्ष पर है। केकेआर को अब तक सफलता उसके शीर्षक्रम के बल्लेबाजों के दम पर मिली है। पंजाब किंग्स के रूप में उसके सामने अब कमजोर प्रतिद्वंद्वी है जो शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा के बेहतरीन प्रदर्शन के बावजूद अच्छा नहीं खेल सकी है। प्लेआफ की दौड़ से पंजाब लगभग बाहर ही है। केकेआर के लिए शीर्षक्रम पर सुनील नारायण (176 . 54 की स्ट्राइक रेट से 286 रन) और फिल साल्ट (169.38 की औसत से 249 रन) ने शानदार प्रदर्शन किया है। आंद्रे रसेल (184 . 52 की स्ट्राइक रेट से 155 रन) और कप्तान श्रेयस अय्यर (126 की स्ट्राइक रेट से 190 रन) ने भी रन बनाए हैं। रिंकू सिंह ने टूर्नामेंट में सात मैचों में 67 गेंदें ही खेली है और 160 के करीब रन बना लिए हैं। अय्यर को छोड़कर सभी विशेषज्ञ बल्लेबाजों ने 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं जिसकी वजह से शाहरुख खान की टीम सात मैचों में चार बार 200 से अधिक का स्कोर बना सकी है।

## एकता व रणवीर ने स्टीपलचेस में स्वर्ण जीते, अनुराग को गोला फेंक में गोल्ड

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

रणवीर सिंह और एकता डे ने गुरुवार को दुबई में एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में क्रमशः पुरुषों और महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेस स्पर्धा के स्वर्ण पदक अपने नाम किये जिससे भारतीयों ने इस प्रतियोगिता में दबदबा कायम रखा। इससे भारत के स्वर्ण पदकों की संख्या तीन हो गयी। एकता ने 10:31.92 सेकेंड के समय से जबकि रणवीर ने 9:22.62 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीता। अनुराग सिंह कलेर ने इससे पहले पुरुषों के गोला फेंक स्पर्धा में 19.23 मीटर की दूरी से स्वर्ण पदक जीता। इस तरह भारतीयों ने गुरुवार को कुल सात पदक अपनी झोली में डाले। सुबह के सत्र में पैदल चाल एथलीट आरती ने महिलाओं की 10,000 मीटर में कड़े मुकाबले में कांस्य पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। आरती का 47:45.33 सेकेंड का समय विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के 49 मिनट के क्वालीफिकेशन समय से बेहतर रहा। फिर थ्रो एथलीट ने एक स्वर्ण सहित तीन पदक हासिल किये। कलेर को दक्षिण कोरियाई पार्क सिहून से कड़ी चुनौती मिली। लेकिन वह तीसरे प्रयास में स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहे। उनका शुरुआती थ्रो 18.44 और उनका दूसरा प्रयास 18.69 मीटर का रहा। चौथे और पांचवें में कोई अंक नहीं जबकि छठा और अंतिम थ्रो 18.79 मीटर का था। सिहून ने भी 19.23 मीटर की दूरी का थ्रो फेंका लेकिन उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा क्योंकि प्रतियोगिता में भारतीय एथलीट का औसत बेहतर था। गत चैम्पियन सिद्धार्थ चौधरी ने दूसरे प्रयास में 19.02 मीटर थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता।अमानत कंबोज ने टीम की तालिका में एक रजत पदक जोड़ा। उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 50.45 मीटर का था। अमन चौधरी ने 47.53 सेकेंड के समय से पुरुषों की 400 मीटर में कांस्य जीता।

## पैरा निशानेबाजी विश्व कप में मोना ने स्वर्ण और आमिर ने रजत पदक जीता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय पैरा निशानेबाज मोना अग्रवाल ने गुरुवार को कोरिया के चांगवोन में डब्ल्यूएसपीएस विश्व कप में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि सेना के अमीर अहमद भट्ट ने 25 मीटर पिस्टल में रजत पदक हासिल किया। मोना ने फाइनल में 250.8 अंक के स्कोर के साथ आर2 -10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। पिछले महीने नयी दिल्ली में विश्व कप में इसी प्रतियोगिता में जीत के बाद यह उनका साल का दूसरा विश्व कप खिताब था। नयी दिल्ली में उन्होंने पैरालंपिक कोटा हासिल किया था। स्लोवाकिया की वेरोनिका वाडोविकोवा (250) और स्वीडन की निशानेबाज अन्ना बेन्सन (228.8) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। दो बच्चों की मां 37 वर्षीय मोना फाइनल में अच्छी लय में दिखीं। उन्होंने क्वालिफिकेशन राउंड में 625.5 अंक हासिल कर पांचवां स्थान हासिल किया था। दिसंबर 2021 में निशानेबाजी शुरू करने से पहले मोना ने गोला फेंक और पावरलिफ्टिंग में राज्य स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया था।

### इंडिया ताइक्वांडो के 10 दिवसीय कैंप में चुने गए खिलाड़ी

# एशियाई ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का हुआ चयन

- दिल्ली और हरियाणा के 3-3 चंडीगढ़ व उत्तर प्रदेश के 2-2 खिलाड़ी करेंगे देश का प्रतिनिधित्व



**नई दिल्ली।** वर्ल्ड ताइक्वांडो द्वारा वियतनाम में प्रस्तावित एशियाई सीनीयर ताइक्वांडो चैंपियनशिप के इंडिया ताइक्वांडो द्वारा भारतीय टीम का चयन कर लिया है। झुंझुनूं स्थित श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी कैंपस में दो दिन तक चले इस ट्रायल में महिला-पुरूष वर्ग में आधा दर्जन भारवर्गों के लिए 12 खिलाडियों का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ी मई के दूसरे सप्ताह में वियतनाम में होने वाली चैंपियनशिप में देश का नेतृत्व करेंगे। आज यहां जानकारी देते हुए इंडिया ताइक्वांडो के प्रेजीडेंट नामदेव सम्पत शिरगांवकर एवं श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं के प्रेजीडेंट डॉ डीएस ढुल ने बताया कि 15 अप्रैल से 25 अप्रैल तक श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में इंडियन टीम के लिए प्रशिक्षण व ट्रायल कैंप का आयोजन किया गया था। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय ट्रायल के दौरान महिला व पुरूष वर्ग के छह-छह भारवर्गों में देशभर के प्रतिभाशाली खिलाडियों ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। इसके आधार पर महिला वर्ग में 49 किलोग्राम से कम भारवर्ग में हरियाणा से सक्षम यादव, 53 किलोग्राम से कम भारवर्ग में चंडीगढ़ की रक्षा, 57 किलोग्राम से कम भारवर्ग में उत्तर प्रदेश की सानिया खान, 62 किलोग्राम से कम भारवर्ग में केरल की मार्गेट मैरी, 73 किलोग्राम से कम भारवर्ग में चंडीगढ की इतिशा दास व 73 किलोग्राम से अधिक भारवर्ग में असम की रूदाली बैरवा का चयन किया गया है। इसी प्रकार पुरूष वर्ग में 58 किलोग्राम से कम भारवर्ग में हरियाणा के प्रशांत, 63 किलोग्राम से कम भारवर्ग में हरियाणा के अजय गिल, 68 किलोग्राम से कम भारवर्ग में एसएससीबी दिल्ली के नवीन, 74 किलोग्राम से कम भारवर्ग में दिल्ली के भूमेश, 80 किलोग्राम से कम भारवर्ग में दिल्ली के शिवांश त्यागी व 87 किलोग्राम से कम भारवर्ग में उत्तर प्रदेश के ऋषभ का चयन हुआ।इंडिया ताइक्वांडो के प्रेजीडेंट नामदेव सम्पत शिरगांवकर ने बताया कि वियतनाम में 15 मई से 18 मई तक होने वाली एशियन सीनीयर ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाडियों का चयन किया गया है, जो देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं के प्रेजीडेंट डॉ डीएस ढुल का कैंप के लिए राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी कुलसचिव डॉ अजीत कुमार, खेल बोर्ड सचिव डॉ अरूण कुमार व इंडिया ताइक्वांडो राजस्थान के महासचिव शहजाद खान उपस्थित रहे।

## लिवरपूल की उम्मीदों को झटका...



**लिवरपूल।** एवर्टन से 2-0 से हारने के बाद लिवरपूल की प्रीमियर लीग फुटबॉल खिताब जीतकर जर्गेन क्लोप को शानदार विदाई देने की उम्मीदों को करारा झटका लगा। एवर्टन के लिए जाराड ब्रांथवेट और डोमिनिक कालवर्ट लिविन ने गोल दागे। हार के बाद क्लोप ने कहा, 'मैं इस हार के लिए माफी ही मांग सकता हूं। हम बेहतर खेल सकते थे लेकिन नहीं खेले और यही वजह है कि हार गए।' इस हार से लिवरपूल अब शीर्ष पर काबिज आर्सनल से तीन अंक पीछे दूसरे स्थान पर है। मौजूदा चैंपियन मैनचेस्टर सिटी उससे एक ही अंक पीछे है।

### सत्रह वर्ष के गुकेश देर रात तीन बजे बाहर निकले और भीड़ ने उन्हें घेर लिया

# कैंडिडेट्स चैंपियन गुकेश का चेन्नई पहुंचने पर भव्य स्वागत

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

टोरंटो में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रचने वाले युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश का यहां पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। गुकेश के स्कूल वेलाम्मल विद्यालय के सैकड़ों छात्र उनकी उड़ान के पहुंचने के एक घंटे पहले ही से कतार बनाकर हवाई अड्डे पर खड़े थे। उनके अलावा भारी संख्या में प्रशंसक भी मौजूद थे। सत्रह वर्ष के गुकेश देर रात तीन बजे बाहर निकले और भीड़ ने उन्हें घेर लिया। उन्हें फूलों की मालाएं पहनाई गई और पुलिस को उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी।

गुकेश ने हवाई अड्डे पर मीडिया से कहा, 'मुझे घर आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह खास उपलब्धि है। मैं शुरू से ही अच्छा खेल रहा था और मुझे जीत का यकीन था। किस्मत ने भी मेरा साथ दिया। यह देखकर अच्छा लग रहा है कि इतने लोग शतरंज देखते हैं। मैं तमिलनाडु सरकार को धन्यवाद देता हूं। मैं अपने अप्पा, अम्मा, कोच, दोस्तों, परिवार, प्रायोजक और स्कूल को भी धन्यवाद दूंगा।' गुकेश की मां पद्मा अपने परिजनों के साथ उन्हें लेने आई थी। गुकेश के पिता ईएनटी सर्जन रजनीकांत ने उनकी तैयारियों के लिए अपनी प्रेक्टिस छोड़ दी थी और उनके साथ टोरंटो गए थे।



### आनंद को दिया श्रेय

भारतीय शतरंज स्टार डी गुकेश ने उनके करियर को निखारने में अहम भूमिका निभाने वाले महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को धन्यवाद देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि अगर आनंद नहीं होते तो वह आज जिस मुकाम पर हैं, उसके करीब भी नहीं होते। आनंद ने यहां प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'बहुत अच्छा लग रहा है। विश्वनाथन आनंद मेरे प्रेरणास्रोत हैं और उनकी अकादमी से काफी फायदा मिला। उन्होंने मेरे कॅरियर में अहम भूमिका निभाई और आज मैं जिस मुकाम पर हूं उसके करीब भी नहीं होता अगर वह नहीं होते।' गुकेश ने 2020 में स्थापित वेस्टब्रिज आनंद शतरंज अकादमी में अभ्यास किया है।

# बिस्माह ने क्रिकेट से लिया संन्यास



एजेंसी ▶▶ कराची

एक चौकाने वाले फैसले में पाकिस्तान की लोकप्रिय महिला क्रिकेटर और पूर्व कप्तान बिस्माह मारुफ ने गुरुवार को तुरंत प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। 32 वर्ष की बिस्माह ने 2020 में फिटनेस कारणों से और 2021 में बेटी के जन्म के बाद क्रिकेट से लंबा ब्रेक लिया था। बाएं हाथ की बल्लेबाज बिस्माह ने भारत के खिलाफ 2006 में वनडे क्रिकेट में पदार्पण किया था और पाकिस्तान के लिए 276 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले।

उन्होंने 2009 में आयरलैंड के खिलाफ टी20 क्रिकेट में पदार्पण किया। उन्होंने 33 अर्धशतक समेत 6262 अंतरराष्ट्रीय रन बनाए और लेग स्पिन गेंदबाजी से 80 विकेट लिए।बिस्माह ने 50 ओवरों के चार विश्व कप (2009, 2013, 2017 और 2022) खेले और 2022 में टीम की कप्तान भी रहीं । उन्होंने टी20 क्रिकेट में 2009 से 2023 के बीच आठ विश्व कप खेले और 2020 तथा 2023 में टीम की कप्तान रहीं।


### कारोबारियों ने पीएम शहबाज पर बनाया व्यापार बहाल करने का दबाव

# पाक झुका: भारत से वार्ता करने नई दिल्ली की ओर बढ़ाया कदम

*पाकिस्तान कारोबारी नेताओं ने पीएम शहबाज से व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए भारत के साथ व्यापार वार्ता शुरू करने का आग्रह किया। नेताओं ने कहा कि इस कदम से नकदी संकट से जूझ रहे देश की अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। कराची के व्यापारिक समुदाय ने आर्थिक मुद्दों से निपटने के लिए प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प की भी सराहना की।*

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ बैठक के दौरान पाकिस्तान कारोबारी नेताओं ने व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए भारत के साथ व्यापार वार्ता शुरू करने का आग्रह किया। नेताओं ने कहा कि इस कदम से नकदी संकट से जूझ रहे देश की अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। कराची के व्यापारिक समुदाय ने आर्थिक मुद्दों से निपटने के लिए प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प की सराहना की, लेकिन उन्हें अर्थव्यवस्था का कायापलट करने राजनीतिक स्थिरता लाने पर ध्यान केंद्रित करने की भी सलाह दी।



## कारोबारियों ने पीएम शहबाज से की मुलाकात

## कारोबारियों ने कहा, इससे देश की अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा

### व्यापारिक समुदाय ने दिए कई सुझाव

प्रधानमंत्री अर्थव्यवस्था में सुधार के तरीके खोजने के लिए व्यापारिक समुदाय के साथ बैठक कर रहे थे। उद्यमी आरिफ हबीब ने कहा कि कार्यभार संभालने के बाद आपने कुछ हाथ मिलाए हैं, जिनके अच्छे परिणाम सामने हैं। आइएमएफ सौदे पर प्रगति उनमें से एक है। मेरा सुझाव है कि आप कुछ और हाथ मिलाएं।

### अर्थव्यवस्था को फायदा देने के लिए भारत से मिलाओ हाथ

उनमें से एक भारत के साथ व्यापार को लेकर है, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। दूसरा आपको अदियाला जेल में बंद पीटीआइ नेता इमरान खान के साथ भी संबंध सुधारने का प्रयास करना चाहिए। उस स्तर पर भी चीजों को ठीक करने का प्रयास करें। मुझे विश्वास है कि आप यह कर सकते हैं।

### देश भर के व्यापारियों को इस्लामाबाद आमंत्रित करेंगे

बैठक समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री ने आर्थिक पुनरुद्धार के लिए सहयोगात्मक दृष्टिकोण का संकेत देते हुए देश भर के हितधारकों के साथ जुड़ने का अपना संकल्प दोहराया। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने वादा किया कि वो जल्द ही देश भर के व्यापारियों को इस्लामाबाद में आमंत्रित करेंगे और उनके साथ तब तक बैठेंगे जब तक कि सभी मुद्दे हल नहीं हो जाते।

## एनएसए डोभाल की दो टूक... आतंकवाद को रोकने देंगे रूस का साथ




**मास्को।** भारत ने आतंकवादियों की कमर तोड़ने के लिए रूस का हर परिस्थिति में साथ देने का ऐलान किया है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा कि भारत आतंकवादियों और अपराधियों द्वारा सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग को रोकने के लिए रूस का सहयोग करना जारी रखेगा।

आतंकवाद के खिलाफ दो टूक बोलते हुए एनएसए डोभाल ने सूचना सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक खुले, स्थिर, सुरक्षित, विश्वसनीय और समावेशी ढांचे के वास्ते अंतरराष्ट्रीय सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवादियों और अपराधियों द्वारा सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग तथा आतंकवाद के वित्तपोषण को रोकने के लिए सहयोग जारी रखेगा।

*तुरंत हरकत में आया विदेश मंत्रालय*

## भारत के खिलाफ जहर उगलने पर अमेरिका की लगाई क्लास



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मणिपुर सहित भारत के अन्य हिस्सों में मानवाधिकार उल्लंघन की कथित घटनाओं का हवाला देते हुए अमेरिकी विदेश विभाग ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की है। भारत की तरफ से भी इस रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया आई। भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ से इस रिपोर्ट को पक्षपातपूर्ण करार देते हुए कहा गया कि यह भारत की खराब समझ को दर्शाती है और हम इसे कोई महत्व नहीं देते हैं।

अमेरिका सरकार की रिपोर्ट में जातीय संघर्ष के फैलने के बाद मणिपुर में मानवाधिकारों के हनन की घटनाओं पर प्रकाश डाला गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि यह रिपोर्ट पक्षपातपूर्ण है और भारत की खराब समझ को दर्शाती है।

### रिपोर्ट में भारत सरकार की आलोचना

रिपोर्ट के भारत खंड में स्थानीय मानवाधिकार संगठनों, अल्पसंख्यक राजनीतिक दलों और प्रभावित समुदायों ने मणिपुर में हिंसा को रोकने और मानवीय सहायता प्रदान करने में देरी के लिए देश की सरकार की आलोचना की। एक बेवसाइट के कार्यालयों पर कर छापे का जिक्र करते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि इनकम टैक्स अधिकारियों की जांच अनियमितताओं से प्रेरित थी।

### 2002 के गुजरात दंगों का जिक्र

2002 के गुजरात दंगों पर एक डॉक्यूमेंट्री का जिक्र करते हुए अमेरिका के विदेश विभाग ने आरोप लगाया कि सरकार ने डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग पर प्रतिबंध लगाने के लिए आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल किया था। वीडियो लिंक हटाने को मजबूर किया और छात्र प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया था।

### टोही विमान रिमोट से होते थे ऑपरेट

## बाड़मेर में वायुसेना का जासूसी विमान क्रैश



एजेंसी ▶▶ बाड़मेर

भारतीय वायु सेना का एक जासूसी विमान गुरुवार सुबह राजस्थान के जैसलमेर जिले से 30 किमी दूर के रोजानियों की ढाणी जजिया गांव में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि, जनहानि की जानकारी सामने नहीं आई है। वायु सेवा के टोही विमान में कोई पायलट मौजूद नहीं होते हैं और इसे रिमोट के द्वारा ऑपरेट किया जाता है। सीमावर्ती इलाके में जासूसी गतिविधियों के ऊपर निगरानी रखने के लिए इस विमान को काम में लाया जाता है। जैसलमेर के पिथला गांव के पास तेज धमाके के साथ में यह प्लेन क्रैश हुआ है।


तेज धमाका सुनकर आसपास के लोग प्लेन क्रैश वाली जगह पर पहुंचे। प्लेन क्रैश होने के बाद किसी के भी हताहत होने की जानकारी सामने नहीं आई है। हादसे के कारण का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का गठन किया गया है।

### 1993 से लेकर अब तक कई बड़े विमान हादसे

अप्रैल 1993 में इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट 491 दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। ये रनवे पर खड़े ट्रक से टकरा गया था। 1996 में हरियाणा के चखरी दादरी क्षेत्र के ऊपर दो विमान आपस में टकरा गए। इसमें 349 लोगों की जान चली गई। जुलाई 2000 में एलाइंस एयरलाइंस का प्लेन पायलट के नियंत्रण खो जाने के बाद दुर्घटना का शिकार हुआ था। मई 2010 में मंगलौर के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एयर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में 158 लोग मारे गए। और भी कई विमान हादसे हुए।

### 300 एकड़ फैले क्षेत्र में होगा आयोजन

## मुकेश अंबानी की बड़ी तैयारी, बेटे अनंत की शादी के लिए चले लंदन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी! पिछले दो-तीन महीने से हर जगह इस शादी की चर्चा है। शादी से पहले प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन देशभर की सुर्खियों में रहा। मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी 12 जुलाई 2024 को शादी के बंधन में बंध जाएंगे।

अंबानी परिवार की इस शादी के फंक्शन लंदन में 300 एकड़ की एक बड़ी प्रॉपर्टी में आयोजित किए जाएंगे। इस शादी में अंबानी परिवार के करीबी और बॉलीवुड के कुछ सितारों के लिए निमंत्रण भी भेजे जाने शुरू हो गए हैं। 1 से 3 मार्च के बीच गुजरात के जामनगर में देश-दुनिया के सेलिब्रिटीज का मजमा लगा। तीन दिन चली इस बेहद महंगी और खर्चीली सेरेमनी में फेसबुक, माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ, बॉलीवुड के बड़े सितारे और पॉप्युलर क्रिकेटर शामिल हुए। नीता और मुकेश अंबानी के बेटे की प्री-वेडिंग सेरेमनी में 120 मिलियन डॉलर (करीब 1260 करोड़ रुपए) का खर्च आया था। इस इवेंट में दुनियाभर के कलाकारों ने परफॉर्म किया। ग्लोबल स्टार रिहाना ने अपनी परफॉर्मेंस के लिए 60-70 करोड़ रुपए चार्ज किया।




**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda2wheelersindia.com

तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध वास्तविक उत्पाद से भिन्न हो सकता है। उत्पाद में दिखाई गई एक्सेसरीज़ सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं।

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 011-29840621/22, 9266802219; (Adchini) - 011-43073681, 8527996772/73; (Khanpur) - 011-29963627/28, 9266802221; (Saheen Bagh Jamia) - 011-26950016/17, 9266802220; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401, 9311227402; Pragnya Honda (Okhla) - 011-40581600, 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 011-26366952, 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 07947216270, 011-40470000, 9871600730, 9811625338, 9152462887; (RK Puram Sector 1) - 9871600734, 9871500735, 9069145268; Uday Honda (Adchini) - 9212355514, 9212355515; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Raja Garden) - 9811096676, 01145528400 / 8500; (West Patel Nagar) - 9667530598; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 011-69651212, 9212385581/82; (Vikaspuri) - 8447527677, 8506999938/39, 8130988396; (Kakrola Mod) - 9212385537, 9212389007, 8506999936/37; (Vikas Nagar) - 9818826775; Dhingra Honda - (Peeragarhi) - 011-41400000, 9871200045, 9717455880; (Uttam Nagar) - 9717455884/85, 9717394588; (Nangloi) - 9871400045, 9717455883; (Kirari) - 9870200152; Excel Honda (Moti Nagar) - 011-47025801/02, 9999903295; (Mayapuri) - 011-49093930, 9811025879; (Raja Garden) - 011- 45528400/500, 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667530598; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522, 7042294777, 7042294776, 9212670292, 7291998261; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 9599442118, 7290068240; (Rajapuri) 9212670215, 9910364903, 7290068239; (Kapashera) 7290068238, 9910014183; **CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 01143724442, 955500730; (Shastri Nagar) - 8882719494, 9999786767; (Naraina) - 9310059001; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400, 9310008240; (Dilshad Garden) - 011-22131205/06, 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (III Pusta) - 9560734814; Johripur (Shiv Vihar Metro Station) - 7840080191; Swarup Honda (Vikas Marg) - 011-41015710/11/12, 9810806600, 9810268204; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 011-45644444, 9821398522; (Jheel) - 9821398526, 8448131114; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 011-45561871, 8826993152, 8826993150; (Rani Bagh) - 8130093649, 8826993157; (Pitampura) - 8130093651, 8826993162; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648, 8826993156; (Jahangirpuri) - 8130093655; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731/2/7, 8882493100/2; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9599396896; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 0120-4796600, 9999806883; Pioneer One Honda - 4313333, 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 0120-2480666, 8178506905; Parkash Honda (Bhangel) - 9971713314; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 9899828711; The Rainbow Honda (Shyam Nagar Mandi) - 8178274694; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614, 9311322400; Hindon Honda - 9910110017, 9910030484; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166, 9911591166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Shanti Honda (Kulesra) - 8510000845; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519, 9717207234; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 281455, 09568519999; Shri Masha Honda (Sikandrabad) - 8477004028; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 9837098515, 9720088882; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 7536810266; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **KALANAUR:** Kamakshi Honda - 9034655187; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109